▸ वर्ष 72 ▸ अंक 267 ▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 25 जून, 2025
▸ आषाढ़ कृष्ण पक्ष15, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


"नेतृत्व की एक कसौटी यह है कि आप किसी समस्या को आपातस्थिति बनने से पहले पहचान सकें।
– आर्नोल्ड एच. ग्लासो

# 1 जुलाई से महंगा होगा रेल का सफर

## 1000 किमी पर एसी में 20 व नॉन-एसी में 10 रुपए ज्यादा किराया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 1 जुलाई से रेल यात्रा महंगी हो सकती है। रेलवे ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। नॉन-एसी ट्रेनों के लिए प्रति किलोमीटर 1 पैसा और एसी क्लास के लिए 2 पैसे प्रति किलोमीटर किराया बढ़ाया जाएगा। रेलवे ने आखिरी बार 2020 में किराया बढ़ाया था। अब 500 किमी की यात्रा में नॉन-एसी यात्रियों को 5 रुपए ज्यादा और एसी में सफर करने वालों को 10 रुपए ज्यादा देने होंगे।

यह बढ़ोत्तरी सिर्फ लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में लागू होगी। 500 किमी तक की सेकेंड क्लास यात्रा पर कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। यानी छोटी दूरी के यात्रियों को किराया बढ़ोतरी से राहत मिलेगी।

### आधार वेरिफिकेशन भी अनिवार्य

1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया गया है। आईआरसीटीसी पर बुकिंग के लिए आधार लिंक अनिवार्य होगा। इसके बाद 15 जुलाई से ओटीपी आधारित आधार वेरिफिकेशन भी जरूरी होगा। रेलवे के मुताबिक, इससे बोगस बुकिंग पर रोक लगेगी और सही यात्रियों को टिकट मिलेगा।



### कहां कितनी बढ़ोतरी

- नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में प्रति किमी 1 पैसा
- एसी की सभी क्लास यानी एसी-2, एसी-3 और चेयर कार में 2 पैसे प्रति किमी

# पीएफ: 5 लाख तक की निकासी 3 दिन में

## अब मंजूरी के लिए नहीं होगी अधिकारियों के अप्रूवल की जरूरत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएफ खाताधारकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। इमरजेंसी या जरूरत के समय अपने भविष्य निधि (पीएफ) खाते से 5 लाख रुपए तक की रकम मात्र 72 घंटे (3 दिन) में निकाली जा सकेगी। पहले यह लिमिट 1 लाख थी। यह निर्णय केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को सार्वजनिक किया। इस फैसले की मंजूरी 28 मार्च को श्रीनगर में ईपीएफओ की कार्यकारी समिति की 113वीं बैठक में दी गई थी। इसके तहत ऑटो-सेटलमेंट प्रणाली को और सशक्त बनाया गया है ताकि कर्मचारी बिना किसी अफसर की अनुमति के तेजी से पैसा निकाल सकें। इस सुविधा के तहत ऑटो सेटलमेंट की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### मैनुअल सेटलमेंट का विकल्प भी

कुछ बड़े या जटिल क्लेम के मामलों में मैनुअल सेटलमेंट की व्यवस्था बनी रहेगी। इसमें ऑनलाइन/ऑफलाइन फॉर्म (फॉर्म 19, 31, 10 सी आदि) भरना होता है। हालांकि क्लेम पूरी तरह कंप्यूटर प्रोसेस से किया जाएगा। यदि आपका यूएएन आधार, पैन और बैंक खाते से लिंक है और केवाईसी पूरी तरह अपडेटेड है, तो क्लेम बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के पास हो जाएगा।




### जल्द ही एटीएम भी

- विड्रॉल कार्ड मिलेगा, जो एटीएम की तरह होगा।
- इससे तय सीमा तक रकम निकाली जा सकेगी।
- यूपीआई लिंक की सुविधा भी दी जाएगी।



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने दो शतक लगाए!

## ऑफ बीट

### 22 साल से साफ नहीं किया अपना मेकअप



*मेकअप लगाना हर महिला का शौक होता है, जो खूबसूरती को निखारने का काम करता है। कोई भी महिला बिना मेकअप साफ किए सोने नहीं जाती, क्योंकि उससे संक्रमण और त्वचा संबंधी समस्याएं होने का डर रहता है। हालांकि, क्या हो अगर कोई महिला सालों-साल अपना मेकअप ही न उतारे? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन चीन की एक महिला ने असल में ऐसा किया है। इस महिला ने पिछले 22 सालों से अपना मेकअप नहीं साफ किया है। सोशल मीडिया पर उसे नियूयूमियान नाम से जाना जाता है। 37 साल की इन्फ्लुएंसर हैं, जिनके करीब 30,000 प्रशंसक हैं। उन्होंने जून की शुरुआत में अकाउंट पर पोस्ट साझा की थी, जिसे देखकर सभी लोग दंग रह गए थे।*

**ईरान-इजराइल संघर्ष:** ट्रंप की चेतावनी के बावजूद दोनों पक्षों ने फिर की बमबारी, दागीं मिसाइलें

# महज ढाई घंटे में टूटा सीजफायर

- **3.32 बजे** ट्रंप की घोषणा कि दोनों पक्ष सीजफायर पर सहमत हैं।
- **10.38 बजे** ट्रंप का पोस्ट-'सीजफायर लागू। प्लीज इसे न तोड़ें।'
- **11.15 बजे** ईरान ने बीर्शेबा पर मिसाइलें दागीं, पांच मौतें, 20 घायल।
- **12.30 बजे** इजराइल ने तेहरान पर एयर स्ट्राइक की। रडार साइट तबाह।
- **शाम 7 बजे** नेतन्याहू ने ट्रंप से बातचीत के बाद आगे की कार्रवाई को रोक दिया।
- **शाम 8 बजे** पूरे तेहरान में 'विक्ट्री सेलिब्रेशन' का आयोजन।

**तेहरान/ तेल अवीव/ वॉशिंगटन/ दोहा, जेएनएन।** मंगलवार सुबह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजराइल सीजफायर की घोषणा की, तो पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली। लेकिन यह शांति महज ढाई घंटे चल पाई। सुबह 10.38 बजे ट्रंप के सोशल मीडिया पर पोस्ट के थोड़ी देर बाद ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। जवाब में इजराइल ने तेहरान पर एयर स्ट्राइक कर दी। बीर्शेबा शहर में एक मिसाइल एक इमारत पर गिरी और इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हुए। इसके जवाब में नेतन्याहू ने तेहरान के पास रडार साइट पर हमला करने का आदेश दिया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने 'ट्रूथ सोशल' पर चेतावनी देते हुए लिखा, 'इजराइल, अब बम न गिराए, अपने पायलटों को वापस बुलाएं। अभी।' तेहरान में हमलों के बाद धमाकों की आवाजें सुनाई दीं और राजधानी के आसमान में ईरानी एयर डिफेंस सक्रिय हुआ। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बाद में बताया कि ट्रंप से बातचीत के बाद इजराइल ने आगे के हमले रोक दिए।

इधर, ईरानी राष्ट्रपति ने मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बातचीत में कहा कि अगर इजराइल सीजफायर का उल्लंघन नहीं करता, तो ईरान भी इसका सम्मान करेगा। इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने कहा कि उन्होंने सीजफायर लागू होने से कुछ समय पहले इजराइली सैन्य ठिकानों पर 14 मिसाइलें दागीं और इजराइल को 'ऐतिहासिक सबक' सिखाया।ईरान और इजराइल के बीच 12 दिन से जारी इस संघर्ष के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### इजराइल पर अमेरिका का दबाव तो ईरान से बातचीत में कतर निभा रहा भूमिका



राष्ट्रपति मसूद ने कहा, 'अगर इजराइल सीजफायर का पालन करता है, तो हम भी करेंगे।' इजराइल की कार्रवाई में 14 वैज्ञानिक और आईआरजीसी के डिप्टी इंटेलिजेंस चीफ अली रजा लतीफी मारे गए।



नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा, 'हम हमला नहीं रोक सकते, ईरान ने पहले सीजफायर तोड़ा।' बीर्शेबा पर ईरानी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई की। सेना ने बताया कि ईरान ने अब तक 550 बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ीं।



सीजफायर की घोषणा ट्रम्प ने की। उन्होंने इजराइल से कहा कि हमला रोकें। कुछ घंटों बाद नेतन्याहू ने हमले रोके। ट्रम्प ने कहा, 'चीन अब ईरान से तेल खरीद सकता है, उम्मीद है वे अमेरिका से भी तेल लेंगे।'



कतर ने समझौते में मध्यस्थता निभाई। कतर आम तौर पर अपनी मध्यस्थता की क्षमता के लिए जाना जाता है। बताया जा रहा है कि कतर ने इस तनाव को सुलझाने में सीधे या परोक्ष रूप से शामिल था।

**पश्चिमी मध्य प्रदेश पर मानसून ज्यादा मेहरबान**

# अब तक औसत से 24 मिमी ज्यादा गिरा पानी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में मानसून अपने शुरुआती दिनों में ही बंपर बारिश कर रहा है। पश्चिमी और पूर्वी मप्र में बारिश का आंकड़ा औसत से ज्यादा रिकार्ड किया जा चुका है। मौसम केंद्र के मुताबिक, मप्र में अब तक 108.8 मिली मीटर पानी बरस चुका है। जबकि जून 23 तक औसत वर्षा का आंकड़ा 84.8 मिली मीटर है। यानी मानसून के पहले आठ दिन में ही 24 मिली मीटर ज्यादा पानी बरस चुका है। फिलहाल प्रदेश में बारिश का यह दौर जारी रहेगा।

बीते 24 घंटे में मप्र के कई जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई है। इनमें मुख्य रूप से श्योपुरकलां, शिवपुरी, निवाड़ी, उमरिया, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी जिले शामिल हैं। सबसे ज्यादा बारिश श्योपुरकलां के कराहल में दर्ज की गई है। यहां बारिश का आंकड़ा 122.5 एमएम रहा है। इसके बाद शिवपुरी जिले के कोलारस में 115 मिली मीटर बारिश हुई है। भोपाल में अब 53.6 मिली मीटर बारिश हुई है, जबकि 88 मिली मीटर होना अपेक्षित था।

## सूरत में बाढ़ जैसे हालात, यूपी में रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली/लखनऊ, जेएनएन।** गुजरात में 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। सूरत में 24 घंटे में 10 इंच बारिश दर्ज की गई है। शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। शहर के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में जून में बारिश का 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। 1971 से 2020 के बीच हुई औसत बारिश के मुकाबले इस साल 25 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। दक्षिण पश्चिम मानसून ने मंगलवार को हरियाणा में भी एंट्री कर ली। इसके साथ ही दिल्ली को छोड़कर मानसून सभी राज्यों में पहुंच गया है।

# गाय बचाने कुएं में उतरे 6 युवक, पांच की मौत

**गुना के धरनावदा में दर्दनाक हादसा**

**जागरण, गुना।** प्रदेश के गुना जिले के धरनावदा कस्बे में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। कुएं में गिरी गाय को निकालने छह युवक कुएं में उतरे लेकिन अंदर मौजूद जहरीली गैस में फंस गए। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो युवकों ने दम तोड़ दिया, एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक पुराने कुएं में गाय का बछड़ा गिर गया। बछड़े को बचाने की कोशिश में मन्नू कुशवाह कुएं में उतरा। कुछ ही देर में वह जहरीली गैस की चपेट में आ गया और चिल्लाने लगा कि नीचे दम घुट रहा है। वह बेहोश हो गया। मन्नू को बचाने सोनू उतरा, और वह भी बेहोश होने लगा। उसे बचाने गया पवन भी चिल्लाया कि उसे बाहर निकालें। बचाव के लिए तीन और लोग उतरे, लेकिन सभी बेहोश होने लगे। लोगों ने रस्सी बांधकर खटिया कुएं में डाली और किसी तरह पवन को बाहर निकाला। इसके बाद मन्नू, सोनू और सहरिया युवक को भी बाहर निकाला और सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया।



घटना में सिद्धार्थ सहरिया (25), गुरुदयाल ओझा (40), शिवचरण साहू (40), सोनू कुशवाह (28), मन्नू कुशवाह (35) की मौत हो गई, जबकि पवन कुशवाह को पहले ही बाहर निकाल लिया था, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर कलेक्टर किशोर कन्याल, एसपी अंकित सोनी पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर की गाड़ी घेर ली, शिकायत थी कि वे दूर से कुएं पर पहुंचे, लेकिन पुलिस समय पर नहीं आई। बताया जाता है कि कुआं 70 फीट गहरा था और उसमें 12 फिट पानी था।

## विस सत्र 28 जुलाई से

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होगा। यह सत्र 12 दिन का होगा, जिसमें 10 बैठकें होंगी। इस दौरान वित्त वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। राज्यपाल से स्वीकृति मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। बताया गया है कि 10 बैठकों वाला यह सत्र 8 अगस्त तक चलेगा। अनुपूरक बजट के लिए सभी विभाग प्रमुखों से प्रस्ताव मांगे गए थे। निर्देश दिया गया था कि प्रस्ताव में वाहन खरीदने के लिए बजट की मांग नहीं की जाए। जनहित से जुड़ी योजनाओं के लिए अतिरिक्त ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# क्षेत्रीय परिषद संघवाद की अभिव्यक्ति: सीएम



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने न केवल आंतरिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को सम्मानजनक मान्यता मिली है। मुख्यमंत्री मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में सहभागिता कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत विकसित भारत 2047 के जिस मार्ग पर चल रहा है, उसमें राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद् और क्षेत्रीय परिषद जैसे तंत्र ने इन्हें केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम बने हैं। क्षेत्रीय परिषद केवल प्रशासनिक विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि सहकारी संघवाद की अभिव्यक्ति है।

बैठक में सीएम ने प्रदेश की उपलब्धियों और विकास संबंधी जानकारियां प्रस्तुत कीं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी की 9 वर्षों से पदोन्नतियां रुकी हुई थीं। इसका निराकरण करते हुए लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 स्वीकृत किए हैं। शहरी क्षेत्र को नीति आयोग के ग्रोथ हब मॉडल के अनुरूप औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# लोकतंत्र महज वोट देने का अधिकार नहीं, सवाल पूछने की संस्कृति भी है

**आपातकाल के 50 साल पूरे**

**विशेष टिप्पणी**


अजीत सिंह

25 जून 1975 को जब देश गहरी नींद में सो रहा था, तब लोकतंत्र को हथकड़ी पहनाई जा रही थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आधी रात को देश में आपातकाल की घोषणा कर दी - यह भारतीय लोकतंत्र के माथे पर लगा सबसे गहरा धब्बा था, जिसकी छाया आज, 50 वर्ष बाद भी हमारी चेतना पर बनी हुई है। तब कहा गया था कि देश की सुरक्षा खतरे में है, लेकिन सच्चाई यह थी कि सत्ता खतरे में थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध ठहराने के बाद उनकी कुर्सी खतरे में आ गई थी। देशभर में जयप्रकाश नारायण (जेपी) के नेतृत्व में जो आंदोलन उभरा, उसने इंदिरा सरकार को हिला दिया। जवाब में आया - संविधान का अनुच्छेद 352 और उसके तहत देशव्यापी आपातकाल।

दरअसल, इस आपातकाल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार यह दिखाया कि कैसे लोकतंत्रिक संस्थाएं भी सत्ता के आगे झुक सकती हैं। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी जा सकती है। न्यायपालिका को कमिटेड बनाया जा सकता है। हजारों राजनीतिक कार्यकर्ता जेलों में ठूंस दिए गए। जेपी, जॉर्ज फर्नांडिस, चंद्रशेखर, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेता महीनो बिना मुकदमा जेल में रहे। मीसा और डीआईआर जैसे काले कानून आम नागरिकों पर चलाए गए। इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी की छत्रछाया में नसबंदी जैसे अमानवीय अभियान चलाए गए। गरीबों को बलात सैन्य ट्रकों में भरकर ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। यही नहीं, दिल्ली के झुग्गी-झोपड़ियों को बुलडोजरों से उजाड़ा गया - वह भी विकास के नाम पर।

इसका अंत 1977 के चुनावों में हुआ, जब जनता ने सत्ता को करारा जवाब दिया। इंदिरा और संजय गांधी दोनों चुनाव हार गए। जनता पार्टी सत्ता में आई। लोकतंत्र फिर बहाल हुआ। लेकिन लाख टके का सवाल है-क्या हमनें उस दौर से कुछ सीखा? आज 50 वर्ष बाद आपातकाल का स्मरण महज अतीत को कोसने के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को परखने के लिए जरूरी है। क्या आज भी प्रेस पूरी तरह स्वतंत्र है? क्या जांच एजेंसियां राजनीतिक निर्देशों पर नहीं चल रहीं? क्या विरोध को राष्ट्रद्रोह कह कर चुप नहीं कराया जा रहा? क्या संसद में विपक्ष की आवाज को जगह मिल रही है? क्या न्यायपालिका में सत्ता से टकराने का नैतिक साहस बचा है? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या नागरिक खुद सत्ता से सवाल करने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं? क्योंकि लोकतंत्र महज वोट देने का अधिकार नहीं, सवाल पूछने की संस्कृति भी है।

आपातकाल की 50वीं बरसी हमें याद दिलाती है कि लोकतंत्र स्थायी नहीं, सतत संघर्ष से सुरक्षित किया जाता है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# माता-पिता के जन्मदिन को यादगार बनाने करें पौधरोपण : विक्रम सिंह

## पूर्व राज्य मंत्री की जन्म जयंती पर लोगों ने अर्पित की पुष्पांजलि



**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री एवं रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह के पूज्य पिता स्वण्हर्ष सिंह की जन्म जयंती पर विधायक कार्यालय रामपुर बाघेलान में सभी आगंतुकों के साथ विधायक विक्रम सिंह ने उन्हें याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की और कहा आज मैं जो कुछ भी हूं आपने पूज्य माता और पिता के आशीर्वाद से हूँ जिससे रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र की जनता का मुझे सदैव आशीर्वाद प्राप्त होता है और मैं हर सुख दुख में क्षेत्र की जनता के साथ खड़े होने का प्रयास करता हूं साथ ही क्षेत्र वासियों को यह संदेश देना चाहता हूं कि दिन की शुरुआत अपने माता.पिता के श्री चरणों को नमन करते हुए करें तो जीवन धन्य हो जाता है और आत्मिक शांति मिलती है और किसी भी मुश्किल समय में उनके ना रहने के बाद भी उनकी याद मात्र से कठिन से कठिन कार्य सिद्ध हो जाते हैं पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय हर्ष नारायण सिंह की जन्म जयंती पर क्षेत्रीय लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### ऐसे दिन को यादगार बनाने करें पौधरोपण

पूर्व राज्य मंत्री स्व.हर्ष नारायण सिंह की जन्म जयंती पर विधायक विक्रम सिंह ने रामपुर बाघेलान नगर परिषद स्थित उद्यान में अपने पूज्य पिता की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी याद में ष्एक पेड़ पिता के नामष् और ष्एक पेड़ मां के नामष् पौधारोपण करते हुए लोगों को संदेश दिया कि ऐसे अवसरों पर पौधारोपण करें और उन पौधों को तैयार करने का दृढ़ निश्चय करें जिससे यह दिन यादगार तो बनेगा ही साथ ही हमारे आसपास की जलवायु भी स्वच्छ और पवन रहेगी और सभी से आग्रह भी किया की आप अपने पिता या मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाए।

### ये रहे उपस्थित

पुष्पांजलि सभा एवम बृक्षारोपण में विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी नगर परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार कोल पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर नगर परिषद सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार संतोष सिंह जितेंद्र मिश्रा पार्षद मोण्इसहाक पार्षद शिवांक त्रिपाठी उमेश विश्वकर्मा दिलीप सोनी टोनी अजीत सिंह शंकर केसर अरुण गुप्ता पप्पू सरपंच बृजेश सेन शिवमोहन सिंह लाला कुबेर ताम्रकार गंगा सिंह पवन गौतम जितेंद्र गुप्ता रामप्रसाद कोल संदीप गौतम सफ़ीरुद्दीन सिद्दीकी संदीप वर्मा राजीव सिंह राम विश्वास कुशवाहा आकाशदीप प्रह्लाद सिंह संजय सेन इसराइल सौदागर अमर सिंह बद्री प्रसाद द्विवेदी रवी साहू सहित नगर परिषद कर्मचारियों के साथ सैकड़ो गणमान्य लोग पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय हर्ष नारायण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

# शक्ति और साधना का पर्व गुप्त नवरात्रि



**जागरण, अमदरा ।** परम पूज्य गुरुदेव मेरे राम पौड़ी धाम के पीठाधीश्वर गुरु जी की प्रेरणा से ज्योतिषचार्य ओम जी महाराज ने बताया गुप्त नवरात्रि 26 जून से 4 जुलाई तक गुप्त नवरात्रि विशेष कर तांत्रिक क्रियाएं शक्तिशाधना आदि से जुड़े लोगों के लिए अत्यधिक विशेष महत्व रखती है इस दौरान देवी भगवती के साधक बेहद कड़े नियम के साथ व्रत और साधना करते हैं और दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति करने का प्रयास करते हैं गुप्त नवरात्रि में विशेष कर दुर्गा सप्तशती का पाठ देवी भागवत या दुर्गा चालीसा का पाठ करना अत्यधिक शुभ माना जाता है इसके अतिरिक्त 10 महाविद्याओं में से किसी एक की साधना करना भी अत्यधिक लाभकारी होता है । सनातन धर्म में नवरात्र का पर्व बहुत शुभ माना जाता है यह मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित है गुप्त नवरात्रि को तंत्र मंत्र सिद्धि साधना और गुप्त शक्तियों के लिए विशेष माना जाता है इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती कठिन उपवास करने से सभी तरह के रोग दोष दूर हो जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार 26 जून को नवरात्रि प्रारंभ हो जाएगी गुप्त नवरात्रि में घट स्थापना का विशेष मुहूर्त सुबह 5:25 से 6: 58 तक और अभिजीत मुहूर्त 11:56 से 12:52 यह अधिक विशेष मुहूर्त है इसी मुहूर्त पर घट स्थापना कर भक्त पूजन पाठ प्रारंभ कर सकते हैं । गुप्त नवरात्रि में की गई साधना जन्म कुंडली के दोस्तों को दूर करने और मनवांछित फल प्राप्त करने में सहायक होती है तंत्र.मंत्र की साधना करने से विशेष फल प्राप्त होता है गुप्त नवरात्रि में संयम और आत्म नियंत्रण का महत्व है जिससे साधक को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है और और कठिन साधना करने पर साधक को शक्तिमान सिद्धि भी प्राप्त हो सकती है ।

## बाबूपुर में तीन तो सभापुर में 10 आटों जप्त



**सतना।** मंगलवार को आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने अवैध रूप से चल रही आटो के विरूद्ध कार्यवाही का अभियान छेड दिया बताया जाता है कि उन्होने बिना परमिट , बिना फिटनेस और बगैर बीमा के चल रहे कई आटो को पकडकर थाने में खड़ा काया है। जानकारी के मुताबिक आरटीओ ने तीन आटो पकड़ कर बाबूपुर में चौकी में खडा कराया है जबकि सभापुर थाना में 10 आटो जप्त कर खडी कराई गई है। जानकारी के मुताबिक आरटीओ संजय श्रीवास्तव की इस कार्यवाही के बाद तकरीबन 60 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त होगा उन्होने इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# नगर निगम की जन सुनवाई में आये 38 आवेदन




**जागरण, सतना।** मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जन सुनवाई के दौरान 38 आवेदन प्राप्त हुए । महापौर योगेश ताम्रकार निगमायुक्त शेर सिंह मीना व स्पीकर राजेश चतुर्वेदी की उपस्थिति में जन सुनवाई के आयोजन 11 बजे दिन से दोपहर 1 बजे तक किया गया । इस दौरान सामान्य प्रशासन से संबंधित 2 आवेदन अतिक्रमण से संबंधित 5 जलप्रदाय शाखा से संबंधित 2 जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 03 प्रधानमंत्री आवास योजना के 9 आवेदन एवं विकास कार्य से संबंधित 17 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संविधान सत्याग्रह के तहत आयोजित किया चौपाल कार्यक्रम



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खण्ड पीठ परिसर में प्रस्तावित डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने हेतु ग्राम पंचायत कंचनपुर वार्ड क्रमांक 10 में ष्संविधान सत्याग्रह के तहत चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नलिनेन्द् मिश्रा एवं रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने संविधान के तहत प्राप्त शक्तियों का उल्लेख करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करना चाहती है किंतु कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी हरिजन,आदिवासी दलित एवं दबे कुचलों की लड़ाई पूरी ताकत के साथ लड़ने के लिए खड़े हैं । जरूरत है आप सबको उनकी भावना समझने और कांग्रेस के साथ खड़े होने की आगे नलिनेन्द् मिश्रा एवं श्रीमती कल्पना वर्मा ने वहां उपस्थित युवाओं का आवाहन करते हुए उन्हें पढ़ने लिखने और नशा से दूर रहने की हिदायत देते हुए शिक्षा की ताकत को रेखांकित किया । चौपाल कार्यक्रम में ब्लॉक संगठन मंत्री विनय सिंह गुड्डा भैसबार मंडलम अध्यक्ष सतीश पान्डेय राजा, रनेही मंडलम अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह चंदेल बठिया मंडलम अध्यक्ष जैय मिश्रा पूर्व जनपद सदस्य सुदामा प्रजापति कोठी ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह दादू हाटी मंडलम अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम का संचालन सुनील चौधरी गुड्डा ने किया। तो आभार व्यक्त किया सुरेन्द्र वर्मा ने किया।

# सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना एक क्रांतिकारी कदम : अनिल चौधरी




**जागरण, सतना।** नागौद विधानसभा क्षेत्र के उचेहरा में संगठन सृजन अभियान की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अनिल चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक विनय सक्सेना के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक अनिल चौधरी ने जातिगत जनगणना में राहुल गांधी को धन्यवाद ज्ञापित किया श्री चौधरी ने कहा की जातिगत जनगणना भारत के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है राहुल गांधी के अथक प्रयासों और दबाव ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर लाकर सरकार को इसे स्वीकार करने के लिए मजबूर किया उनके विजन और नेतृत्व के लिए हम सब उन्हें धन्यवाद देते हैं क्योंकि यह कदम लाखों वंचित लोगों के लिए न्याय और समानता का मार्ग प्रशस्त करेगा जातिगत जनगणना से न केवल सामाजिक असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी बल्कि यह देश में एक नए विकास प्रतिमान की नीव भी रखेगी श्री चौधरी ने संगठन सृजन अभियान के संबंध में सतना शहर एवं ग्रामीण के कार्यकर्ताओं एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों से पृथक पृथक चर्चा की एवं संगठन को निचले स्तर से खड़ा करने पर बल दिया पर्यवेक्षक श्री चौधरी ने जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के अध्यक्षों से भी अध्यक्ष पद के दावेदारों के संबंध में प्रथक.प्रथक चर्चाएं की एवं सभी दावेदारों के संबंध में ग्रास रूट स्तर पर जानकारियां कलेक्ट की बैठक को प्रदेश प्रभारी विनय सक्सेना एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में विधानसभा के प्रत्याशी रश्मि सिंह पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह लक्ष्मी दीन कुशवाहा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हरीश ताम्रकार रमाकांत मिश्रा प्रदीप समदड़िया गुरमेंद्र सिंह राम मणि शुक्ला आदित्य प्रताप सिंह वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का सांसद गणेश सिंह ने किया अनावरण



**जागरण, सतना।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 462 वें बलिदान दिवस पर मंगलवार को मझगवां के पटना में सांसद गणेश सिंह के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया गया। सर्वप्रथम सांसद श्री सिंह द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई। तदोपरांत उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उनके बलिदान दिवस पर उनकी राष्ट्रभक्ति एवं उनके कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। सांसद श्री सिंह ने कहा कि उत्कृष्ट युद्ध कौशल में परायण वीरांगना रानी दुर्गावती जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। वीरांगनाओं एवं वीरों की यह धरा सदैव ही गौरवशाली रही है उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास है और प्राचीन संस्कृति भी है। हजारों साल देश गुलाम था गुलामी के खिलाफ पहला संग्राम पहली जंग जानजाति समाज के महापुरुषों ने ही छेड़ी थी। इतिहास कहता है देश के मूल निवासी जनजाति समाज के लोग ही है। उनकी ही संस्कृति भारत की विरासत है।

# भाजपा जिला कार्यालय में आपातकाल के 50 वर्ष काला दिवस पर जिला संगोष्ठी आज

**जागरण, सतना।** भारतीय जनता पार्टी सतना द्वारा 50 वर्ष पूर्व लगाए गए आपातकाल की भयावहता और कांग्रेस शासनकाल के काले अध्याय को जनमानस के समक्ष लाने हेतु एक जिला संगोष्ठी का आयोजन 25 जून दिन बुधवार प्रातः 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय सतना में किया गया है। इस संगोष्ठी के 'मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी एवं रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय' करेंगे। संगोष्ठी में जिले के प्रबुद्धजन एवं कार्यकर्ताओं को सादर आमंत्रित किया गया है। भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत गौतम' ने बताया कि भारत के इतिहास में इमरजेंसी का कलंकए सतना में लगी प्रदर्शनी 25 जून आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष के निमित्त भाजपा जिला कार्यालय के साथ साथ प्रमुख स्थानों में भी आपात काल के बैनर होर्डिंग लगाए गए हैं भाजपा द्वारा आपातकाल की प्रदर्शनी का लोकार्पण भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया जाएगा । 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार ने स्वार्थपूर्ति के लिए नागरिकों की स्वतंत्रता संसदीय व्यवस्था न्यायपालिका एवं स्वतंत्र मीडिया पर सबसे कठोर आघात किया था। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्श्यामू श् ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता हेतु पांच सदस्यीय टोली का गठन किया गया हैए जिसमें जिला संयोजक जिला महामंत्री रमाकांत गौतमए सह.संयोजक जय प्रताप गुप्ता एवं सदस्य मुरारी सोनीए सीमा सिंह व राजनारायण तिवारी शामिल हैं। यह संगोष्ठी न केवल इतिहास के महत्वपूर्ण पक्षों को उजागर करेगीए बल्कि आपातकाल की त्रासदी को आज की पीढ़ी के सामने लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है।

## योग दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**सतना।** अदाणी फर्म.पिक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुफरी शिमला स्थित एडवेंचर रिसॉर्ट में पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। रामपुर रोहड़ू व सैंज से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में योग की महत्ता को समझाते हुए सभी परिवारों के लिए एक विशेष योग सत्र रखा गयाए जहाँ तन और मन की शांति का अनुभव कराया गया। योग न केवल स्वास्थ्य का आधार है बल्कि परिवारों को भी मानसिक रूप से जोड़ता है। इसके अलावा मस्ती भरी गतिविधियाँ और खेलों ने दिन को और भी अधिक आनंदमय बना दिया।

## बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने संविधान सत्याग्रह का आयोजन



**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझगवां द्वारा ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में बाबासाहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर मझगवां नईबस्ती में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चौपाल कार्यक्रम एवं संविधान सत्याग्रह का आयोजन किया गया इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझगवां के अध्यक्ष राजेंन्द्र प्रसाद गर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव संतोष कुमार चतुर्वेदी रामनरेश तिवारी हेमलता सिंह राम भजन द्विवेदी शैलेन्द्र मिश्रा सुनील कुमार दुबे राजकरण पाठक योगेंद्र तिवारी लालबहादुर गर्ग आनन्द कुमार गर्ग सीता शरण त्रिपाठी बाबूलाल वर्मा भानु प्रकाश उरमालिया भोलादीन केवट जग प्रसाद वर्मा समय लाल वर्मा प्रेमलाल बुनकर नरेंद्र पयासी रामनरेश पयासी डेविड लॉरेंस छेदीलाल बसोर रामकुमार उरमालिया बबुआ आरख केशरी यादव शिवनारायण यादव शिवकुमार आदि उपस्थित रहे।

# दो दिन बीतने के बाद भी राहुल अग्रवाल का कोई पता नहीं है

## पुलिस प्रशासन की शरण में पहुंचे परिवार एवं समाज के लोग



**जागरण, सतना।** सर्किट हाउस स्थित गायत्री मंदिर के पास रहने वाले राहुल अग्रवाल उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश अग्रवाल माता श्रीमती सरला अग्रवाल 23 जून सोमवार सुबह 9 बजे अपने प्रतिष्ठान टिकुरिया टोला के लिए घर से रोज की तरह अपना पिट्ठू बैग एवं टिफिन लेकर निकलेए इसके बाद राहुल न तो अपने प्रतिष्ठान ऑफिस पहुंचेए न ही कहीं उनका पता चला। देर शाम होते.होते उनके परिजनों ने सब जगह यार.दोस्तए नात.रिश्तेदारए पड़ोसी एवं आसपास पूरे शहर में पता लगाया। कहीं भी राहुल का पता नहीं चला। उसके बाद उनके माता.पिता एवं मामजी पीडी अग्रवाल हाटी वालों ने उनके गुमसुदगी की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई। किंतु दो दिन का समय बीत जाने के बाद भी उनका कहीं सुराख नहीं लगा। आज 24 जून को सुबह 11 बजे परिवार एवं समाज के लोग एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आवेदन देने पहुंचेए तब आवेदन नगर पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त कर आगे कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से श्रीमती शोभा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सरला अग्रवाल,पीडी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल,पूरन कुशवाह, पुरुषोत्तम अग्रवाल कान्हा सिंह, राजू सिंह परिहार,कृष्ण मुरारी अग्रवाल,ओम प्रकाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सिल्लू अग्रवाल, अनुराग पटनहा, संतोष अग्रवाल, मनीष गोयल, रोहित अग्रवाल, राजेंद्र त्रिपाठी, कमलेश्वर अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, मोहित अग्रवाल,विनीत अग्रवाल, रोहिणी अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, पंकज शर्मा, सोनू अग्रवाल,सुमित अग्रवाल आदि सम्मिलित रहे। विदित होगी राहुल अग्रवाल अपने परिवार का इकलौता लड़का है उसके लापता होने से उनके मां.बाप का रो.रो कर बुरा हाल है एवं उनके परिचित एवं नात.रिश्तेदार एवं मित्रगण तथा पूरा अग्रवाल समाज चिंतित है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि शीघ्र ही राहुल अग्रवाल को ढूंढ कर परिवार जनों को सौप जाए।

# अदाणी समूह के कर्मचारियों ने किया 855 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान

**जागरण, बैढ़न।** अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एवं अदाणी पावर के कर्मचारियों द्वारा आज कुल 855 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड के प्रोजेक्टए ऑपरेशन्स एवं मैंटनेंस के कर्मचारियों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला अस्पताल सीधी एवं वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना के सहयोग से दो दिवसीय शिविर का आयोजन कर 750 यूनिट रक्तदान किया। जबकि सरई तहसील अन्तर्गत झलरी गांव स्थित एमएफ बिल्डिंग में डॉ राजेश चौधरी के नेतृत्व में अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के सहयोग से आयोजित शिविर में 105 यूनिट रक्तदान किया गया। उल्लेखनीय है कि अदाणी समूह अपने चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस 24 जून को अदाणी दिवस के रूप में मनाता है। इस मौके पर हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है। गौरतलब है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली की तरफ से अदाणी ग्रुप को विगत वर्ष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के जरिए जिले में सर्वाधिक 718 यूनिट रक्तदान का प्रशंसनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली की तरफ से अदाणी ग्रुप को विगत वर्ष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के जरिए जिले में सर्वाधिक 718 यूनिट रक्तदान का प्रशंसनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था।

## राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने दिया सहायक मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण



**सतना ।** राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा सहायक मास्टर ट्रेनरों को अनुभागीय अधिकारी निर्वाचन अधिकारी आर एन खरे की उपस्थिति में सहायक ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार नए निर्देशों के तहत अब वही बी एल ओ बन सकेंगे जिनका नाम उस जगह की मतदाता सूची में होगा ऐसा नहीं होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बी एल ओ की जवाबदारी सौंपी जाएगी। आयोजित प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारीध्निर्वाचन अधिकारी आरएन खरे नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह जयसूर मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र निगम सहायक मास्टर ट्रेनर रामदास प्रजापति उमेश कुमार मिश्रा सहायक प्रोग्रामर रावेन्द्र सिंह प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 25 जून 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.54 अस्त : आज
05.15 उदय : कल

शहर का तापमान
32.0 ⁰ अधिकत
26.0 ⁰ न्यूनतम



# टाइगर रिजर्व से होना है 23 गांवों का विस्थापन

जागरण टाइगर

## 20 गांवों में भुगतान की नहीं शुरू हो सकी प्रक्रिया

### 11 गांवों के विस्थापितों का हो चुका है भुगतान



जागरण, सीधी

संजय टाइगर रिजर्व में विस्थापन के लिए चिन्हित किए गए 54 गांवों में अब केवल 23 गांवों का ही विस्थापन होना है। 20 गांवों में पैकेज समेत विस्थापितों को सभी भुगतान किया जा चुका है। इनमें से काफी लोग अपना गांव छोंड़कर अन्यत्र जा भी चुके हैं। कुछ ग्रामीण जाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं 11 गांवों में विस्थापन पैकेज एवं भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। उधर संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र के कोर एरिया में विस्थापन न होने से इसका परिणाम वन्य प्राणियों के साथ ही कोर एरिया में बसे गांव के लोगों भी भुगतना पड़ रहा है। वन्य प्राणियों को जहां विचरण के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है। वहीं विस्थापन के लिए चिन्हित गांवों में रहने वाले परिवारों को जंगली जानवरों के हमले का शिकार होना पड़ता है। बताते चलें कि संजय टाइगर रिजर्व अंतर्गत कोर जोन में बसे 54 गांवों को विस्थापन के लिए चिह्नित किया गया था। विभागीय दावों के अनुसार अब तक 20 गांवों का विस्थापन हो चुका है। पहला विस्थापन ग्राम कंजरा का वर्ष 2013-14 में हुआ था। इसके बाद क्रमशः कई गांव विस्थापित किए जा चुके हैं, लेकिन करीब एक दर्जन को छोड़ दिया जाए तो सभी विस्थापित गांव पूरी तरह से इंसानी दखल से मुक्त नहीं हो पाए हैं। अभी भी कई विस्थापित गांवों के कुछ परिवार गांव छोडकर नहीं गए हैं। घर गिराने के बाद भी लोग झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं और यहीं खेती बाड़ी का काम करते हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विस्थापन में तेजी न आने का सबसे बड़ा कारण राजस्व विभाग का सहयोग न मिलना बताया जा रहा है। संजय टाइगर रिजर्व एरिया के विस्थापन के चिन्हित गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया कछुए की गति से चल रही है। पहला गांव कंजरा वर्ष 2013-14 में विस्थापित हो गया था। उसके बाद से अब तक महज 20 और गांव विस्थापित हो पाए हैं। विस्थापन की प्रक्रिया धीमी गति से चलने के कारण विस्थापित गांवों में दुबारा बसाहट बढने लगी है। लोग गांव में झोपड़ी बनाकर रहते हैं। विस्थापन को लेकर सबसे बड़ी समस्या निर्धारित पैकेज राशि थी। शासन स्तर से मूल निवासी परिवार को विस्थापन के लिए 15 लाख रुपए का पैकेज निर्धारित किया गया था। तत्संबंध में जानकारों का कहना है कि संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में विस्थापन की प्रक्रिया में सबसे बड़ी रुकावट क्षेत्रीय सियासत भी है। जब भी यहां विस्थापन की प्रक्रिया तेज की जाती है यहां फर्जी तौर पर बसे लोगों द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए जाते हैं। उनकी पूरी नजर विस्थापन पैकेज एवं मुआवजा पर टिकी हुई है। सामने ऐसे लोग न आकर वहां के आदिवासी परिवारों को आगे कर देते हैं बाद में इसी के आधार पर प्रशासन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया जाता है।

### दुर्लभ वन्य जीवों की है मौजूदगी

जिले के जैव विविधतापूर्ण वन क्षेत्र को संरक्षित करने की दृष्टि से संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान व टाइगर रिजर्व की स्थापना 1975 में की गई। सदाबहार साल वनों का यह क्षेत्र 152 पक्षी, 32 स्तनधारी, 11 सरीसृप, 3 उभयचर व 34 मत्स्य प्रजातियों समेत अनेक जीवों विशेषकर बाघों का आश्रयस्थल है। सफेद बाघों में सबसे प्रथम बाघ मोहन यहीं पाया गया था। बाघों के साथ ही यहां स्लोथ भालू, चीतल, नीलगाय, चिंकारा, सांबर, तेंदुआ, धोल, जंगली बिल्ली, हाइना, साही, गीदड़, लोमड़ी, भेड़िया, पाइथन, चौसिंघा और बार्किंग डियर पाए जाते हैं। वर्तमान में संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में करीब आधा सैकड़ा बाघों की मौजूदगी मानी जा रही है। छत्तीसगढ़ के कॉरीडोर से जुड़े होने के कारण यहां बाघों की उपस्थिति घटती बढ़ती रहती है। फिर भी यह माना जा रहा है कि संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र बाघों की बसाहट को लेकर काफी अनुकूल क्षेत्र है। इसी वजह से यहां आने वाले बाघ काफी समय के लिए अपनी बसाहट बना लेते हैं। संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। बाघों के शिकार के लिए काफी संख्या में यहां हिरण एवं सांभर छोंडे जाते हैं। जिससे बाघों को शिकार के लिए ज्यादा न भटकना पड़े। संजय राष्ट्रीय उद्यान जो संजय-डुबरी टाइगर रिजर्व का एक हिस्सा है। घूमने के लिए सबसे लोकप्रिय स्थान है। टाइगर रिजर्व में संजय राष्ट्रीय उद्यान और दुबरी वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। दोनों 831 वर्ग किमी से अधिक क्षेत्रफल को कवर करते हैं और सीधी जिले में स्थित हैं। यह क्षेत्र अपने बड़े आकार और समृद्ध जैव विविधता के साथ प्रसिद्ध है। इसमें साल, बांस और मिश्रित वन हैं।

> संजय टाईगर रिजर्व से 23 गांवों का विस्थापन होना शेष है। वहीं 20 गांवों का भुगतान पूरी तरह से हो चुका है तथा 11 गांवों में भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। हमारा प्रयास है कि विस्थापित गांवों के ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आएं और भुगतान लेकर अन्यत्र बसाहट करें।
>
> **राजेश कन्ना टी, डीएफओ**
> **संजय टाईगर रिजर्व सीधी**

## जनपद पंचायत की बैठकों में नियमों की अवहेलनाः जयाजीत



**जागरण, सीधी।** सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी महिला जनप्रतिनिधियों के पति व उनके रिश्तेदारों की दखलंदाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार यह देखने को मिल रहा है कि उनकी उपस्थिति एवं अनुपस्थिति में उनके पति व रिश्तेदार बैठकों में शामिल हो रहें हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण गत दिनों जनपद पंचायत सीधी के सभागार में आयोजित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में देखा गया है। जहां जनपद अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित बैठक के दौरान सदस्य पति एवं बाहरी व्यक्ति शामिल रहें। उल्लेखनीय हैं कि जनपद पंचायत सीधी में आये दिन नियमो को ताक में रखकर किए गए कारनामे समय समय पर उजागर होते रहे है लेकिन अब तो मनमानी की हद पार कर दी जा रही है। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में मनमानी को लेकर सभापति जयाजीत सिंह ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि नियमानुसार जनपद सभापति के अलावा विधायक या विधायक प्रतिनिधि, स्थाई समिति के सचिव समस्त जनपद, अनुविभागीय अधिकारी गोपदबनास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्थाई समिति के सभापति को छोड़कर आमजन सम्मिलित नही हो सकते हैं, लेकिन यहां अध्यक्ष एवं सीईओ द्वारा इसके विपिरित आमजन को बैठक कक्ष में शामिल कर बैठक आयोजित की जा रही है। इसी तरह सामान्य सभा की बैठकों में 31 विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति होनी चाहिए लेकिन 10 से 12 विभागो के अधिकारी उपस्थित रहते है जिस कारण से समस्याओ का अंबार दिन प्रतिदिन लगता जा रहा है एवं अनुपस्थिति अधिकारियो के ऊपर कोई कार्यवाही नही की जाती है। पिछले 3 सालों में जितनी भी सामान्य सभा की बैठकों में कार्यवाही लिखवाई जाती है किसी भी विभाग के द्वारा उनका क्रियान्वयन नही किया गया है। जनपद पंचायत सीधी के स्वक्षता समिति की सभापति श्रीमती जया जीत सिंह ने बैठक में अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में जिसकी उपस्थिति अनिवार्य है उनकी अनुपस्थिती को लेकर न तो जनपद अध्यक्ष द्वारा कोई बात रखी जाती हैं और न ही सीईओ द्वारा कभी संबंधितों को नोटिस भेजी जाती है, वहीं दूसरी ओर जिनके बैठक में शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है उन्हें बैठाया जा रहा है।

## फोटो के बाद अब वीडियो से सार्थक ऐप लगाने की चर्चा




**जागरण, सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में पढ़ा रहे नियमित प्राध्यापको सहित अतिथि विद्वानों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए इस वर्ष सार्थक एप से हाजरी को लगू किया है। अब वेतन ही इसके आधार पर बन रहा है लेकिन इसमें एक बार फिर फर्जीवाड़ा की चर्चाएं तेज है, इसको लेकर शिकायत मप्र कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रामप्रकाश तिवारी डैडू ने क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग से की है और जांच की मांग की है। उन्होंने शिकायत में बताया है कि वह बीते दिनों खड्डी प्रवास पर थे, इस दौरान वह खड्डी कॉलेज के समीप पहुंचे तो वहां के स्टॉफ अपनी समस्याओं को लेकर कुछ बाते कर रहे थे, जब उन्होंने जानकारी ली तो कई बाते सामने आईं। चर्चा में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी यह भी मिली कि यहां प्राचार्य की जगह एक अतिथि विद्वान डॉ. अजय सिंह गहरवार को विभाग की सबसे महत्वपूर्ण सार्थक एप का आईडी-पासवर्ड दे दिया गया है। बताया गया कि अतिथि विद्वान डॉ. स्वेता तिवारी व डॉ. भावना सिंह के सार्थक एप में आए दिन गड़बड़ी रहती है, हाजरी देरी से लगती है। कभी सार्थक मे 200 मीटर से तो कभी 400 मीटर लोकेशन दूरी पर महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में होने के बाद भी बताता है। उनको आशंका है कि उनके सार्थक के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है इसकी जांच कराई जाए व तत्काल डॉ. अजय सिंह से आईडी पासवर्ड सहित लेकर नियमित कर्मचारी को दिया जाए। चर्चा में यह भी जानकारी मिली कि बताया गया कि अतिथि विद्वान अभिनंदन पाण्डेय व प्रिंश मिश्रा व डॉ. श्रीकांत द्विवेदी द्वारा सार्थक एप में गलत तरीके से हाजरी लगाई जा रही है। चर्चा मे पता चला कि अभिनंदन पाण्डेय की माता का देहांत हाल ही में हुआ, वह करीब दो सप्ताह कॉलेज नहीं आए फिर भी उनके द्वारा आकर बीच-बीच में रजिस्टर में हस्ताक्षर किए गए और सार्थक में हाजरी भी लगी हुई है। यह बड़ा सवाल है कि जब वह खड्डी में नहीं थे तो उनकी खड्डी की लोकेशन के साथ हाजरी कैसे लगी, इससे यह कहना गलत नहीं होगा कि सार्थक में छेड़छाड़ कर ऐसा किया गया। अप्रैल, मई और जून माह के सार्थक की जांच में खुलासा हो सकता है। बताया गया कि इस संबंध में शिकायत प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामसुरेश भारती से की गई लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की गई। उल्टा शिकायत करने वालो को ही परेशान किया जा रहा है, वह खुद कभी कॉलेज नहीं आते हैं।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ला आज सीधी में, आयोजन में होंगे शामिल



**जागरण, सीधी।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी एवं लोक तंत्र सेनानी सम्मान समारोह मे मुख्य वक्ता राजेन्द्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन, अनुभव कथन वक्ता मीसाबंदी यदुनाथ सिंह चौहान, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक रीती पाठक, सिंहावल विधायक विश्वामित्र पाठक एवं धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम की गरिमामय उपस्थिति मे 25 जून को अपराह्न 1 बजे वैष्णवी गार्डन के विशाल सभागार में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान करेंगे। कार्यक्रम मे पार्टी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी और सभी श्रेणी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विशाल संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## चोरगड़ी में प्रशासन ने हटाया स्कूल मार्ग से अतिक्रमण



**जागरण, सीधी।** जिले की जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम चोरगड़ी में मंगलवार सुबह प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने शासकीय स्कूल मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाया। यह कार्रवाई तहसीलदार नितिन कुमार झोड़ और थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में की गई स्थानीय निवासी राजमणि त्रिपाठी ने शिकायत की थी कि गांव के करीब 16 ग्रामीणों ने स्कूल जाने वाले रास्ते ए अवैध कब्जा कर रखा है। कुछ ने वहां बाड़ियां डाल तो कुछ ने उसे खेत में तब्दील कर दिया था। इस वजह से स्कूल जाने वाले बच्चों और आम ग्रामीणों को काफी असुविधा हो रही थी। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय ने पटवारी को जांच के लिए भेजा। जांच में पुष्टि हुई कि संबंधित जमीन शासकीय है और उस पर अतिक्रमण किया गया है। इसके बाद प्रशासन ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बिना किसी विरोध के अतिक्रमण हटाया। तहसीलदार नितिन कुमार झोड़ ने बताया कि यह कदम जनहित में आवश्यक था। उन्होंने सभी ग्रामीणों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई न केवल जनता के हित में थी बल्कि इससे यह संदेश भी गया कि शासकीय संपत्ति पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए रास्ता पुनः सुचारु हो गया है।

## लोकल यूथ गिरदावरी सर्वेयर ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना के तहत काम कर रहे स्थानीय युवाओं लोकल यूथ ने 24 जून 2025 को एसडीएम मझौली को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लंबे समय से रुका हुआ भुगतान जल्द जारी करने और सभी लोकल यूथ को पहचान पत्र देने की मांग की गई है। लोकल यूथ का कहना है कि वे खेतों में जाकर ईमानदारी से फसल का सर्वे कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका भुगतान नहीं हुआ है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। साथ ही पहचान पत्र नहीं होने की वजह से कई बार पहचान की दिक्कत आती है। एसडीएम मझौली ने ज्ञापन मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी तहसीलदार को पत्र जारी कर जरूरी निर्देश दिए हैं ताकि जल्द से जल्द समाधान हो सके। इस मौके पर कई लोकल यूथ मौजूद रहे और उन्होंने शांतिपूर्वक अपनी बात रखी।

## उप संचालक ने परिवीक्षा अवधि में किया स्थानांतरण

**जागरण, सीधी।** किसान कल्याण तथा कृषि विभाग सीधी अपनी मनमानी कार्यों को लेकर काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी राज्य सरकार के स्थानांतरण नीति 2025-26 में निहित प्रावधानों के विरुद्ध उप संचालक सीधी द्वारा परिवीक्षा अवधि में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी का स्थानांतरण वास्तविकता को छिपाते हुए करा दिया गया। उप संचालक द्वारा वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी का स्थानांतरण प्रभारी मंत्री को गुमराह करते हुए करा दिया गया। जबकि आदिवासी विकास सीधी में परिवीक्षा अवधि के कर्मचारी के स्थानांतरण का मामला सामने आने पर कलेक्टर सीधी द्वारा संबंधित कर्मचारियों को निलंबित करने के साथ ही सहायक आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## मोहनिया में मनाया गया बलिदान दिवस



**जागरण, मोहनिया।** भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महान शिक्षा विद व प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस समारोह 23 जून 2025 को ग्राम पंचायत मोहनिया में मनाया गया। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पड़खुरी विश्वनाथ पटेल, रामायण प्रसाद पटेल, दिवाकर कारपेंटर, गणेशदीन, शिवराज कुमार एवं अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थिति में डॉ. मुखर्जी के इतिहास को स्वीकार करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## स्व. सुरेश सिंह चौहान विधायक के निधन पर शोक

**जागरण, सीधी।** जिले के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ट कांग्रेस नेता सुरेश सिंह विधायक करौंदिया का निधन दिनांक 22 जून 2025 को रीवा स्थित संजय गांधी मेडिकल कॉलेज मे उपचार के दौरान हो गया है। जिनका पार्थिव शरीर रात्रि उनके सीधी स्थिति निवास पर लाया गया जहां रात से ही उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। सोमवार को सोन नदी के गाऊ घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिनको मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ भतीजे शिवांकु सिंह ने दी, जिनको उन्होंने अपने पथ चिन्हों पर चलना सिखाया। बता दें कि श्री सिंह विगत दिनों से काफी बीमार चल रहे थे, उनका सीधी जिले की राजनीति में जहां अच्छा खासा दखल था वहीं उनकी समाज में एक अलग पहचान भी थीं।

## मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित



**जागरण, सीधी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्टेडियम के पास स्थित स्थानीय मुख्य सेवाकेंद्र पर ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की स्मृति में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी आमंत्रित अतिथियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मातेश्वरी जगदंबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं सीधी जिले में स्थित सेवाकेंद्रों की मुख्य संचलिका राजयोगिनी रेखा दीदी ने बताया कि मम्मा का व्यक्तित्व बहुत शक्तिशाली था। मम्मा ने हर उस व्यक्ति पर अपनी अमिट छाप छोड़ी, जिससे वे मिलती थीं। उनकी वाणी बहुत मधुर थी, फिर भी सबसे शक्तिशाली और उनके शब्द किसी के मन को शांत कर देते थे। यानी मन में शक्ति का संचार कर देते थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने परमात्मा की याद में बना ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूनम सोनी, भाजपा नेता अमित प्रधान, यूपीएस गहरवार, राघवेंद्र मिश्रा, रमापति तिवारी, इंद्रभान सिंह, भास्कर साहू एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डीबीएस इंटरनेशनल स्कूल में लगा निःशुल्क मेडिकल कैंप



**जागरण, चुरहट।** गर परिषद चुरहट अंतर्गत संचालित डीबीएस इंटरनेशनल स्कूल चुरहट में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर एक निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में रीवा और जबलपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों के शारीरिक विकास, पोषण स्तर, आंखों की जांच, पेट से संबंधित समस्याएं एवं सामान्य स्वास्थ्य की गहन जांच की गई। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अंशुमान सिंह गहरवार ने कहा अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य हर बच्चे का मूल अधिकार है। हमारा उद्देश्य है कि चुरहट जैसे ग्रामीण क्षेत्र में भी बच्चों को महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हों। डीबीएस ग्रुप शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

## सामु. स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में जांच के नाम पर मची लूट




**जागरण, चुरहट।** चुरहट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पद लैब टेक्नीशियन राकेश प्रजापति एवं भूपेंद्र सिंह चौहान द्वारा मरीज से मनचाही लूट लूट रहे हैं वही मरीज को जांच के लिए खोले गए खुद की पैथोलॉजी पर भेजे जाते हैं जो चुरहट में ही पदस्थ हैं। वही भूपेंद्र सिंह चौहान द्वारा खुद की चौहान पैथोलॉजी के नाम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सौ मीटर के अंतर में ही पैथोलॉजी संचालित किए हुए हैं। वहीं मरीजों द्वारा कहा जाता है कि अस्पताल में अगर जांच कर आओगे तो अस्पताल जैसे ही जांच रहेगी अगर अच्छी जांच करना हो तो चौहान पैथोलॉजी में जाकर के जांच करवाएं। शासन के नियमों की उन्हेलना करते हुए भूपेंद्र सिंह चौहान द्वारा कई बरसों से पैथोलॉजी संचालित किए हुए हैं।















# मानवीय मूल्यों की संरक्षिका मातेश्वरी जगदंबा



**पन्ना ।** मातेश्वरी जगदंबा, नारी आध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा जी का जन्म 1919 में अमृतसर में एक समान्य परिवार में हुआ था उनके बचपन का नाम ओम राधे था जब मातेश्वरी जी ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थी तो पूरे वातावरण में गहन शांति आ जाती थी इसलिए वे ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुई।

मातेश्वरी जी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई बहने आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मना रहे हैं आज मातेश्वरी जी का 60 वा पुण्य स्मृति दिवस है।

मातेश्वरी जगदम्बा कहां करती थी कि मानवीय मूल्य जब आचरण में आते हैं तो प्रभावशाली बनाकर मानवीय और सामाजिक व्यवस्था को कल्याणकारी बनाते हैं मानवीय मूल्यों के अभाव में व्यक्ति दुख और अधर्म के रास्ते पर चल पड़ता है और यह दुनिया नर्क बन जाती है माननीय मूल्यों को व्यवहारिक जीवन में लाने के लिए सत्य आचरण करना आवश्यक है तभी मूल्यो से मानव मन आलोकित होता है अन्यथा मानवीय मूल्यो वाणी तक ही सिमटकर रह जाते हैं मातेश्वरी जी ने अपने व्यवहारिक जीवन में आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों को बहुत महत्व देती थी उनके चाल चलन और कर्म व्यवहार से मूल्य स्पष्ट रूप से झलकते थे मातेश्वरी जगदंबा और मानवीय मूल्य एक दूसरे के पूरक बन गए थे मातेश्वरी जी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा का दिया गया प्रत्येक आदेश ईश्वर के आदेश जानकार जिसको पूरा करने के लिए वे सदा तत्पर रहती थी।

आज के दिवस पर बहन जी ने सभी को मातेश्वरी जगदंबा के संस्मरण को स्मृति दिलाते हुए उनके बताए हुए रास्ते को अनुकरण करने के लिए सभी ने संकल्प किया।

# जनसुनवाई में आए 18 आवेदन




**पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 18 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## एनटीपीसी विंध्याचल को मिला 4जी सीईई राष्ट्रीय विद्युत उत्पादन पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार

**जागरण शक्तिनगर ।** एनटीपीसी विंध्याचल को 4 जी राष्ट्रीय विद्युत उत्पादन पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार 25 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सस्टेनेबल परफॉर्मेंस श्रेणी में प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत विंध्याचल को इस साल के लिए पर्यावरण उत्कृष्टता की उपाधि प्राप्त हुई। यह पुरस्कार काउंसिल ऑफएनवायरो एक्सीलेंस द्वारा प्रदान किया गया जो एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय संरक्षण और सतत संचालन में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। पुरस्कार समारोह में सीएसआईआर.नीरी राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक एस.वी. मोहन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान डी0आर0 कुमरे जिला न्यायाधीश त्योथर जिला रीवा (म.प्र)**
आर.सी.ए.प्रकरण क्रमांक -02/2021
पेशी दिनांक -23.07.2025

राम लखन पिता चन्द्रपालराम उम्र 75वर्ष निवासी ग्राम वा पोस्ट चौखडी तहसील त्योथर जिला रीवा (म.प्र.)
प्रतिवादी/प्रत्यर्थी
विरूद्ध
महेश प्रसाद पिता शिवबदन लाल गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम वा पोस्ट चौखडी तहसील त्योथर जिला रीवा (म.प्र.)
वादी/प्रत्यर्थी

विषय -अनावेदिका की उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित प्रकरण आर.सी.ए.02/21 रामलखन पिता चन्द्रपाल उम्र 75 वर्ष निवासी ग्राम वा पोस्ट चौखडी तहसील त्योथर जिला रीवा (म.प्र.) का प्रकरण प्रतिवादी द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है,जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में वादी क्रमांक 1 की उपस्थिति हेतु प्रतिवादी क्रमांक-1 रामलखन पिता चन्द्रपाल उम्र 75वर्ष निवासी ग्राम वा पोस्ट चौखडी तहसील त्योथर जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान डी0आर0 कुमरे जिला न्यायाधीश त्योथर जिला रीवा म.प्र.में दावा बावत सि0प्र0सं0के आदेश 5नियम 20के आधीन आवेदन के अंतर्गत महेश प्रसाद पिता शिवबदन लाल गुप्ता उम्र 48वर्ष निवासी ग्राम वा पोस्ट चौखडी तहसील त्योथर जिला रीवा म.प्र.जिसकी सुनवाई दिनांक 23.7.2025 नियत किया गया है। अतः इस प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11:00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 23.07.2025 को महेश प्रसाद पिता शिवबदन लाल गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम वा पोस्ट चौखडी तहसील त्योथर जिला रीवा म.प्र की ओर से उपस्थित नही होता है, तो वादी की अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई पूर्ण की जायेगी।

नोट-यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 23.07.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो इस स्थिति में कार्य दिवस पर सुनवाई की जाएगी।

डी0आर0 कुमरे
जिला न्यायाधीश त्योथर
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-82289

# जेंडर संवेदनशीलता एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर मड़ला में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आज

**पन्ना ।** गृह विभाग के आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा यूएन वूमन इंडिया के सहयोग से बुधवार, 25 जून को होटल एमपीटी मड़ला मे जेंडर संवेदनशीलता आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जलवायु परिवर्तन और आपदाओं के बढ़ते प्रभाव के दृष्टिगत इस जिला स्तरीय परामर्श का आयोजन होगा। यह आयोजन आपदा जोखिम न्यूनीकरण को अधिक समावेशी, लैंगिक दृष्टिकोण से संवेदनशील और स्थानीय आवश्यकतानुसार तैयार करने के लिए जिला स्तर पर प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, सूखा, लू तथा बाढ़ जैसी आपदाओं में महिलाओं एवं हाशिए पर मौजूद समुदायों की विशिष्ट चुनौतियों की पहचान, जिला स्तर पर आपदा तैयारी, पुनर्वास व महिला सहभागिता के मॉडल विकसित करना, जिला स्तरीय विभागों एवं सिविल सोसायटी के बीच अंतरविभागीय समन्वय को मजबूत बनाना तथा डेटा, नीति और व्यवहार आधारित समाधानों पर चर्चा कर डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान में लैंगिक समावेशन को बढ़ावा देना इत्यादि है।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों सहित स्थानीय सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि तथा यूनिसेफ एवं अन्य संस्थाओं की तकनीकी टीमें भी शामिल होंगी। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में जिला स्तरीय संस्थागत तैयारियों की प्रस्तुति के साथ आपदाओं में महिलाओं की विशिष्ट स्थिति और वैश्विक नीति ढांचे पर चर्चा सहित बच्चों एवं किशोरो की जरूरतों पर तकनीकी प्रस्तुति दी जाएगी। समाधान आधारित प्रस्तुति सत्र में प्रतिभागियों के साथ संवाद और थीमैटिक समूह चर्चा भी होगी। यह परामर्श आपदा प्रबंधन में लैंगिक समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

# कलेक्टर ने शासकीय संस्थाओं के भवनों की जांच के दिए निर्देश



**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्षाकाल के दौरान महाविद्यालय, स्कूल, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी भवनों की आवश्यक जांच व कार्रवाई के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियो को निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कहा गया है कि मानसून सत्र में संभावित अतिवृष्टि के दृष्टिगत विभागीय संस्थाओं की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन अथवा दीवार की स्थिति जीर्ण-शीर्ण होने पर यहां अध्यापन इत्यादि कार्य न हो। इसी तरह छात्र-छात्राओं के छात्रावास तथा आंगनवाड़ी भवनों में भी सुरक्षित स्थानों पर ही संचालन हो। अति वर्षा एवं जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर नदी नालों के किनारे निर्मित भवनों, जिनमें अध्यापन कार्य अथवा विद्यार्थियों के ठहरने के लिए भवन एवं आंगनवाड़ी भवन संचालित है, इनकी निरंतर निगरानी कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिला कलेक्टर द्वारा इस बावत् गत टीएल बैठकों में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

# एब्सल्यूट एवं अमृताय के तत्वावधान में आयोजित की गई विकासखंड स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक

**जागरण चितरंगी ।** सामुदायिक भवन चितरंगी में एब्सलूट एवं अमृताएं के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय हिट धारक परामर्ट बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में इनफोसिस से शुभा निरंजन रोहित वर्मा एब्सलूट से निपुण सभरवाल अंकुश श्रीवास्तव पर्यावरण कंसल्टेंट डॉक्टर मुस्तफा अमृताय कंपनी से अवधेश पांडेय अपरना श्रीवास्तव सीईओ मुकेश पांडेय मुख्य सह्योगी किसान नंद सिंह सह्योगी कार्यकर्ता राजकुमार केवट लव साकेत राजू साकेत गुड्डू प्रसाद धनेश प्रसाद सतीश श्रीराम साकेत एवं चितरंगी के प्रोजेक्ट हेड आनंद शर्मा के द्वारा कार्यक्रम का संबंध में जानकारियां भी दी गई। वहीं कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों ने यह भी बताया कि फलदार वृक्षारोपण कराया जाएगा ताकि किसानो की आय में वृद्धि हो साथ ही साथ पर्यावरण भी संतुलित रह सके लघु एवं सीमांत किसान दोनों के लिए उक्त संस्थाओ द्वारा निशुल्क वृक्षारोपण कराया जाएगा साथ ही उन पेड़ पौधों की देखभाल भी संस्था के जिम्मेदार अधिकारियों सदस्यों द्वारा भी की जाएगी।

## नाम सुधार सम्बन्धी सूचना

मैं, राजकिशोर पटेल (सेवा संख्या 14438540M), पुत्र श्री रामलखन पटेल, वर्तमान निवासी - 115, बुधगवां, पोस्ट - महमूदपुर, तहसील - मनगवां, जिला - रीवा (म.प्र.), शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी सेवा अभिलेख में मेरी पुत्री का नाम लिलाक्षी पटेल गलत दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम लीलाक्षी पटेल है। मैंने अपनी पुत्री का नाम लिलाक्षी पटेल से संशोधित कर लीलाक्षी पटेल कर दिया है। लिलाक्षी पटेल और लीलाक्षी पटेल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मेरे सेवा अभिलेख व सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम लीलाक्षी पटेल दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 82286
राजकिशोर पटेल

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## मकान किराये से देना है

नेहरू नगर रीवा में ज्योति स्कूल से लगा हुआ सर्व सुविधायुक्त मकान का प्रथम मंजिल जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फिट है ऑफिस/कोचिंग अन्य कार्य हेतु किराये से देना है, सम्पर्क करें-
मो. 9200086777
9993331740
RN. 82647 (2/7)

## आवश्यकता है

आफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की योग्यता 10th, 12th से ग्रेजुएशन मान्य है।
सैलरी रू. 5,000 कमिशन के साथ 10,000 से 15,000 महीना कमाएँ।
पताः - सिविल लाइन राजेन्द्र नगर गली नं. 2 सतना (म.प्र.)
मो. 9301653290
9109962545 RN. 82645 (26/6)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क -
8962086944

# ग्राम पंचायत सिरी एवं अधराड़ के सचिव को नोटिस जारी

**पन्ना ।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 अन्तर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिरी एवं शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अधराड़ के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गारंटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लंघन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध मे तीन दिवस के भीतर संबंधित सचिव से अधिनियम के 7.1 (क) के प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। जबाव संतुष्टिपूर्ण न होने एवं भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# एनटीपीसी के कमलनाथ ठाकुर बेस्ट सीएमए अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित

**जागरण सिंगरौली ।** इंस्टीट्यूट ऑफकॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफइंडिया आई सी एम ए आई द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित आठवें सीएमए अचीवर अवॉर्ड सम्मान समारोह में एनटीपीसी केंद्रीय कार्यालय के अपर महाप्रबंधक वित्तद्व सीएमए कमल नाथ ठाकुर को बेस्ट अचीवर अवॉर्ड 24 से सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोकसभा सांसद एवं स्टैंडिंग कमेटी फाइनेंस के चेयरपर्सन भर्तृहरि महताब के द्वारा सीएमए विभूतिभूषण नायक अध्यक्ष आईसीएमएआई एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में उक्त अवार्ड प्रदान किया गया। बेस्ट अचीवर अवार्ड 24 पब्लिक मैन्युफैक्चरिंग मेगा कैटेगरी में सीएमए कमल नाथ ठाकुर का चयन सुप्रीम कोर्ट ऑफइंडिया के पूर्व जज एवं कंपनी ला अपीलेट ट्रिब्यूनल के पूर्व चेयरपर्सन एस जे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली जूरी ने किया था। एडवांस्ड एक्सीलेंस इन फाइनेंशियल लीडरशिप एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि के लिए श्री ठाकुर के अप्रतिम योगदान को देखते हुए जूरी द्वारा इनका चयन किया गया था। भारत सरकार की सार्वजनिक प्रतिष्ठान एनटीपीसी में अपर महाप्रबंधक वित्त पद पर कार्यरत श्री ठाकुर के उक्त अचीवर अवार्ड से एनटीपीसी के लोगों में खुशी की लहर है।

# लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए एनसीएल को आईसीएमएआई द्वारा किया गया सम्मानित

**जागरण, सिंगरौली ।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल को लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता हेतु इंस्टीट्यूट ऑफकॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आईसीएमएआई द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एनसीएल को यह पुरस्कार आईसीएमएआई द्वारा विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित 19वें नेशनल अवॉर्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन कॉस्ट मैनेजमेंट 24 समारोह के दौरान मैन्युफैक्चरिंग पब्लिक मेगा श्रेणी में दिया गया। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान उप महाप्रबंधक वित्त एवं निदेशक वित्त के तकनीकी सचिव राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। कंपनी की इस विशिष्ट उपलब्धि पर सीएमडी एनसीएल बी. साईराम और निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक वित्तरजनीश नारायण निदेशक तकनीकी सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया को मैन्युफैक्चरिंग पब्लिक मेगा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। इस अवसर पर कोल इंडिया निदेशक वित्त मुकेश अग्रवाल को उत्कृष्ट वित्तीय नेतृत्व हेतु बेस्ट सीएफओ अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सीआईएल और एनसीएल की वित्तीय अनुशासन कार्यकुशलता और लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## नाम एवं जन्मतिथि सुधार सम्बन्धी सूचना

मैं, राजकिशोर पटेल (सेवा संख्या 14438540M), पुत्र श्री रामलखन पटेल, वर्तमान निवासी - 115, बुधगवां, पोस्ट - महमूदपुर, तहसील - मनगवां, जिला - रीवा (म.प्र.), शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी सेवा अभिलेख में मेरी माताजी का नाम रामवती तथा जन्मतिथि 29/03/1946 त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जबकि मैंने अपनी माताजी का नाम रामवती से संशोधित कर रामबती पटेल कर दिया है तथा सही जन्मतिथि 01/01/1949 है। रामवती और रामबती पटेल दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं। अतः अब से सभी अभिलेखों, दस्तावेजों, पत्राचारों तथा कार्यों में मेरी माताजी का नाम रामबती पटेल और जन्मतिथि 01/01/1949 सुधार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 82287
राजकिशोर पटेल

## नाम एवं जन्मतिथि सुधार सम्बन्धी सूचना

मैं, प्रेमवती पटेल, पत्नी नं. 14438540M राजकिशोर पटेल पुत्र श्री रामलखन पटेल, वर्तमान निवासी - 115, बुधगवां, पोस्ट - महमूदपुर, तहसील - मनगवां जिला - रीवा (म.प्र.) मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पती के सेवा अभिलेख में मेरा नाम प्रेमवती देवी तथा जन्मतिथि 13/06/1981 गलत दर्ज हो गया था। जबकि मैंने अपना नाम प्रेमवती देवी से सुधार कर प्रेमवती पटेल कर लिया है और मेरी सही जन्मतिथि 01/07/1983 है। उक्त नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं। अतः सभी अभिलेखों, पत्राचारों, दस्तावेजों एवं कार्यों में मेरा नाम प्रेमवती पटेल तथा सही जन्मतिथि 01/07/1983 दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82288
प्रेमवती पटेल

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** झाँसी-इंजी-जी.एस.यु.-2025-06 **दिनांक:** 21.06.2025

### ई टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/उत्तर मध्य रेलवे/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** झाँसी-मानिकपुर सेक्शन : कंस्ट्रक्शन ऑफ लिमिटेड हाइट सववे इन लियू ऑफ लेवल क्रॉसिंग नं. 414, 417 & 418 (03 नं.)
**अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 223596084.11
**अमानत राशि (रू.):** ₹ 1268000.00
**निविदा बन्द होने की तिथि: 14.07.2025**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 14.07.2025** को **10:30 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

1077/25(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)

Web site: www.mppwd.gov.in Email:- cepwdrewa@mp.nic.in
Phone No. 07662-255200, Fax-255380

क्रमांक........./स्था./भर्ती निशक्तजन/24-119/पार्ट-2/2025 रीवा, दिनांक.........

### विज्ञप्ति

प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक 303/40/2023/निःशक्त/1232 भोपाल, दिनांक 30/05/2025 के अनुसार परिक्षेत्र रीवा के अंतर्गत सीधी भर्ती से दिव्यांगजनों के लिए अनुरेखक (सिविल) एवं सहायक ग्रेड-3 की पूर्ति वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी/आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 10/07/2025 तक कार्यालयीन समय 6:00 बजे सायंकाल तक आवेदन फार्म केवल पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त किये जायेंगें, इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। आवेदन कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र रीवा (म0प्र0) सिरमौर चौराहा, सिविल लाईन, रीवा पिनकोड-486001 के नाम से संबंधित प्रेषित करें। डाक से हुए विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नही होगा, रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नलिखित है।

| स. क्र. | पदनाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्तियाँ: दृष्टिबाधित और कम दृष्टि हेतु स्वीकृत पद | दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्तियाँ: ओटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता हेतु स्वीकृत पद | कुल योग | निर्धारित योग्यता | वॉक-इन इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | अनुरेखक (सिविल) | तृतीय श्रेणी | 5200-20200 ग्रेड-पे 1900 (सातवें वेतनमान के मैट्रिक लेवल 4) समय-समय पर देय भत्ते सहित | 00 | 1 | 1 | 1. हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. आई.टी.आई., ड्राफ्टमेन (सिविल) डिप्लोमा (सिविल) या समकक्ष। | 24/07/2025 |
| 2 | सहायक ग्रेड-3 | तृतीय श्रेणी | 5200-20200 ग्रेड-पे 1900 (सातवें वेतनमान के मैट्रिक लेवल 4) समय-समय पर देय भत्ते सहित | 1 | 2 | 3 | 1. हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य। 3. म.प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) स्कोर कार्ड अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं हिन्दी टंकण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य। | 24/07/2025 |

टीपः- उक्त रिक्त पदों की भर्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी (आवेदन-पत्र के फार्मेट सहित) विभागीय बेवसाइट mppwd.gov.in पर उपलब्ध है, अतः उक्त बेवसाइट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(संजय खाण्डे)
मुख्य अभियंता
लो0नि0वि0 रीवा परिक्षेत्र रीवा

D- 14761/25

## M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Rewa (M.P.)

### NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Contractor/Transporter/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following jobs :-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Period/ Tender Cost in Rs. | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & Time of e-Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 432492_1 | Proposal for hiring of 01 no. Air Conditioned Diesel SUV (8+1 seater or more) with minimum engine capacity 1450 CC for use of pool vehicle for transportation of officers and employees from lift to power house at 3x105 MW, THPS-I, Sirmour with 1 driver in each shift for monthly run of 3000 Km. | 16.57 Lakh/ 1,000/ | 33,200/- | 16.07.2025 Up to 16:00 hrs. | 18.07.2025 from 16:00 hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 431565_1 | Proposal for hiring of 01 no. Air Conditioned Diesel SUV (8+1 seater or more) with minimum engine capacity 1450 CC for use of pool vehicle for power house maintenance, store and official work at 3x105 MW, THPS-I, Sirmour for monthly run of 2500 Km. | 15.31 Lakh/ 1,000/ | 30,700/- | 14.07.2025 Up to 16:00 hrs. | 16.07.2025 from 16:00 hrs. onwards |

It is mandatory for prospective bidders to get registration on website **www.mptenders.gov.in** by making online registration fees payment. Further for detailed NIT, eligibility criteria, tender documents etc., please visit website **www.mptenders.gov.in**.

M.P. Madhyam/120783/2025 // SAVE ELECTRICITY // ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

## माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)
माखनपुरम परिसर, म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, पोस्ट बरखेड़ा नाथू बिसनखेड़ी भोपाल - 462044, फोन : (0755) 2551642, 2553523, Website : www.mcu.ac.in

### शैक्षणिक सत्र 2025-26
### अतिथि व्याख्याताओं के आवेदन पत्र आमंत्रित

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यापन हेतु विषय- पत्रकारिता, जनसंचार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, विज्ञापन एवं जनसम्पर्क, मीडिया प्रबंधन, ग्राफिक्स एनीमेशन, मल्टीमीडिया, सिनेमा अध्यापन, भाषा एवं अनुवाद, कम्प्यूटर, संचार शोध, सांख्यिकी, डिजीटल जर्नलिज्म, न्यू मीडिया, फिल्म प्रोड्क्शन, ऑडियो-वीडियो एडीटिंग पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, ई-कॉमर्स, वाणिज्य, प्रिटिंग एण्ड पैकेजिंग, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित के अध्यापन हेतु अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

अभ्यर्थियों का चयन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। चयनित आवेदकों का साक्षात्कार विश्वविद्यालय मुख्यालय भोपाल में होगा। यूजीसी/एआईसीटीई की निर्धारित अर्हता को पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों को कालखंड आधारित मानदेय पर एक सेमिस्टर के लिए अस्थाई रूप से रखा जायेगा।

**अर्हताए :**

1. यूजीसी/एआईसीटीई की निर्धारित अर्हता
2. उपरोक्त संबंधित विषयों में पीएच.डी. अथवा
3. यूजीसी नेट उत्तीर्ण अथवा
4. मीडिया/आई.टी. क्षेत्र में कार्य करने का स्नातकोत्तर उपाधि के साथ 10 वर्ष या उससे अधिक का अनुभव

कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कालखंड आधारित मानदेय पर कार्यकाल अगले सत्र के लिए भी बढ़ाया जा सकेगा। चयनित उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय के भोपाल, रीवा, दतिया एवं खंडवा परिसर में शिक्षण कार्य दिया जाएगा। यह चयन पूर्णतः अस्थायी/तदर्थ होगा और इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकेगा। अतिथि व्याख्याताओं को कालखंड के आधार पर मानदेय विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगा।

इच्छुक उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय के **माखनपुरम परिसर, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, बिशनखेडी, भोपाल में दिनांक 08 से 10 जुलाई 2025 को सम्मुख साक्षात्कार (Walk-in interview) के लिए उपस्थित होना होगा।** साक्षात्कार की समय सारणी शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mcu.ac.in पर जारी की जाएगी।

म.प्र. माध्यम/120792/2025
निदेशक

# रानी दुर्गावती ने आत्म सम्मान की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देकर महिलाओं का गौरव बढ़ाया : संपतिया उइके



**जागरण, मंडला ।** वीरांगनाद्धरानीद्धदुर्गावती का 24 जून को बलिदान दिवस मनाया गया। सर्किटहाउस के सामने रेवांचल पार्क में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, संदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। रानी दुर्गावती के शौर्य एवं बलिदान को स्मरण करते हुए मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती ने आत्म सम्मान की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देकर महिलाओं का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने अपनी प्रजा को अपने बच्चों की तरह पालन करते हुए उनकी सुख सुविधाओं के लिए जल प्रबंधन और उन्नत कृषि के लिए कार्य किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने भी रानी दुर्गावती के शौर्य को याद किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रानी दुर्गावती की गौरव गाथा का प्रदर्शन किया गया।

# जनसुनवाई में 76 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं



**मंडला ।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 76 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम सोनल सिडाम तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी, आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने, फीस माफी, पानी निकासी, राजस्व अभिलेखों की दुरूस्ती, अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

# माहिष्मती घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

## पीएचई मंत्री संपतिया उइके, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने की सफाई



**जागरण, मंडला।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 24 जून को रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर माँ नर्मदा के तट माहिष्मती घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। म.प्र. की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर घाट की सफाई की। इस दौरान मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया है। जल संरक्षण के कार्य मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता हैं जिसमें जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, नदी एवं नालों के उदगम स्थलों को पुर्नजीवित करना जैसे कार्य शामिल हैं। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर माँ नर्मदा के पावन तट की सफाई का हमें सौभाग्य मिला है। सफाई के इस कार्य के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री शिवारानू राजपूत, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, सीएमओ नगरपालिका श्री गजानंद नाफड़े सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा समाजसेवी उपस्थित रहे।

**मंत्री ने लगाया तुलसी का पौधा :** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत माँ नर्मदा के तट पर माहिष्मती घाट की सफाई के दौरान प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मां नर्मदा मंदिर के सामने गमले में तुलसी का पौधा भी रोपित किया।

# मुआवजे की रकम में दबंग मांग रहे हिस्सा

**छतरपुर ।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम पराचौकी के निवासी यादव परिवार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि गांव के कुछ दबंग व्यक्ति, यादव परिवार को मुआवजे में हिस्सा मांग रहे हैं। दबंगों ने मांग पूरी न होने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी है, जिससे परिवार दहशत में है। परिवार ने एसपी से सुरक्षा मुहैया कराकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पराचौकी निवासी भारत भूषण यादव ने अपने भाई सुरेंद्र प्रताप, शिवप्रताप, और रामप्रताप के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि गांव के दबंग छत्रपाल सिंह परमार, उनकी पत्नी रेखा सिंह, भाई उपेंद्र उर्फ पप्पू, और छत्रपाल सिंह के साले द्वारा उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि गत 21 जून को उक्त लोगों ने भारत भूषण से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मिलने वाले मुआवजे में से 20 लाख रुपये की मांग की और मांग पूरी न करने पर जान से मारने की धमकी दी। भारत भूषण ने बताया कि मामले की शिकायत मातगुवां थाने में की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यादव परिवार ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर परिवार और जायदाद की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 175 आवेदनों पर हुई सुनवाई




**जागरण, छतरपुर ।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 175 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही जिपं सीईओ श्रीमती परिहार ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

# युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन आज

**छतरपुर ।** जिला प्रशासन छतरपुर के निर्देशन में बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 25 जून को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला प्रातः 10ः30 बजे से महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड विश्वविधालय के छात्रावास परिसर में आयोजित होगा। इसमें अप्रेटिसशिप हेतु नेप्स, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाओं के द्वारा प्रशिक्षण का लाभ दिया जाएगा। जिसमें टाटा मोटर्स, एल.जी. लेक्ट्रानिक्स, पेटीएम प्राईवेट लिमिटेड, यंशस्वी स्किल बेंचर, वर्धमान यार्न एसआईएस सिक्यूरिटी एवं अन्य प्रतिष्ठिन कम्पनियां साक्षात्कार के माध्यम से आकांक्षी युवाओं का चयन करेगें। इसके अतिरिक्त भाग लेने वाले युवा आकांक्षियों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोविन, बी.एम.आई, ब्लड प्रेशर की जांच युवा परामर्श सेवाएं, मनहित मोबाईल ऐप उमंग, हैलपलाईन 14425 की जानकारी, स्वस्थ्य यकृत मिशन, नशा एवं तम्बाकू निषेध, पोषण संबंधित गतिविधियां, फिजिकल एक्टीविट एवं योग, आभा आई.डी. इत्यादि गतिविधियां भी निःशुल्क आयोजित की जाएगी।

# डिंडौरी-मंडला मार्ग पर महिला-पुरुषों ने किया चक्काजाम कहा पहले बुलाओ विधायक : कलेक्टर, फिर हटेंगे



**जागरण, मंडला।** मंडला जिले की जनपद पंचायत मंडला की ग्राम पंचायत मोहनिया पटपरा में नव निर्माण सड़क का कार्य चल रहा है जहाँ एक तरफ बारिश और दूसरे तरफ सड़क ठेकेदार की मनमानी के चलते कई लोगों के घरों में सड़क निर्माण के दौरान पानी घुसा जिसके कारण तीन से चार लोगों के मकान को क्षति पहुंची है और एक व्यक्ति का मकान गिर गया है।वही लोगों का कहना है सड़क ठेकेदार सड़क निर्माण को लेकर वर्षों पुरानी पुलिया को हटा दिया गया है जिसके चलते लोगों के घरों में बारिश का पानी आँगन और घर के अंदर दो से तीन फीट का भराव हो गया है जिसके कारण लोगों का बहुत नुकसान हो गया नुकसान से स्थानीय लोगो में आक्रोश फैल गया और आनन फानन में ग्रामीणों ने सुबह से ही डिंडौरी मंडला आने जाने वाले वाहनों को महिला पुरुष और बच्चों ने सड़क में चक्का जाम कर दिया गया है । ग्रामीणों कि मांग है कि जब तक पानी के निकासी के लिए पुलिया की विधिवत व्यवस्था नहीं की जाती तब तक हम अपनी मांगों को लेकर सड़क पर ही बैठे रहेंगे मौके पर पुलिस बल एवं नायब तहसीलदार पहुंच गए हैं लेकिन लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक और कलेक्टर एसडीएम मौके पर आए हमारी समस्याएं सुने तभी हम सड़क से हटेंगे, वही दुसरी ओर ग्रामीणों के द्वारा सड़क में बैठे होने के चलते मंडला से डिंडोरी मार्ग में जाम लगने के कारण से बसों में यात्रा करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं बस के साथ साथ अन्य वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है जिसके कारण उनमें सवार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैबीती रात में जोरदार बारिश के चलते रात को लगभग 2 से 3 बजे मोहनियां पटपरा के वार्ड नंबर 1 के पंच के घर में पानी 2 से 3 तीन फिट घुस गया। जिससे जनहानि तो नही हुई पर घर पर रखे समान को भारी नुकसान हुआ है और कच्चे मकान गिर रहे है । वही स्थानीय कलीराम का मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है ।

# लाखों की चोरी का अब तक नहीं हुआ खुलासा

## पुलिस की निष्क्रियता से पीड़ित परेशान, पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

**जागरण, छतरपुर ।** शहर की चौबे कॉलोनी में एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई, लेकिन कई महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा न तो चोरी का खुलासा किया गया और न ही कोई कार्रवाई की गई। परेशान पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर चोरी की गई संपत्ति की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी महेंद्र कुमार पिता प्रेमनारायण अरजारिया निवासी वार्ड नंबर 23 चौबे कॉलोनी छतरपुर ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि वह 16 अप्रैल 2025 को अपने परिवार सहित अयोध्या दर्शन के लिए गया था। घर की देखभाल के लिए उसने अपने भांजे शिवम नायक को छोड़ा था। 19 अप्रैल 2025 को रात 2 बजे वह महोबा पहुंचा, जहां से बच्चों के स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उसने भांजे को गाड़ी लेकर बुला लिया। सुबह करीब 4 बजे जब वह अपने घर पहुंचा तो देखा कि घर के ताले टूटे पड़े हैं। अंदर जाकर उसने पाया कि दो गोदरेज अलमारियों के ताले भी टूटे हैं और सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने अलमारियों में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। चोरी गए सामान में सोने के 2 हार, 5 कान की झुमकियां, 2 मंगलसूत्र, 5 अंगूठियां, 5 हाय, 2 चूड़े, 5 नाक की कीलें, चांदी की 5 पायलें, 5 हाय, 14 चूडियां, 6 छल्ले और 5 लाख रुपये नकद शामिल हैं। चोरी गए सोने-चांदी की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है। प्रार्थी ने बताया कि उसने 20 अप्रैल 2025 को थाना सिविल लाइन में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आवेदन में कहा गया है कि चोरी की वारदात 20 अप्रैल 2025 को रात 2ः10 से 2ः43 बजे के बीच हुई, लेकिन पुलिस ने आज तक चोरी का खुलासा नहीं किया।

# सीजेएम ने खाद्य पदार्थ की दुकानों को जांचा



## ग्राहक सुविधा और खाद्य गुणवत्ता पर दिया जोर

**जागरण, छतरपुर ।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) श्वेता निवेश जैसवाल के नेतृत्व में खाद्य पदार्थ दुकानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सीजेएम ने बीकानेर, स्काईलार्क, और दर्शन स्वीट्स जैसी प्रमुख दुकानों पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और ग्राहक सुविधाओं की जांच की गई। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चलाया गया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरविंद सिंह गुर्जर, नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, सिटी कोतवाली टीआई अरविंद सिंह दांगी, यातायात प्रभारी बृहस्पति कुमार साकेत, और खाद्य विभाग की टीम मौजूद रही।

**आकाशवाणी तिराहे पर की वाहनों की जांच :** दुकानों का निरीक्षण करने के बाद आकाशवाणी तिराहे पर सीजेएम श्वेता निवेश जैसवाल और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरविंद सिंह गुर्जर की मौजूदगी में वाहन चेकिंग अभिया चलाया गया। सीएसपी अमन मिश्रा, सिटी कोतवाली टीआई अरविंद सिंह दांगी, और यातायात प्रभारी बृहस्पति कुमार साकेत की टीम ने नियम तोड़ने वाले वाहनों पर सख्ती बरती। दो डंपर और एक फॉर्च्यूनर को न्यायालय भेजा गया। एक सांसद प्रतिनिधि की थार पर हूटर के लिए 3,000 रुपये, बिना वर्दी बस चालक के लिए 1,500 रुपये, बिना नंबर प्लेट और वर्दी वाली दूसरी बस के लिए 1,000 रुपये, और बिना सीट बेल्ट व नंबर प्लेट वाले चार पहिया वाहनों के चालान काटे गए। कुल 20 चालान बनाए गए, जिनमें ब्लैक फिल्म, हूटर, सर्च लाइट, और कागजात न होने के मामले शामिल थे। यातायात थाने ने 25,000 रुपये के चालान काटे।

# किसानों को सुगमता से उर्वरक वितरण के लिए अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**जागरण, छतरपुर ।** खरीफ मौसम 2025 में किसानों को विक्रय किए जाने वाले उर्वरक सुगमता पूर्वक एवं सुविधा जनक रूप से प्रदाय करने के संबंध में उप संचालक कृषि विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। साथ ही पॉस मशीन के माध्यम से पर्ची जारी कर संबंधित उर्वरक विक्रेता के उर्वरक भण्डार गोदाम में जाकर उर्वरक प्रदाय करने के लिए एवं किसानों के आवश्यक सुझाव, कठिनाईयों के निराकरण, आवश्यक व्यवरथाओं हेतु भी निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारी अपने प्रदाय वर्तमान कार्य के साथ साथ अपने कार्य क्षेत्र में विपणन संघ, सेवा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक का पॉस मशीन में उपलब्ध मात्रा का भौतिक रूप से मिलान करेंगे एवं नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। उर्वरक वितरण केन्द्रो पर किसानों को सही कीमत पर उर्वरक वितरण में सहयोग करेंगे। साथ ही बीज एवं खरपतवार नाशक की दुकानां का भी सतत निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही निरीक्षक के माध्यम से करेंगे। विकासखण्ड छतरपुर में वरि.कृ.वि. अधि. एस.पी. कारपेन्टर मो. नं. 9752359653, नौगांव में एस.के. पटेल 9131855591, राजनगर में बी.के. श्रीवास्ताव 7489336801, बिजावर में एस.के. कुशवाहा 9977671185, बड़ामलहरा में एल.पी. तिवारी 8878517512, बक्सवाहा में एच.डी. विश्वकर्मा 9691432396, लवकुशनगर में पी.सी. साहू 7566721433 एवं गौरिहार में पी.सी. साहू 7566721433 और अन्य अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जो प्रति दिवस उर्वरक उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किसानों को उर्वरक वितरण कराएंगे।

# यातायात कानून व्यवस्था बनाने हेतु स्कूल के वाहन चालकों की बैठक



**जागरण, डिंडोरी।** थाना परिसर यातायात डिण्डौरी में स्कूल प्रबंधन एवं स्कूली बस संचालकों की मीटिंग आयोजित की गयी । जिसमें केन्द्रीय विद्यालय डिण्डौरी, शास. उत्कृष्ट विद्यालय डिण्डौरी, मदर टेरेसा स्कूल डिण्डौरी, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल डिण्डौरी, राजूषा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिण्डौरी, डिण्डौरी पब्लिक स्कूल, शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी के प्रबंधक एवं बस संचालक उपस्थित रहे । मीटिंग के दौरान श्रीमान अनु. अधिकारी (पुलिस ) श्री पुरूषोत्तम मरावी, थाना प्रभारी कोतवाली श्री दुर्गा प्रसाद नगपुरे, सूबेदार अभिनव राय द्वारा स्कूली बच्चो के सुरक्षित परिवहन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये । स्कूल प्रबंधन को समझाईश दी गयी कि स्कूली बसों में ऐसे ड्रायवर रखे जावें जिनके पास हैवी ड्रायविंग लायसेंस हो, एवं कम से कम 05 वर्षो का अनुभव हो, स्कूली बस ड्रायवरों एवं परिचालकों का स्वास्थय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन 08 दिवस के भीतर करा लिया जावें, स्कूली बसों में स्पीड गर्वनर लगा हो एवं स्पीड लिमिट 40 कि.मी. प्रति घंटा सेट हो, स्कूली बसों में दो दरवाजे ,इमरजेंसी विंडो , अग्नि शामक यंत्र , फस्ट एड बाक्स आवश्यक रूप से रखे जावें एवं बसों के टायर हैड, लाईट, वाईपर, इन्डीकेटर, को दुरूस्त रखा जावें, स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चो का परिवहन न किया जावें । स्कूल प्रबंधन को एक रजिस्टर संधारित करने की भी समझाईश दी गयी, जिसमें स्कूल में प्रवेश करने वाले वाहनों के नंबर, चालक का नाम पता मोबाईल नंबर एवं उनके आने-जाने का समय संधारित किया जावें ।

# आबकारी विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल का अवैध शराब बिक्री केन्द्रों पर छापा



**डिंडोरी ।** आज नगरीय एरिया डिंडोरी वा ग्रामीण क्षेत्र में 4 जगह आबकारी विभाग एवं राजस्व विभाग के साथ सयुक्त रूप से ढाबा एवं मकानों में छापा मार करवाही की गई जिसमे छोटी बाई राठौर के रिहायशी मकान से 32 बोतल हंटर बियर,27 केन हंटर बियर ,देशी मदिरा प्लेन 39 पाव , मेक डावल विश्की 15 पाव ,8 पाव मेक डावल रम की जपती करवाही कर आबकारी अधिनियम 1915, संशोधन 2000 की धारा 34(1)का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । वार्ड नम्बर 15 में नानू राठौर पर अवैध शराब बिक्री की संदेह होने पर , घर में ताला लगाकर फरार होने के कारण उनके पिता की उपस्तिथि में संदिग्ध कमरे में डबल लाक लगाकर पंचनामा सहित सील की करवाही की गई।

# जनसुनवाई में प्राप्त 53 आवेदनों का किया गया त्वरित निराकरण



**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 53 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री अनिल कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले के विभिन्न ग्रामीणों ने आज जनसुनवाई में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जिले में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। आवेदिका शबाना बेगम पति समीर खान वार्ड 01 ईमलीकुटी सुबखार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। जिस पर नगर परिषद अधिकारी डिण्डौरी को जांच कर आवास योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। ग्राम कुकर्रामठ समनापुर के ग्रामवासियों ने रोजगार सहायक तुलाराम ठाकुर को हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया। ग्रामवासियों ने बताया कि रोजगार सहायक के द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में लापरवाही कर मनमानी की जा रही है। जिसे हटाने की मांग की। कार्यवाही हेतु जनपद पंचायत समनापुर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम पंचायत ढोढा के मजदूरों के द्वारा इंजीनियर पर खेत-तालाब योजनांतर्गत कार्य में किए गए मजदूरों की मजदूरी राशि का कम मूल्यांकन किए गए। जबकि शासन के द्वारा मजदूरी दर 250 रू. प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित की गई है फिर भी संबंधित इंजीनियर के द्वारा 50 रू. प्रतिदिन की दर से भुगतान हेतु मुल्यांकन किया गया है। जिससे तजदूरों की आर्थिक कमजोर हुई है। 250 रू. मजदूरी भुगतान हेतु जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत शहपुरा को नियमानुसार जांच कर भुगतान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भाजीटोला समनापुर के भारिया जनजातियों के द्वारा जनमन आवास योजना के अंतर्गत आवास बनाए जा रहे थे रूके कार्यों को पूर्ण करने हेतु जनपद समनापुर को निराकरण कर अधूरे आवासों को पूर्ण करने निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रकरिया के ग्राम बालपुर के ग्रामवासियों के द्वारा जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पहुंच मार्ग बनाने की मांग की।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## किसी के हक में नहीं वार्ता का विकल्प खत्म होना

आखिरकार ना-नुकर के प्रपंच के बाद अमेरिका ने घातक बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स से हमला करके ईरान की तीन न्यूक्लियर साइट तबाह करने का दावा किया है। लगता है कि ईरान का परमाणु सपना हमले के साथ ही बिखर गया है। एक के बाद एक, महामारी और युद्धों से जूझ रही दुनिया को स्थायित्व और शांति की जरूरत थी, लेकिन डर है कि अमेरिकी हमले ने ऐसी किसी उम्मीद को फिलहाल खत्म कर दिया है। इस हमले से दो दिन पहले वाइट हाउस ने बताया था कि इजराइल-ईरान संघर्ष में शामिल होने को लेकर कोई भी फैसला दो हफ्ते में लिया जाएगा। तब इससे यही कयास लगे थे कि ट्रंप ने तेहरान के सामने बातचीत का भी रास्ता खुला रखा है। लेकिन, इस कार्रवाई से लगता है कि कूटनीति के लिए जगह नहीं बची। वार्ता का विकल्प खत्म होना किसी के हक में नहीं है। अमेरिकी एक्शन ने संघर्ष की आग को भड़काने के लिए ईंधन दे दिया है।

कतर, बहरीन, कुवैत, इराक, समेत पश्चिम एशिया के कई देशों में अमेरिका के सैन्य ठिकाने हैं। ईरान ने इन्हें निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। अगर वह इस पर अमल करता है तो युद्ध और फैलेगा। इन सभी जगहों को किसी हमले से पूरी तरह सुरक्षित रखना अमेरिका के लिए भी संभव नहीं। इस टकराव को लेकर शुरू से सबसे बड़ी आशंका जताई जा रही है ऑयल सप्लाई को लेकर। ईरान में मौजूद दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग में थोड़ा-सा भी अवरोध डगमगाती ग्लोबल इकॉनमी के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऑयल व नैचुरल गैस सप्लाई पर पहले से दबाव है और शायद वह और दबाव न झेल पाए। इजराइल दावा करता रहा है कि ईरान उसके अस्तित्व को मिटाना चाहता है और परमाणु बम बनाने के करीब है। वहीं अमेरिका के शीर्ष रक्षा सूत्र ईरान के पास परमाणु बम की मौजूदगी से इनकार करते हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि का हिस्सा नहीं है। रूस व चीन की चिंताओं के बीच यह युद्ध दुनिया को दो खेमों में बांट सकता है। ऐसा भी नहीं है कि ईरान में सब कुछ ठीक है। निरंकुश सर्वोच्च ईरानी नेता अली खामेनेई धार्मिक कट्टरता और स्वतंत्र-प्रगतिशील सोच के दमन के लिये भी जाने जाते हैं। ईरान की बड़ी आबादी खामेनेई के खिलाफ खड़ी रही है। लेकिन इस संघर्ष का बड़ा खतरा विश्व के नये ध्रुवीकरण के रूप में सामने आ सकता है। कहा जाता रहा है कि ईरान के परमाणु व मिसाइल कार्यक्रम में रूस की बड़ी भूमिका रही है।

> **अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान- इजराइल संघर्ष में सीधे कूदकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। अमेरिकी एक्शन से जिसकी लाठी उसकी भैंस वाला रवैया स्पष्ट नजर आ रहा है। आशंका है कि अब टकराव और भयानक होगा।**

इस संघर्ष के मूल में कच्चे तेल की कूटनीति भी रही है। बड़ा संकट यह भी है कि इस टकराव का असर उस होरमुज की खाड़ी पर भी हो सकता है जहां से वैश्विक स्तर पर 21 फीसदी कच्चे तेल की सप्लाई होती है।

बहरहाल, इजराइल व ईरान के संघर्ष और उसमें अमेरिका के कूदने से पूरा मध्यपूर्व अनिश्चितता के भंवर में फंसता नजर आ रहा है। इस नये मोर्चे को खोलने से इजराइली जनता की मुश्किलें भी और बढ़ गई हैं।

# आत्मरक्षा संघर्ष या शक्ति-राजनीति की सोची-समझी स्क्रिप्ट?

वैश्विक तनाव

**सुरेश सेठ**

ऐसा प्रतीत होता है कि समृद्ध राष्ट्रों के लिए वैश्विक तनाव एक रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है—अपनी सैन्य शक्ति के प्रदर्शन, हथियारों के व्यापार को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में वर्चस्व बनाए रखने के लिए। दशकों पुरानी शत्रुता के साथ शांति और अहिंसा की बातें केवल औपचारिक वक्तव्यों तक सीमित हैं। वास्तविकता यह है कि कहीं न कहीं युद्ध का बहाना ढूंढ़कर उसे भड़का दिया जाता है। इन शक्तिशाली देशों ने अपने ऐतिहासिक विकास की कीमत पर दो गंभीर समस्याएं—पर्यावरण प्रदूषण और वैश्विक ऊष्मीकरण—तीसरी दुनिया के कंधों पर डाल दी हैं। स्वयं आर्थिक रूप से सक्षम होने के बावजूद वे इन समस्याओं से निपटने के लिए न तो पर्याप्त आर्थिक संसाधन साझा करने को तैयार हैं, और न ही कोई वास्तविक उत्तरदायित्व लेने को। इसके विपरीत, वे भारत जैसे उभरते देशों को नेतृत्व का दायित्व सौंपते हैं, शायद इसलिए कि ये देश संसाधनों के अभाव में हमेशा उनकी मदद के मोहताज बने रहें और वैश्विक राजनीति में उनकी शर्तों पर खेलते रहें। आज दुनिया को जिन वास्तविक युद्धों की आवश्यकता है—भुखमरी, महंगाई, भ्रष्टाचार और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए—वो युद्ध कभी लड़े ही नहीं गए। इसके बजाय, शंतिप्रिय देशों पर आधुनिक हथियारों की वर्षा कर के, राष्ट्रों के भूगोल को युद्धभूमि बना दिया गया। आज जब रूस-यूक्रेन युद्ध एक तीन 'पुरानी त्रासदी' बन चुका है और चीन-ताइवान का टकराव स्थायी तनाव का चित्र बन गया है, तब दुनिया का ध्यान इजराइल और ईरान के बीच उभरे नए संकट पर केंद्रित है। यह संघर्ष न केवल क्षेत्रीय अशांति का प्रतीक है, बल्कि इसके पीछे छिपी वैश्विक राजनीति की कई परतें भी उजागर करता है। निस्संदेहे, इजराइल को अपने पड़ोसी देशों और आतंकी संगठनों से लंबे समय से खतरे का सामना रहा है। लेकिन इजराइल को पश्चिमी शक्तियों, विशेषकर अमेरिका का भरपूर समर्थन प्राप्त है—ऐसा समर्थन जो सिर्फ सैन्य या कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक नियंत्रण के इरादे से संचालित होता है। ईरान जब परमाणु शक्ति की ओर अग्रसर होता है, तो उसे परमाणु अप्रसार संधि का वास्ता देकर रोका जाता है, जबकि जिन देशों के पास पहले से परमाणु हथियार हैं, वे न केवल इस संधि से बाहर हैं, बल्कि अपनी परमाणु क्षमताएं और सैन्य दबदबा लगातार बढ़ा रहे हैं। इजराइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत ईरान के लगभग सैन्य व परमाणु ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ा हमला किया, जिसमें कई वरिष्ठ कमांडर, सेना प्रमुख और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बयान दिया कि ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु शक्ति नहीं बनने दिया जाएगा, क्योंकि वह 'हमारे अस्तित्व के लिए खतरा' है। ईरान ने इसका कड़ा जवाब देने की चेतावनी दी है, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे 'सिर्फ शुरुआत' करार देते हुए ईरान को परमाणु हथियार का सपना भूलने की धमकी दी है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या यह वास्तव में इजराइल और ईरान का युद्ध है? या फिर यह उन वैश्विक शक्तियों की रणनीति का हिस्सा है जो नहीं चाहतीं कि मुस्लिम दुनिया कभी संगठित या परमाणु रूप से सशक्त हो? क्या यह संघर्ष वाकई आत्मरक्षा का है, या फिर शक्ति-राजनीति की एक सोची-समझी स्क्रिप्ट, जिसमें इजराइल केवल एक मोहरा है और असली नियंत्रण अमेरिका जैसे देशों के हाथ में है? युद्ध की जटिलता इसलिए बढ़ जाती है कि इसमें वैचारिक, भू-राजनीतिक और धार्मिक आयाम हैं। दोनों देश एक-दूसरे को अस्तित्व का खतरा मानते हैं और इसलिए अपने सभी संसाधनों के साथ उच्च जोखिम उठाने को तैयार हैं। अमेरिका के नेतृत्व वाला पश्चिमी गुट इजराइल को अकेला नहीं छोड़ेगा, भले ही इजराइल इस युद्ध के लिए स्पष्ट रूप से जिम्मेदार हो। पश्चिम एशिया में अमेरिकी शक्ति काफी हद तक इजराइल के क्षेत्रीय प्रभुत्व पर निर्भर करती है। दूसरी ओर ईरान पिछले पांच दशकों में सबसे कमजोर दिखाई देता है। वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान कभी इतना कमजोर नहीं दिखा। पश्चिमी प्रतिबंधों ने इसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया है और सेना के तकनीकी आधुनिकीकरण को रोक दिया है। ईरान की कमजोरी का सबसे महत्वपूर्ण कारण पड़ोस में उसके छद्म गुटों का कमजोर होना है। इजराइल ने गाजा में हमास को अपंग, लेबनान में हिजबुल्लाह को कमजोर और यमन में हूती को बेअसर कर दिया है। आज सऊदी अरब और कई सुन्नी देश ईरान का समर्थन करने के बजाय तटस्थता को प्राथमिकता देंगे। इन परिस्थितियों ने इस्राइल को ईरान पर आक्रमण करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान किया। मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति भी इजराइल के अनुकूल है।



> **दुनिया में शांति के ढोंग के पीछे सत्ता की लालसा छिपी है, जो संघर्ष और युद्ध को लगातार बढ़ावा देती है। इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष न केवल क्षेत्रीय अशांति का प्रतीक है, बल्कि इसके पीछे छिपी वैश्विक राजनीति की कई परतें भी उजागर करता है। क्या यह संघर्ष वाकई आत्मरक्षा का है, या फिर शक्ति-राजनीति की एक सोची-समझी स्क्रिप्ट, जिसमें इजराइल केवल एक मोहरा है और असली नियंत्रण अमेरिका जैसे देशों के हाथ में है?**

बहरहाल चाहे युद्ध कहीं भी हो और कोई भी पक्ष लड़ रहा हो, हार अंततः मानवता की होती है। इसका सबसे बड़ा नुकसान नई पीढ़ी को भुगतना पड़ता है, जिसकी किताबों में ज्ञान की जगह हथियारों की समझ भर दी जाती है। जिन मानवीय सहायता समूहों और संस्थानों के पुनर्निर्माण का वादा वैश्विक शक्तियों ने किया था, उन्हें फंडिंग मिलनी बंद हो जाती है, और वे समाज के सबसे पिछड़े वर्गों को और गहरे अंधकार में छोड़ देते हैं। इस समय दुनिया हिंसा और उत्पीड़न के एक गंभीर दौर से गुजर रही है। हाल की संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की रिपोर्ट बताती है कि जबरन विस्थापित लोगों की संख्या 12.2 करोड़ को पार कर चुकी है—यह संख्या पिछले वर्ष से 20 लाख अधिक और पिछले दशक की तुलना में दोगुनी है। सीरिया से लेकर सूडान तक, अफगानिस्तान से यूक्रेन और बांग्लादेश तक—हर कोना मानवीय त्रासदी की कहानी कह रहा है। यूक्रेन, जो कभी एक समृद्ध, शिक्षित और खनिज संसाधनों से भरपूर देश था, तीन साल के युद्ध में तहस-नहस हो चुका है। वहीं अफगानिस्तान में एक करोड़, यूक्रेन में 88 लाख और म्यांमार में भी विस्थापन का संकट गहराता जा रहा है। धर्म, राजनीति या भू-राजनीतिक हितों के नाम पर लोगों को उजाड़ा जा रहा है और वे नए ठिकानों की तलाश में भटक रहे हैं। विकास की दिशा युद्ध और हथियारों की नहीं, बल्कि शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति की होनी चाहिए।

लेकिन अफसोस, आज लड़ाई केवल ज़मीन, आकाश और समुद्र तक सीमित नहीं रही—अब अंतरिक्ष में भी युद्ध की तैयारी हो रही है। हम अपने विनाश की पटकथा स्वयं लिख रहे हैं, अपने साहित्य, संस्कृति, नैतिकता और जीवन मूल्यों की आहुति देकर।

# जीवन प्रत्याशा बढ़ी, जीवन शैली से बीमारियों में इजाफा

स्वास्थ्य जागरूकता

**पंकज चतुर्वेदी**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशक के दौरान भारत में मनुष्य की औसत उम्र, यानी जीवन प्रत्याशा में 22 वर्ष का इजाफा हुआ और यह 70.42 वर्ष हो गयी. परंतु चिंता की बात यह है कि आम आदमी की दवाई और अस्पताल का खर्च भी बढ़ रहा है। इनमें से अधिकांश बीमारियां जीवनशैली से जुड़ी हैं, जिनमें खानपान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं। देश की 35 प्रतिशत युवा पीढ़ी उच्च रक्तचाप, तनाव और मधुमेह जैसे रोगों का शिकार हो रही है। एक प्रसिद्ध चिकित्सा शोध पत्रिका की रिपोर्ट कहती है कि दुनिया में हर वर्ष एक करोड़ लोगों का जीवन अस्वास्थ्यकर भोजन के कारण खतरे में पड़ता है। भारत में अत्यधिक स्टार्च और चीनी के कारण बड़ा संकट है। अशुद्ध खानपान से हमारे देश में हर वर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। खाद्य पदार्थों में मिलावट, असुरक्षित और खराब गुणवत्ता वाले भोजन के कारण फूड प्वायजनिंग, डायरिया, स्टमक फ्लू और अन्य गंभीर बीमारियां मौत और अस्पताल खर्चों का बड़ा कारण बन गयी हैं। बीते एक दशक के दौरान भारत में बाहर खाने, सड़क किनारे स्नैक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा कम करने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर भोज्य सामग्री की गुणवत्ता, रसोई स्थल की साफ-सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों की साफ-सफाई के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता फैलायी जाए। 'लांसेट' पत्रिका में छपा एक शोध बताता है कि बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छह आहार संबंधी हैं। जानकर आश्चर्य होगा कि अब बड़ी जनसंख्या पेट भरने की बनिज्बत स्वाद और फैशन के लिए बहुत-सा आहार ले रही है, जिसका असर साबुत अनाज, फल-सब्जी और डेयरी उत्पादों के साथ-साथ मांसाहार पर भी दिखता है। 'फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन' नाम की पत्रिका में छपी एक रिसर्च बताती है कि जो लोग तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें खाते हैं, उनसे उनके शरीर में सूजन बढ़ती है और लिवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत अधिक रहता है, इनमें क्रॉनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) भी शामिल है। लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ संजीव सहगल कहते हैं कि लगभग 50 प्रतिशत लिवर की बीमारियां सिर्फ खाना सुधारने से रोकी जा सकती हैं। शराब, प्रोसेस्ड फूड और आलसी जीवनशैली से लिवर को जो नुकसान पहुंचता है, वह सही खानपान से ठीक किया जा सकता है। कुछ वर्ष पहले हैदराबाद के ओस्मानिया मेडिकल कॉलेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया, तो पता चला कि स्ट्रीट फूड के मतवाले हैदराबादी, वास्तव में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं। इस अध्ययन के अनुसार, हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। ऐसे 500 विक्रेताओं में से अधिकांश अस्वच्छ पानी का उपयोग करते हैं, और हाथ धोने जैसी बुनियादी स्वच्छता प्रथाओं का पालन नहीं करते। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड के 90 से 92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेस बैक्टीरिया पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेयर द्वारा किये गये सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई में सड़कों पर बिकने वाले 88 प्रतिशत खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाये गये, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस जैसे बैक्टीरिया भी शामिल थे। बीते वर्ष अक्तूबर में दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में हेपेटाइटिस ए के मामले अचानक बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गये। इस महीने प्राप्त 145 नमूनों में से 70 से अधिक हेपेटाइटिस ए से ग्रस्त पाये गये और इसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। चाहे महानगर हों या कि छोटे शहर और कस्बे, सॉस, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं, जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, वाहनों की आवाजाही और सड़क की धूल उड़ती रहती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों की चपेट में पहुंचा देता है, जहां जीवनभर के लिए दवा पर निर्भरता हो जाती है। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण भी है और मजबूरी भी। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर घर का भोजन कर सकें या बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठा सकें। इसके बावजूद इसके सेवन से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा और जागरूकता से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।




> **लांसेट पत्रिका में छपा एक शोध बताता है कि बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छह आहार संबंधी हैं। जानकर आश्चर्य होगा कि अब बड़ी जनसंख्या पेट भरने की बनिज्बत स्वाद और फैशन के लिए बहुत-सा आहार ले रही है, जिसका असर साबुत अनाज, फल-सब्जी और डेयरी उत्पादों के साथ-साथ मांसाहार पर भी दिखता है।**

प्रसंगवश

## नोबेल के लिए स्वयं को 'शांतिदूत' बता रहे ट्रंप

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं? क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है? क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ 'जेहाद' करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला-पोसा है, उस देश ने नोबेल शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं? यदि अमरीकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य-पूर्व में ही, ईरान के इर्द-गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं? करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं? क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है? कमोबेश अमरीका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमरीका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी? सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमरीका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है? मौजूदा इजरायल-ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोड़ने को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है? ट्रंप बार-बार बयान बदल रहे हैं। अमरीका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद करा दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है? ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना-देना? उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमरीका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमरीका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे। राष्ट्रपति ट्रंप का नोबेल पुरस्कार के लिए दर्द बार-बार बयां हो रहा है कि वह कितना, कुछ भी कर लें, लेकिन उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। उनकी यह छटपटाहट इसलिए भी घनीभूत होती है, क्योंकि 2009 में तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। अब यह तय होना है कि ट्रंप पात्र हैं या नहीं?



> **यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो फिलिस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? ऐसे में ट्रंप की नोबल के लिए छटपटाहट कितनी जायज है।**

## ॥गीता॥



**श्लोक : यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम्**
**असम्मूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते**
**॥10 ।3 ॥**

**भावार्थ :**

जो मुझको अजन्मा अर्थात् वास्तव में जन्मरहित, अनादि (अनादि उसको कहते हैं जो आदि रहित हो एवं सबका कारण हो) और लोकों का महान् ईश्वर तत्व से जानता है, वह मनुष्यों में ज्ञानवान पुरुष संपूर्ण पापों से मुक्त हो जाता है ।

जीवन दर्शन

## बांधकर रखें सांसों की गांठ, सुंदर होगा जीवन

जीवन में एक चीज कभी नहीं बदलती - सांस। जब तक मनुष्य जीवित है, तब तक सांस आएगी। यह एक उपहार है। किसी को अगली सांस के बारे में नहीं पता, लेकिन हर सांस अपने साथ जीवन का एक और क्षण लेकर आती है। जिंदगी का गलीचा ऐसे ही बुना गया है, एक-एक क्षण को पिरोकर। दूर से देखने पर पूरा गलीचा एक-सा लगता है, लेकिन पास जाते ही उसकी बुनाई उभर आती है। उसकी गांठें दिखने लगती हैं। यह बुनाई सांसों की है, तमाम क्षणों को जोड़ने वाली गांठें। अब सोचिए कि जो सांस आई और अपने साथ जीवन का एक और क्षण लेकर आई, उसमें आपने क्या किया? उस क्षण में क्या जोड़ा, क्या ले आए, किसका स्वागत किया? गलीचे में गांठ लगाने वाला अगर ध्यान नहीं देगा, तो पूरी बुनाई बिगड़ जाएगी। गांठ अच्छी तरह नहीं बैठेगी और रंग उल्टे-सीधे हो जाएंगे। फिर जो बनेगा, वह देखने में भद्दा लगेगा। यही गलीचा आपका जीवन है और गांठें आपकी सांस, आपके क्षण। जिंदगी का कानून ऐसा है कि जैसा गलीचा बनाएंगे, वेसा ही जीवनभर देखने को मिलेगा। अगर कसर रह गई, बुनाई भद्दी हो गई, तो फिर उसी भद्दे गलीचे को देखना पड़ेगा। लेकिन, इसकी उम्मीद हमेशा रहती है कि हमें वैसा जीवन न बिताना पड़े। उम्मीद रहती है कि जीवन में आनंद हो। इसके लिए ध्यान उस सांस में रहे, जहां से आनंद मिल सकता है। संसार में जो करना है, वह करते हुए भी सांस को पहचानें, हर सांस को बचाएं और उसमें गांठ लगाएं। यह सांस क्या है और हमारे अंदर क्या बसा है? इसके लिए अपनी सांस को पहचानना होगा। आज तक जो आपसे अजनबी थी, अब उससे दोस्ती कीजिए। यह हमेशा आपके साथ रहती है। जहां आप जाएंगे, वहां यह। इससे बच नहीं सकते और जिस दिन बच गए, उस दिन बचना नहीं चाहेंगे। जिस दिन इसने आना छोड़ दिया, उस दिन आप भी खुद से अजनबी बन जाएंगे। हर एक सांस के साथ जीवन आता है और हर सांस के साथ एक ख्वाहिश जाती है। एक इच्छा कि मैं अपने जीवन को सफल करूं। एक जिज्ञासा कि मैं भी उस परमानंद का अनुभव करूं। एक लहर कि मेरे जीवन का हर एक पल, हर एक क्षण इस तरह बीते कि मैं सुख और शांति का अनुभव कर सकूं। सारा आनंद, जो कुछ भी मुझमें है, वह इस सांस के साथ आया और मुझमें समा गया। सारे संसार को चलाने वाला ही सांस रूपी झूले को भी चलाता है। वही ताकत, वही सत्ता, जो सूरज को चमका रही है, जिसने सारे संसार को बनाया, उसने यह सांस भी बनाई। इस सांस के जरिये वही अविनाशी ताकत आकर छूती है आपको। इस झूले को चलने दीजिए, इसमें खो जाइए। सांस के सुर और ताल के साथ नाचना सीखिए। हम कुछ भी इस उम्मीद में करते हैं कि इससे आनंद आएगा। हकीकत में हमें नहीं पता कि जीवन का सफर कैसे चल रहा है। मंजिल तक पहुंचने के लिए सच्चे मार्गदर्शक की जरूरत है। मार्गदर्शक जब ज्ञानरूपी नक्शा देगा, तो मंजिल तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फिल्म सिटी में टीवी सीरियल अनुपमा के सेट पर लगी भीषण आग

**मुंबई।** मुंबई उपनगर के गोरेगांव इलाके में फिल्म सिटी के नाम से प्रसिद्ध दादा साहब फाल्के चित्रनगरी में एक टीवी सीरियल के सेट पर सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गोरेगांव के फिल्म सिटी कॉम्प्लेक्स, व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल, फिल्म सिटी रोड स्थित अनुपमा स्टूडियो में सुबह 6.10 बजे आग लग गई। आग केवल बिजली के तारों तक ही सीमित थी। यह स्टूडियो के पांच हजार वर्ग फुट क्षेत्र में बिजली के इंस्टालेशन, प्लास्टिक सामग्री, लोहा और सजावटी सामग्री, कैमरे, वेशभूषा, प्रकाश व्यवस्था और स्टूडियो उपकरणों तक फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं और घंटों की मशक्कत के बाद करीब 10.15 बजे आग पर नियंत्रण पा लिया गया।

### पहलगाम आतंकी हमला, दो आरोपी एनआईए की 5 दिन की रिमांड पर

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले से जुड़े दो आरोपियों को सोमवार को जम्मू की एक अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को पांच दिन की रिमांड पर सौंप दिया। इन दोनों आरोपियों- परवेज अहमद और बशीर अहमद को 22 अप्रैल के हमले में आतंकियों को पनाह और सहयोग देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने एनआईए की कस्टोडियल पूछताछ की मांग को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 27 जून तय की है। हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी। रविवार को पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने केंद्र सरकार से अपील की थी कि हमले के जिम्मेदारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा, 'पहलगाम में जो हुआ, वह निंदनीय है... पर्यटन ठप हो गया है और जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था पंगु हो गई है। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भरोसा जताया कि अगले 15-20 दिनों में क्षेत्र में पर्यटन पूरी तरह बहाल हो जाएगा।

### स्पोर्ट्स साइंस और न्यूट्रीशियन पर हुई कार्यशाला

**विसं भोपाल।** विश्व ओलंपिक डे पर मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा स्पोर्ट्स साइंस एवं स्पोर्ट्स न्यूट्रीशियन विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संतुलित पोषण की जानकारी देना रहा। कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ी, कोच, खेल अकादमी के प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए।

# तबादलों पर फिर हो सकता है निर्णय, कई विभागों की सूची अटकी

## 17 जून को खत्म हो चुकी है तबादलों की तारीख

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध भले ही लग गया हो, लेकिन अभी भी आधा दर्जन से ज्यादा ऐसे विभाग हैं, जहां की स्थानांतरण सूची जारी नहीं हो सकी है। सूत्रों की मानें तो कुछ मंत्रियों द्वारा तबादलों की तीसरी बार तारीख बढ़ाने के आग्रह को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नहीं माना। अब कहा जा रहा है कि मामले पर सरकार कोई बीच का रास्ता निकाल सकती है। गौरतलब है कि सरकार ने नई तबादला नीति लागू करते ही 1 मई को तबादलों से प्रतिबंध हटा दिए थे और 30 मई तक तबादले करने का रास्ता साफ कर दिया था। किन्तु तब सूचियां जारी होना तो दूर कुछ विभागों ने अपनी स्थानांतरण पॉलिसी भी तैयार नहीं की थी। इसके बाद सरकार ने तारीख बढ़ाते हुए तबादलों की डेड लाइन 10 जून कर दी,जिसे बाद में बढ़ाकर 17 जून कर दिया। इसके बाद भी कई विभागों की सूची जारी नहीं हो सकी। कई विभागों की तो सूची तैयार भी नहीं हुई। बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग, वन, माइनिंग, सामान्य प्रशासन और हार्टिकल्चर जैसे विभागों की सूचियां अब तक जारी नहीं हो सकी है। सूत्रों का कहना है कि इन विभागों से जुड़े मंत्रियों ने पिछली कैबिनेट की बैठक में सीएम से पचमढ़ी प्रशिक्षण वर्ग में व्यस्त होने की बात करते हुए तबादलों की तारीख में कुछ दिन बढ़ाने का आग्रह किया था,किन्तु सीएम ने इसके लिए स्पष्ट इंकार कर दिया था।



सूत्रों का कहना है कि कई विधायकों ने भी सीएम से उनके प्रस्तावों की अनदेखी करने की बात कही है। सरकार के दो मंत्रियों ने भी अधिकारियों पर अपनी मनमानी कर उनके द्वारा अनुमोदित सूचियों को नजरादांज करने का आरोप भी लगाया और इस बारे में सीएम के सामने भी अपनी बातें रखी। कहा जा रहा है कि सीएम इस मामले में अगली कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से चर्चा कर सकते है और कोई ऐसा बीच का रास्ता निकाला जा सकता है,जिससे सरकार को तबादलों की तारीखों को नहीं बढ़ाना पड़े और विभागों की सूचियां जारी भी हो जाए। सूत्रों का यह भी कहना है कि संघ के कुछ पदाधिकारियों ने भी जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा होने की शिकायत सीएम से की है और सभी को संतुष्ट करने का आग्रह भी किया है।

### 22 हजार शिक्षकों के आवेदन लंबित

स्कूल शिक्षा विभाग स्थानांतरण सूची जारी करने के मामले में सबसे पीछे रहा है। बताया जा रहा है कि तकरीबन 22 हजार शिक्षकों के स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदनों पर अब तक कोई निर्णय नहीं हो सका है। इनमें से अधिकांश से ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया था,किन्तु उनके आवेदनों पर अब तक कोई विचार नहीं हो सका है। जानकारों की माने तो स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्थानांतरण की तारीखों में मोहलत देने के लिए पत्र लिखा है। इनके अलावा कुछ दूसरे विभागों के मंत्रियों ने भी सीएम से औपचारिक तौर पर आग्रह किया है।

### मुख्यालय पहुंच रहे हैं आवेदक

स्थानांतरण आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं होने पर कई आवेदक भोपाल स्थित विभाग के मुख्यालय, मंत्रालय और मंत्रियों के आवासों के चक्कर काट रहे हैं। डीपीआई में भी अपने आवेदनों की कॉपी लिए कई शिक्षक परिवार सहित दिन भर बैठे देखे जा सकते हैं। मंत्रियों के बंगलों में भी अपने समर्थकों के साथ विधायक और भाजपा के नेता, पूर्व विधायक भी स्थानांतरण के लिए आग्रह कर रहे हैं।

### तीन साल बाद हटा था तबादलों से बैन

गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने अपनी तबादला नीति बनाई थी। इसके आधार पर तबादले किए गए थे। इसके उपरांत थोक बंद तबादले नहीं किए गए। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर सीएम समन्वय के आधार पर विभागों ने काम चलाने के लिए अधिकारी कर्मचारियों के तबादले किए, लेकिन इससे बड़े स्तर पर अधिकारी कर्मचारी प्रभावित नहीं हुए। डॉ. मोहन यादव ने सत्ता की कमान संभालने के बाद अधिकारियों को नई तबादला नीति बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नई तबादला नीति तैयार की गई । जिसे कैबिनेट में सहमति बनते ही जारी कर दिया गया। इस नीति में विभागों को अपने स्तर पर अपनी पॉलिसी बनाने की छूट भी दी गई। जिससे स्कूल शिक्षा सहित कुछ विभागों द्वारा अपनी तबादला नीति बनाई गई। जिसके आधार पर आवेदन बुलाए गए। कुछ विभागों ने ऑफलाइन आवेदन भी लिए। लेकिन कुछ विभाग इन आवेदनों पर निर्णय नहीं ले सका और आवेदक अधिकारी कर्मचारी परेशान होकर राजधानी में अपने विभागों के मुख्यालय और विभागीय मंत्रियों के बंगलों के चक्कर काट रहे है। लेकिन उन्हें मंत्रियों के यहां से भी निराशा मिल रही है। कुछ आवेदक भाजपा नेताओं के चक्कर काटकर अपना स्थानातंरण कराने का आग्रह कर रहे हैं।

# सीएम ने दिल्ली में की पीएम से मुलाकात आज वाराणसी की बैठक में होंगे शामिल

## जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में पीएम वर्चुअल होंगे शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को दिल्ली प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित दूसरे केन्द्रीय मंत्रियों और नेताओं से मुलाकात की। सीएम 24 जून को वाराणसी में होने वाली 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सीएम ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी मुलाकात की। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में सीएम डॉ.यादव शामिल होंगे। वाराणसी के होटल ताज में होने वाली इस अहम बैठक में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास, स्वास्थ्य, प्रशासनिक समन्वय और राज्यों से जुड़े विशेष मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बैठक में संबंधित प्रदेशों के मुख्य सचिव,नीति आयोग के प्रतिनिधि, अंतर्राज्यीय परिषद के सदस्यगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### मानसून के दौरान सावधान रहें नागरिक

दिल्ली जाने से पूर्व सीएम डॉ. यादव ने मानसून को लेकर अधिकारियो को आवश्यक निदेश दिए, तो प्रदेशवासियों से सावधान रहने की अपील भी की। सीएम ने अधिकारियों को बाढ़, जलभराव और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के नागरिकों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने आपदा प्रबंध दलों को अलर्ट रहने और जलभराव और बाढ़ संभावित क्षेत्रों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होने का दिया आमंत्रण

दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा में सीएम ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदेश के सीहोर में अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले कृषि आधारित मेगा कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया है। उन्हें बताया है कि कृषि को उद्योग से जोड़ने हेतु 12, 13 और 14 अक्टूबर को सीहोर में 2 लाख से अधिक किसानों की भागीदारी वाला कृषि आधारित मेगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फूड प्रोसेसिंग और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। सीएम ने कहा कि राज्य कृषि, सुरक्षा, वैज्ञानिक नवाचार और प्रशासनिक सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। प्रदेश की जीवनशैली पूरी तरह कृषि आधारित है। भौगोलिक दृष्टि से देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य मध्यप्रदेश न केवल सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला है, बल्कि कृषि विकास दर में भी देश में शीर्ष पर है। राज्य में 55 लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि, 24 घंटे बिजली आपूर्ति, और बेहतर सड़कों की कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सीएम ने बताया कि प्रदेश में केन-बेतवा



परियोजना (उत्तर प्रदेश के साथ) पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना (राजस्थान के साथ) और ताप्ती नदी लिंक योजना (मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के साथ) जैसी परियोजनाएं प्रगति में है। भोपाल में हाल ही में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर बहनों के लिए एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार ने 9 वर्षों से लंबित कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नति के मामलों का समाधान करते हुए नई पदोन्नति नीति लागू की है।जिससे 5 लाख से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ है और 2 लाख से अधिक नए पदों पर भर्ती की संभावना बनी है।

### प्रशासनिक सदस्य विश्वास चौहान की मॉरीशस यात्रा की अध्यक्ष ने की शिकायत

**विसं भोपाल।** प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमीशन (पीयूआरसी), मध्यप्रदेश के अध्यक्ष द्वारा अपने ही प्रशासनिक सदस्य विश्वास चौहान के विरुद्ध शिकायत कर विश्वास चौहान की मॉरीशस यात्रा को अनधिकृत और नियमविहीन बताते हुए एसीएस, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन को पत्र लिखा है। आयोग अध्यक्ष भारत शरण सिंह संघ की पृष्ठ भूमि से आते है शिक्षा के क्षेत्र में लंबा अनुभव है और लंबे समय से विभिन्न सामाजिक सरोकारों में प्रभावी कार्य कर रहे है। इनके द्वारा आयोग अध्यक्ष के अध्यक्ष के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किये इसलिये प्रशासनिक सदस्य विश्वास चौहान की मॉरीशस यात्रा की शिकायत वास्तव में गंभीर मामला है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विश्वास चौहान ने न तो आयोग की अनुमति ली, न ही शासन की स्वीकृति प्राप्त की और न ही यात्रा से संबंधित कोई आधिकारिक अवकाश लिये बिना ही दुबई और मॉरीशस की विदेश यात्रा की गई। साथ ही यात्रा के उद्देश्य, निधि स्रोत और अनुमोदन प्रक्रिया को लेकर भी अध्यक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। अध्यक्ष का कहना है कि इस प्रकार की विदेश यात्रा, सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरुद्ध है और अनुशासनहीनता है। चौहान की ओर से अब तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन गौरतलब बात यह है की विश्वास चौहान भी आरएसएस से जुड़े हुये हैं।

# दिव्यांग पेंशन पर कांग्रेस का आरोप, भाजपा का पलटवार

### देश में सबसे कम पेंशन मध्यप्रदेश में : कमलनाथ | कांग्रेस सरकार में सबसे ज्यादा हुई कटौती : अग्रवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दिव्यांगों की पेंशन को लेकर प्रदेश में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पूर्व सीएम कमलनाथ की मांग पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस की सरकारों पर दिव्यांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। दरअसल पूर्व सीएम कमलनाथ ने प्रदेश सरकार से अन्य



राज्यों की तरह मध्यप्रदेश के दिव्यांगों को भी 600 रुपए की जगह पात्र राशि 1562 रुपए प्रतिमाह की पेंशन दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार



दिव्यांगों की पेंशन जैसे संवेदनशील मामले में सकारात्मक रुख अपनाएं। उन्होंने मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों को देश में सबसे कम पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां आंध्रप्रदेश में दिव्यांगों को छह हज़ार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती है, वहीं मध्यप्रदेश में यह सिर्फ छह सौ रुपये प्रतिमाह है। इस पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस पर दिव्यांगजनों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगजनों में भ्रम फैलाने के असफल प्रयास से पहले कमलनाथ को अपनी 15 महीने की सरकार के कार्यकलापों पर नजर डालनी चाहिए। इस दौरान ने तो दिव्यांगजनों के लिए नीति बनाई और न ही बजट में बढ़ोतरी का प्रावधान किया। 2019-20 के बजट में दिव्यांग कल्याण के लिए 22 प्रतिशत की कटौती की गई। पेंशन का भुगतान महीनों तक लंबित रहा, 2018-19 में हजारों फाइलें लटकाई गईं। अग्रवाल ने कहा है कि बीजेपी सरकार ने दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार दिव्यांग जन निदेशालय की स्थापना की गई।

# समिति की सिफारिशों का कार्यान्वियन छह माह में सुनिश्चित होः सभापति

## प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र विधान सभा प्राक्कलन समिति के सभापति अजय विश्नोई ने कहा कि समिति के परीक्षण का मूल उद्देश्य विभागों में सार्वजनिक धन का मितव्ययता के साथ सही उपयोग एवं प्रशासन में कार्यकुशलता लाना है। विश्नोई सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधान सभा द्वारा आयोजित संसद तथा राज्य विधान मंडलों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधान सभा समिति द्वारा जाँच में किये गये नवाचारों जैसे लोकस्वास्थ्य यांत्रिक विभाग अन्तर्गत नल जल योजना,स्मार्ट सिटी योजना व डायल 100 जैसी योजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर समिति द्वारा स्थल अवलोकन किया जाकर पाई विसंगतियों पर अधिकारियो को निर्देश देकर दुरुस्त कराने का उल्लेख करते हुए मांग की कि लोक सभा की भाँति राज्यों में समिति के मूल प्रतिवेदन में शामिल सिफारिशों का क्रियान्वयन 6 माह में सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि कार्य में निरंतरता के लिए समिति का कार्यकाल दो वर्ष करने, समिति के प्रभावी कार्यकरण में महालेखाकार के सहयोग की व्यवस्था करने




तथा समिति में विधि व वित्तीय प्रबंधन के जानकार सदस्यों को सदस्य बनाये जाने के भी सुझाव दिये। इस अवसर पर विश्नोई के साथ चिंतामणि मालवीय, सोहन लाल बाल्मीक, आशीष शर्मा सदस्य तथा डॉ एपी सिंह, प्रमुख सचिव विधान सभा सदस्य सुविधा समिति के सभापति नागेंद्र सिंह (गुढ) एवं सदस्य संदीप जयसवाल, राजेंद्र भारती ने भी विधायकों एवं पूर्व विधायकों विषयों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि सोमवार को दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ ओम बिरला लोक सभा अध्यक्ष द्वारा उप सभापति राज्यसभा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री,विधान सभा अध्यक्ष एवं सांसद तथा राज्यों की प्राक्कलन समितियों के सभापति, गणमान्य जन की उपस्थिति में किया गया।

### भाजपा ने की सबसे ज्यादा संविधान की हत्याः जीतू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा ने ही सबसे ज्यादा संविधान की हत्या की है और अब वह 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने जा रही है। हकीकत तो यह है कि भाजपा की सोच संविधान और दलित विरोधी है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि 25 जून को



भाजपा जो कर रही है, वह खुद के खिलाफ कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा की स्थापना राजनीतिक मुद्दा नहीं है। उनकी प्रतिमा न्यायालय वाले स्थान पर नहीं लगेगी तो कहां लगेगी। सरकार से कई बार आग्रह किया था। उन्होंने आजीविका मिशन घोटाले पर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी किसी भी जांच की बात आती है,तब सरकार लीपा-पोती करती है। आज तक किसी भी जांच का न तो दोषी मिला और न ही कोई सजा हुआ। किसी भी जांच समिति ने जांच नहीं तक नहीं सौंपी। उन्होंने चाचौड़ा विधायक द्वारा सीएम को लिखे पत्र पर कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों का लगातार अपमान कर रही है।

# एमपी की आबकारी और हेरिटेज वाइन नीति की तर्ज पर बनेगी ओडिशा की एक्साइज पॉलिसी

## अध्ययन के लिए भोपाल पहुंचा पांच सदस्सीय दल, प्रति व्यक्ति राजस्व और हेरिटेज वाइन पर फोकस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी में इसी साल 1 अप्रैल से लागू हुई नई आबकारी नीति और प्रदेश की हेरिटेज वाइन पॉलिसी के कई बिंदुओं को ओडिशा सरकार भी अपनाने की तैयारी कर रही है। इन नीतियों का विस्तृत अध्ययन करने के लिए ओडिशा के आबकारी आयुक्त सहित पांच सदस्यीय टीम सोमवार को भोपाल पहुंची। टीम ने प्रदेश के आबकारी आयुक्त और विभाग के अन्य अधिकारियों से मुलाकात एवं चर्चा कर इन दोनों नीतियों की बारीकियों को समझा। मंगलवार को मध्य प्रदेश की आबकारी टीम द्वारा ओडिशा की टीम को एक प्रेजेंटेशन भी दिया जाएगा, जिसमें दोनों नई नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। ओडिशा की टीम में वहां के आबकारी आयुक्त धर्मेंद्र मलिक के साथ जॉइंट कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर, एक सुपरिंटेंडेंट और एक अन्य अधिकारी शामिल हैं। मध्य प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति का लक्ष्य



हर साल राजस्व बढ़ाना है। प्रति व्यक्ति जनसंख्या के हिसाब से मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है, जो शराब के जरिए सबसे ज्यादा राजस्व हासिल करते हैं। ओडिशा सरकार भी राजस्व बढ़ाने के लिए इसमें किए गए प्रावधानों का बारीकी से अध्ययन करेगी। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में महुए से बनने वाली हेरिटेज वाइन के लिए बनाई गई पॉलिसी के बाद, महुए से बनी शराब की देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी मांग बढ़ी है। ओडिशा में फिलहाल महुआ उत्पादन और महुए से बनने वाली शराब के लिए अलग-अलग लाइसेंस दिए जाते हैं। ओडिशा सरकार इसमें भी बदलाव करना चाहती है।

### एमपी की आबकारी और हेरिटेज वाइन पॉलिसी के अहम बिंदु

- पवित्र क्षेत्रों में वाइन आउटलेट बंद- उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, बरमान खुर्द, कुंडलपुर और बांदकपुर में वाइन आउटलेट बंद
- जनजातीय क्षेत्रों के हित में वाइन शॉप पर हेरिटेज वाइन की बिक्री की भी अनुमति
- एयरपोर्ट काउंटर पर भी हेरिटेज शराब की बिक्री
- हर साल वार्षिक लाइसेंस फीस में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर तय
- सभी दुकानों पर प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनें लगाने का प्रस्ताव, बोतल पर लगे एक्साइज लेबल को स्कैन कर ही होगी बिक्री
- विदेशी शराब के लिए स्मार्ट वेयरहाउस का प्रस्ताव, जिसमें बायोमेट्रिक ई-लॉक का भी प्रावधान
- रेस्तरां बार के लिए लो अल्कोहलिक बेवरेज बार की भी अनुमति, रेस्तरां में बीयर, वाइन और रेडी-टू-ड्रिंक श्रेणी की कम अल्कोहल वाली शराब परोसने की अनुमति
- हेरिटेज वाइन राच्य शासन के वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) से मुक्त
- वाइनरी परिसर में अंगूर और जामुन, शहद से हेरिटेज वाइन बनाने वाली कंपनियों को परिसर में रिटेल आउटलेट खोलने की मंजूरी
- पर्यटकों के लिए वाइनरी परिसर में वाइन टेस्टिंग की सुविधा
- शादी और अन्य समारोहों के लिए तय फीस के भुगतान पर एक दिन के लिए भी लाइसेंस जारी करने का प्रावधान

**आयोजन** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर अनेक कार्यक्रम, बाबा साहब की प्रतिमा को लेकर कांग्रेस को घेरा

# कांग्रेस के उपवास करने पर मुख्यमंत्री का सवाल, 55 साल में क्या किया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में इन दिनों बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस ने इसे लेकर जहां सामूहिक उपवास रखा है, तो भाजपा ने कांग्रेस पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस से सवाल किया कि बीते 55 साल में उन्होंने बाबा साहब के लिए क्या किया।

दरअसल सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव डॉ. श्यामा मुखर्जी की पुण्य तिथि कार्यक्रम के सिलसिले में भाजपा दफ्तर पहुंचे थे। जहां उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के अंतिम संस्कार के लिए जमीन तक नहीं दी वह अब जनता को भ्रमित कर रही है। कांग्रेस को यह बताना होगा कि 55 साल तक सरकार चलाने के दौरान उनके द्वारा बाबा साहब के लिए क्या किया गया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर की घटना को लेकर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के नेतृत्व में गठित कमेटी जो निर्णय करेगी, सरकार उसका पालन करेगी। कांग्रेस ग्वालियर की घटना को लेकर जनता को भ्रमित कर रही है, उसकी वास्तविकता को देश और प्रदेश की जनता भलीभांति जानती है और उनका यह आडंबर चलने वाला नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है, जिसके लिए उसे देश से माफी मांगना चाहिए। बाबा साहब के बनाए संविधान को कुचलते हुए कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल का कलंक देश के माथे पर लगाया था। इसलिए वह बाबा साहब और उनके बनाए संविधान का नाम लेकर अपने पुराने पाप छुपाने का प्रयास कर रही है। उनके कारनामों को जनता भलीभांति जानती है।

### कांग्रेस दोहरे चरित्र वाली पार्टी : शर्मा

भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि ग्वालियर की घटना न्यायालयीन मामला है। कांग्रेस हमेशा से दोहरे चरित्र वाली पार्टी रही है तथा झूठ, छल, कपट की राजनीति करती रही है। कांग्रेस पार्टी ने जीते जी तो बाबा साहब का अपमान किया ही, मरणोपरांत उनके विचारों के साथ भी अन्याय करती रही है। कांग्रेस अंबेडकर विरोधी, आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी है, जबकि भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर की नीतियों का क्रियान्वयन, उनके उद्देश्यों का संरक्षण और उनके बनाए संविधान का संवर्धन करने का कार्य किया है।

### करुणाधाम मंडल में रोपा पौधा

प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के करुणाधाम मंडल के बूथ 54 स्थित संत रविदास मंदिर में दर्शन कर' एक पेड़ मॉ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। यहां शर्मा ने कहा अंत्योदय के विचार पर चलकर भाजपा दुनिया की सबसे बडी पार्टी बनी । भाजपा जो आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान के आधार पर खड़ी हुई है। पार्टी को पं. दीनदयाल उपाध्याय ने विचार दिया है। उनके दिये अंत्योदय के विचार पर चलते हुए भाजपा आज यहां तक पहुंची है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### लोकतंत्र महज वोट देने ...

उसकी रक्षा के लिए केवल संविधान नहीं, एक जागरूक समाज चाहिए। ऐसा समाज जो इतिहास से सीखे, वर्तमान को परखे और भविष्य को संजोए। इसलिए 25 जून को केवल 'काला दिवस' कहकर भूल जाना पर्याप्त नहीं। यह दिन हमें बताता है कि आजादी को कायम रखने के लिए हर पीढ़ी को उसकी कीमत चुकानी होती है - सतर्कता, संघर्ष और संकल्प की कीमत।

### महज ढाई घंटे में ...

दौरान 28 इजराइली नागरिकों की मौत हुई है और करीब 3,000 लोग घायल हुए हैं। इजराइली रक्षा बलों के मुताबिक, ईरान ने अब तक 550 बैलिस्टिक मिसाइलें और 1,000 ड्रोन इजराइल पर दागे हैं, जिनमें से ज्यादातर को एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया। वहीं, ईरान ने दावा किया कि उसने युद्ध की समाप्ति से पहले पूरी ताकत से लड़ाई लड़ी। ईरान के उत्तर में बाबोल और बाबोलसर जैसे शहरों में मंगलवार दोपहर को धमाकों की खबरें आईं, जिसके पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं, इजराइल के हवाई हमले में ईरानी आर्मी के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ अली रजा लतीफी और बसीज फोर्स के काउंटरइंटेलिजेंस चीफ की मौत की खबर भी सामने आई है। इस तनावपूर्ण हालात के बीच इजराइली वायुसेना द्वारा तेहरान के एविन जेल पर हमला किया गया, जिसमें कुछ जेल कर्मचारी और वहां आए परिजन मारे गए। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने इस हमले को 'स्वतंत्रता की जीत' बताया, जबकि मानवाधिकार संगठनों ने इसे बंदियों पर अत्याचार बताया और इसकी निंदा की।

### विस सत्र 28 जुलाई ...

व्यवस्था का प्रावधान होने की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय कि बीते वर्ष 2024 का मानसून सत्र 1 जुलाई से प्रारम्भ हुआ था। उस सत्र में 14 बैठकों के लिए 19 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया था। हालांकि तब सत्र का समय से पहले अवसान हो गया था। अगर इस वर्ष के मानसून सत्र से तुलना करें,तो इस बार 4 बैठकें कम होगी।

### क्षेत्रीय परिषद संघवाद ...

अधिनियम 2025 पारित कर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर को उनके आसपास के जिलों को साथ में लेकर मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की रणनीति तैयार की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नादिया में बम विस्फोट ९ साल की बच्ची की मौत

**कोलकाता।** पुलिस ने बताया कि सोमवार को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में बम विस्फोट में ९ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह घटना कालीगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारोचंदगर में हुई, जहां दोपहर में कथित तौर पर बम फटने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। विस्फोट उस समय हुआ, जब कालीगंज विस उपचुनाव के लिए मतगणना चल रही थी। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि पुलिस दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। बनर्जी ने 'एक्स' पर लिखा, मैं बारोचंदगर में हुए विस्फोट में एक युवा लड़की की मौत से स्तब्ध और बहुत दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा, पुलिस अधिकारी ने कहा, लड़की के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। हम विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन पर एफआईआर

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। गुंटूर जिले के एसपी एस. सतीश कुमार ने बताया कि पूर्व सीएम की कार ने 5



दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। मृतक का नाम चीली सिंघैया है। वह जगन की पार्टी वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ता थे। वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई हुई। घटना 18 जून की है। जगन पालनाडु जिले के रेंटापल्ला गांव में पार्टी के एक कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रहे थे। कार्यकर्ता ने पिछले साल पुलिस प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। जगन मोहन उसी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। जब काफिला एतुकुरु बाइपास से गुजर रहा था, तब यह हादसा हुआ।

### बंगाल: भाजपा के चार विधायक सस्पेंड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को शोर-शराबा और हंगामा के चलते मुख्य सचेतक शंकर घोष समेत भाजपा के चार विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया। घोष के नेतृत्व में करीब 40 भाजपा विधायक पार्टी विधायकों की टिप्पणियों को हटाए जाने का विरोध कर रहे थे। जिन टिप्पणियों को हटाया गया है उनमें जाने-माने अर्थशास्त्री से पार्टी विधायक बने अशोक लाहिड़ी की टिप्पणियां भी शामिल थीं। कार्यवाही शुरू होते ही विधायकों ने मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के भाषण में बार-बार बाधा डाली, जिससे स्पीकर बिमान बंद्योपाध्याय ने पहले उनसे सीट पर जाने को कहा और जब वे नहीं माने तो उन्होंने 4 विधायकों को सदन से निलंबित करने का आदेश दिया। सत्र मंगलवार को समाप्त होगा। घोष और 3 विधायकों अग्निमित्रा पॉल, दीपक बर्मन और मनोज उरांव को दुर्व्यवहार करने, अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना करने, कार्यसूची फाड़ने और अपनी मेजों पर माइक्रोफोन पटकने को लेकर सदन से निलंबित कर दिया गया।

### विश्वगुरु हों या घर के गुरु मोदी जंग रुकवाएं

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं, जबकि दूसरी तरफ ईरान और इजराइल के बीच जंग हो रही है। हमें इसे रोकने का प्रयास



करना चाहिए था। खरगे ने कहा, चाहे आप (मोदी जी) विश्व गुरु हों या घर के गुरु। लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाना, कपड़े और सिर पर छत चाहिए। हम चाहते थे कि वे इन चीजों के लिए प्रयास करें। खरगे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया है, क्योंकि देश अपनी ईंधन की जरूरत का 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है। कर्नाटक के रायचूर में सोमवार को जनसभा में खरगे ने कहा- पीएम मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं। पहलगाम हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में पीएम गायब रहे।




चमोली जिले में देर रात से लगातार हो रही बारिश के कारण भनेरपानी (पीपलकोटी) के पास राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध है। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने के कारण सड़क साफ करने का काम बाधित हो रहा है, जिससे राजमार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं।

# यूक्रेन पर रूसी हमले में ९ लोगों की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**ईरान-इजरायल युद्ध के बीच रूस ने दागी मिसाइलें, घायलों में बच्चे भी शामिल**

**कीव, जेएनएन।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रात में रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में ६ लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।स्थानीय अधिकारियों के अनुसार यूक्रेन में एक अन्य हमले में रविवार देर रात चेर्निहिव क्षेत्र में रूसी कम दूरी के ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख वियाचेस्लाव चौस के अनुसार, घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। राजधानी से लगभग 85 किमी (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में बिला त्सेरकवा शहर में रात में एक और व्यक्ति की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। यह हमला पिछले मंगलवार को यूक्रेन पर संयुक्त रूसी हमले के एक सप्ताह बाद हुआ, जिसमें कीव में 28 लोग मारे गए, जिनमें से 23 एक आवासीय



इमारत में मारे गए, जो मिसाइल के सीधे हमले के बाद ढह गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने उस हमले को युद्ध की सबसे बड़ी बमबारी में से एक बताया, जो अब चौथे वर्ष में है। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि सोमवार की सुबह ड्रोन और मिसाइलों ने कीव के कई आवासीय क्षेत्रों, अस्पतालों और खेल के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान शेवचेनकिव्स्की जिले में हुआ, जहां पांच मंजिला अपार्टमेंट इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

**रूस पर और दबाव बनाने की अपील**

कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि शेवचेनकिव्स्की जिले में ६ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। एक गर्भवती महिला सहित दस अन्य लोगों को पास की ऊंची इमारत से बचाया गया, जिसे विस्फोट में भारी नुकसान पहुंचा। विस्फोट से उड़ते मलबे से क्षतिग्रस्त दर्जनों वाहन, कुछ जल गए और अन्य क्षतिग्रस्त हो गए क्लिट्स्को ने कहा, उम्मीद है कि मरने वालों की संख्या में वृद्धि नहीं होगी।

**ऑपरेशन सिंदूर में खत्म हो चुके स्मार्ट बम सागर डिफेंस एंड एयरोस्पेस से खरीदेगी आर्मी**

# सेना ने दिया 450 नागस्त्र-1आर लोइटरिंग गोला-बारूद का ऑर्डर




**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान खत्म हो चुके स्मार्ट बमों से अपने भंडार को फिर से भरने के लिए सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) से 450 नागस्त्र-1आर लोइटरिंग गोला-बारूद की खरीद का ऑर्डर दिया है। सोरल डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 360 गिम्बल कैमरे के साथ उन्नत लोइटरिंग गोला-बारूद प्रणाली में रात के ऑपरेशन के लिए थर्मल कैमरा का विकल्प भी है। कंपनी ने कहा, इस प्रणाली में वीडियो और टेलीमेट्री संचार दोनों के लिए मालिकाना एन्क्रिप्शन है और यह 2 मीटर सर्कुलर एरर प्रोबेबल (सीईपी) के साथ उच्च परिशुद्धता लक्ष्यीकरण प्रणाली के साथ आता है, जो एक वृत्त की त्रिज्या है, जो इच्छित लक्ष्य बिंदु पर केंद्रित है और इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है। बयान में कहा गया है कि इन प्रणालियों का परीक्षण विभिन्न स्थानों पर किया गया है, जिसमें लद्दाख में उच्च ऊंचाई और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना फील्ड फायरिंग रेंज शामिल हैं। इसने कहा, नागस्त्र-1आर एक लागत प्रभावी प्रणाली है, जिसमें इसके लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से पुनः उपयोगिता है।

**सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा**

12 जून को एसडीएएल ने कहा, उसने परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए पोखरण फायरिंग रेंज में हाइब्रिड वीटीओएल यूएवी का सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा किया, जिसमें स्थिर वास्तविक समय वीडियो लिंक के साथ 50 किमी से अधिक के मिशन दायरे को कवर किया गया और सफल तरीके से मूल लॉन्च बिंदु पर लौटा। लक्ष्य क्षेत्र में घूमने सहित कुल रेंज 170 किमी से अधिक थी, जिसकी अनुमानित सहनशक्ति 1.5 घंटे थी। परीक्षण का एक महत्वपूर्ण आकर्षण एक सटीक-निर्देशित एंटी-पर्सनल वारहेड की सफल तैनाती थी।

**डीआरडीओ और भारत फोर्ज बनाएगी हथियार**

## भारतीय सेना को मिलेंगी चार लाख से अधिक क्लोज-क्वार्टर बैटल कार्बाइन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय सेना की क्लोज-क्वार्टर बैटल हथियार की तलाश डीआरडीओ और स्वदेशी निजी निर्माता भारत फोर्ज के इस परियोजना के लिए सबसे कम बोली लगाने वालों (एल1) के रूप में उभरने के साथ पूरी हो गई है। डीआरडीओ ने सोमवार को एक्स पर कहा, अहम प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए डीआरडीओ के एआरडीई द्वारा डिजाइन और विकसित 5.56×45 मिमी सीक्यूबी कार्बाइन को भारतीय सेना के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) में एल1 के रूप में चुना गया है। रक्षा मंत्रालय (एमओडी) द्वारा 2022 में जारी किए गए स्वीकृति नोट के अनुसार 5.56×45 मिमी सीक्यूबी कार्बाइन की 4,25,213 इकाइयों की आवश्यकता है। इसे खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत खरीदा जाना है। 'खरीदें (भारतीय)' श्रेणी में भारतीय विक्रेता से उत्पादों की खरीद शामिल है, जो दो शर्तों में से एक को पूरा करते हैं। ऐसे उत्पाद जो स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किए गए हैं, जिनमें कुल अनुबंध मूल्य के लागत आधार पर न्यूनतम 50 फीसदी स्वदेशी सामग्री



(आईसी) है या ऐसे उत्पाद, जिन्हें स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित नहीं किया गया है, जिनमें कुल अनुबंध मूल्य के लागत आधार पर 60 फीसदी आईसी है। हथियार की बात करें तो इसकी प्रभावी सीमा 200 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए। इसमें न्यूनतम ब्लेड लंबाई 120 मिमी की संगीन होनी चाहिए और उपयुक्त कवर प्रदान किया जाना चाहिए। पत्रिका और सहायक उपकरण के बिना सीक्यूबी कार्बाइन का वजन 3 किलोग्राम +10 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। सीक्यूबी कार्बाइन शहरी, नजदीकी संपर्कों और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए हैं। इस प्रकार इन हथियारों को हल्का, संभालने में आसान और मानक राइफल से छोटा बनाया गया है, जिससे इनकी प्रभावशीलता और गतिशीलता बनी रहती है।

# 77 वर्षीय लालू 13वीं बार संभालेंगे राजद की कमान

**अध्यक्ष के लिए नामांकन, निर्विरोध चुने जाएंगे**

**पटना, जेएनएन।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव (७७) ने रिकॉर्ड 13वीं बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को नामांकन दाखिल किया। उनके साथ बेटे और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पटना में राजद मुख्यालय में कार्यकर्ता जुटे, जहां 'लालू यादव जिंदाबाद' के नारे गूंज रहे थे, जिससे उत्सव और भावनात्मक माहौल बन गया। तेजस्वी ने पिता के फिर से मनोनयन पर खुशी जताते हुए कहा, लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में 12 कार्यकाल पूरे कर लिए हैं और अब उन्होंने 13वें कार्यकाल के लिए नामांकन दाखिल किया है। सूत्रों के अनुसार, दोपहर 2 बजे तक किसी अन्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया था, ऐसे में लालू का



फिर चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। औपचारिक घोषणा 5 जुलाई को होनी है। पार्टी इस दिन को 'लालू सम्मान दिवस' के रूप में मनाने की योजना बना रही है, जो उनके निर्विरोध फिर से चुने जाने का प्रतीक है।

## नीट में बेटी के आए कम अंक तो पिता ने की हत्या


**सांगली, जेएनएन।** महाराष्ट्र के सांगली से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्कूल शिक्षक ने कम नंबर लाने पर 16 साल की बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना शनिवार रात आटपाडी तहसील के नेलकरंजी गांव में हुई। आरोपी धोंडीराम भोसले (45) अपनी बेटी साधना से नाराज था। बेटी १२वीं की छात्रा थी। एक परीक्षा (नीट) में कम नंबर आने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने आटा पीसने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पत्थर की चक्की का लकड़ी का हैंडल उठाया और पत्नी और बेटे की मौजूदगी में उससे अपनी बेटी को पीटना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल साधना को सांगली के अस्पताल ले जाया गया, जहां में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत की वजह बहुत सी चोटें लगना बताया गया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, ठाणे

**सांगल में रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात**

जिले की एक अदालत ने बीमार पत्नी की हत्या करने के जुर्म में 71 वर्षीय एक व्यक्ति को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा, यह जानबूझकर और योजनाबद्ध हत्या थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीएल भोसले ने शोभनाथ राजेश्वर शुक्ला को पत्नी शारदा की हत्या के लिए दोषी ठहराया। अदालत द्वारा 12 जून को जारी किए गए आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने इस मामले में 71 वर्षीय व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## ससुराल वाले सबसे अच्छे पहले तो ये लड़का दिया..

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल की शादी को सोमवार को एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर सोनाक्षी ने कहा, उनके ससुराल वाले दुनिया के सबसे अच्छे लोग हैं। वे उन्हें खूब प्यार करते हैं और हर वक्त उनका साथ देते हैं। सोनाक्षी ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर इंस्टाग्राम स्टोरीज में एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में सभी सालगिरह का जश्न मनाते दिख रहे हैं। तस्वीर में जहीर इकबाल बैठे हुए हैं और उनके चारों तरफ पिंक, सिल्वर और वाइट कलर के गुब्बारे लगे हुए हैं। उन गुब्बारों पर लिखा है, 'वी लव यू'। सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'दुनिया के सबसे अच्छे ससुराल वाले, पहले तो मुझे यह लड़का दिया, फिर ढेर सारा प्यार दिया।' सोनाक्षी और जहीर की शादी 23 जून को मुंबई में हुई। उनकी पहली मुलाकात एक पार्टी में हुई थी, जो बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने रखी थी। सोनाक्षी ने फिल्मी करियर की शुरुआत सुपरहिट फिल्म 'दबंग' से की थी, तो जहीर ने भी पहला फिल्मी कदम 'नोटबुक' से



रखा था। बताया जा रहा है कि सोनाक्षी और जहीर ने 7 साल तक एक-दूसरे को डेट किया और शादी से पहले एक साल तक साथ में भी रहे। सोनाक्षी जल्द ही फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को उनके भाई कुश सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को निकी भगनानी और विक्की भगनानी मिलकर बना रहे हैं। 'निकिता रॉय' फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शुरुआत में यह फिल्म 30 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी रिलीज की तारीख बदलकर 27 जून कर दी गई।

## ओलंपिक प्रतिस्पर्धा ही नहीं राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक

**देहरादून, जेएनएन।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर परेड ग्राउंड देहरादून में पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाते हुए सम्मानित किया। धामी ने कहा, यह दिन खेल भावना, एकता और शांति के मूल्यों को समर्पित है। ओलंपिक केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समर्पण, साधना और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य हुए हैं। 2023 के एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ओलंपिक 2020 के लिए 126 खिलाड़ियों ने क्वालिफाई किया, जो देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। सरकार उत्तराखंड को 'खेलभूमि' के रूप में विकसित करने को प्रतिबद्ध है। 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर गौरवान्वित किया। प्रदेश के ८ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों, खेल विश्वविद्यालय हल्द्वानी तथा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। धामी ने कहा, खेल नीति के अंतर्गत राज्य सरकार पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, खेल भत्ता, तथा उत्तराखंड खेल रत्न, हिमालय खेल रत्न पुरस्कार दे रही हैं। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटा लागू किया गया है। सीएम उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 3900 तथा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2155 खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जा रही है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा, सीएम धामी के नेतृत्व में नई खेल नीति में खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई प्राविधान किए गए हैं। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर उत्तराखंड को मिला, जिसमें खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा है। इस दौरान प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, अपर निदेशक खेल अजय अग्रवाल और खेल विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



● पदक विजेताओं को सीएम धामी ने किया सम्मानित

## फर्जीवाड़ा रोकने ईएसबी बायोमेट्रिक की जगह परीक्षार्थियों का अब फेस वेरिफिकेशन करेगा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) अब भर्ती परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक की जगह फेस रिकॅगनीशन (चेहरा पहचानना) तकनीक का इस्तेमाल करने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मंगलवार को होने वाली प्री नर्सिंग सलेक्शन टेस्ट में नई तकनीक से ही परीक्षार्थियों का सत्यापन होगा। इसके सफल प्रयोग के बाद सालभर में होने वाली शेष परीक्षाओं में नई तकनीक का उपयोग होगा। फेस रिकॅगनीशन तकनीक को यूआईडीएआई ने 2021 में लांच किया था। इसमें आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की मदद से फेस वेरिफिकेशन किया जाता है। ईएसबी डायरेक्टर साकेत मालवीय का कहना है कि जुलाई से सभी परीक्षाओं में नई तकनीक को लागू किया जाएगा। ईएसबी परीक्षार्थियों की पहचान करने बायोमेट्रिक का इस्तेमाल कर रहा है। इसमें काफी धांधली सामने आयी है। इसका खुलासा 2023 में हुई पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में हुआ है। जांच में पता चला कि चयनित उम्मीदवारों ने आधार कार्ड में फोटो और बायोमेट्रिक डेटा बदलकर अपनी जगह सॉल्वर को बैठाया था। इस फर्जीवाड़े को लेकर अब तक प्रदेश के 9 जिलों में 22 एफआईआर हो चुकी है।

**ऐसे होगा परीक्षार्थी का सत्यापन:** ईएसबी डायरेक्टर साकेत मालवीय का कहना है कि बायोमेट्रिक की तरह परीक्षा हाल में दाखिल होते ही उम्मीदवार को अपनी पहचान के लिए प्रवेश पत्र और पहचान पत्र (आधार, पैन या ड्राइविंग लाइसेंस) दिखाना होगा। उक्त दस्तावेजों की जांच के दौरान प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी का नाम और फोटो, वैद्य पहचान पत्र के नाम और फोटो से मेल खा रहा है। इसके बाद रजिस्ट्रेशन डेस्क चेहरे से सत्यापन होगा। चेहरे का मिलान आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र में दर्ज फोटो से मैच होने पर परीक्षार्थी को परीक्षा हाल में प्रवेश दिया जाएगा। वेरिफिकेशन के दौरान कुछ मामलों में समस्या आ सकती है। आधार कार्ड में चश्मा लगा फोटो नहीं है, लेकिन वो शख्स चश्मा लगाता है तब चश्मा निकालकर सत्यापन किया जा सकता है। कई बार चेहरे पर चोट लगने या बड़ा बदलाव आने से समस्या आ सकती है। इसके लिए बेहतर है कि आधार में फोटो पुराना न होकर अपडेट हो और उसे अच्छी रोशनी में खिंचवाया जाए।

**ऐसे होगी चेहरे से परीक्षार्थी की पहचान**



ईएसबी यूआईडीएआई से डेटा मांगेगा। यूआईडीएआई केंद्र और राज्य सरकार के उपक्रमों को सत्यापित करने उक्त डेटा उपलब्ध कराता है। आधार के डेटा और परीक्षार्थी के चेहरे से मिले फेस प्रिंट के डेटा के मिलान के लिए एक सॉफ्टवेयर की जरूरत होगी। इससे परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी की पहचान हो सकेगी। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के लिए थंब इंप्रेशन मशीन का इस्तेमाल होता है। इसके लिए कैमरों की जरूरत पड़ेगी। कैमरा युक्त टैबलेट या मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

**वतन वापसी | ऑपरेशन सिंधु का दायरा बढ़ा, पश्चिम एशिया से भी निकाले जाएंगे भारतीय**

# ईरान से अब तक 1713 भारतीय स्वदेश लौटे

### 160 नागरिक इजराइल से निकले, आज दिल्ली पहुंचेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,713 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन रविवार की रात 11:30 बजे 285 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले 21 जून को 600, 20 जून को 407 और 19 जून को 110 भारतीय दिल्ली पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर %वन्दे मातरम% और %भारत माता की जय% के नारे लगाए। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन पर माथा टेका। दूसरी तरफ रविवार को 160 भारतीयों का जत्था इजराइल से निकाल लिया गया है, जो जॉर्डन पहुंच गया है। आज यह बैच दिल्ली पहुंचेगा। इजराइल में करीब 40 हजार भारतीय नागरिक हैं, जिनमें केयरगिवर, छात्र, मजदूर शामिल हैं। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से दिल्ली पहुंची प्रयागराज की रहने वालीं अलमास रिजवी ने कहा, हमें अच्छे होटल में रहने की जगह दी गई। समय पर लंच, डिनर, सब कुछ दिया गया। अपने देश में वापस आकर अच्छा लग रहा है। भारतीय दूतावास ने हमारी बहुत मदद की। भारत सरकार ने हमारी अच्छी देखभाल की। हमें यह एहसास भी नहीं होने दिया कि हम युद्ध जैसी स्थिति में रह रहे हैं। ईरान से लौटने वाले यात्रियों में से कुछ यात्री दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से हैं।



दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे लोगों की वतन वापसी पर खिले चेहरे।

**ईरान ने भारतीयों के लिए खोला एयरस्पेस**

ईरान ने एयरस्पेस पर लगी पाबंदी को हटाकर भारत के करीब 1000 नागरिकों को निकालने की इजाजत दी थी। इनमें से ज्यादातर छात्र हैं, जिन्हें तेहरान से माशहद लाया गया था। अब इन्हें तीन चार्टर फ्लाइट्स के जरिए भारत लाया गया।

### काम करते समय गिरी क्रेन, मजदूर की मौत

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में रविवार शाम क्रेन गिरने से एक मजूदर घायल हो गया। उसे साथी कर्मचारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मौत हो गई। लखन सिंह (45) सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता था और औद्यागिक क्षेत्र अशोका गार्डन की एक कंपनी में काम करता था। रविवार शाम कंपनी में वह काम कर रहा था, तभी अचानक क्रेन गिर गई वह चपेट में आ गया। मजदूर लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि लखन सिंह को करीब तीन महीने पहले अटैक आया था।

# मोहनगढ पुलिस ने मंदिर मे चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

## 86000 रुपये कीमत का मशरूका आरोपियों से किया बरामद



**टीकमगढ़।** जिले के मोहनगढ थाना क्षेत्र में गत 10 जून को फरियादी द्वारा ग्राम अर्चरा के सरोवर तटवासिनी माता मंदिर मे से चोरी होने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई थी, जिस पर थाना मोहनगढ में अपराध की धारा 331(4), 305 बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। जिसमे पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया एवं आरोपियों की गिरफ्तारी एवं माल मशरूका बरामद करने के लिए निर्देशित किया गया एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में उक्त चोरी की घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमे पुलिस टीम द्वारा इस चोरी के अपराध के अज्ञात आरोपियो की तलाश पतारशी एवं खुलासा के लिए मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की सहायता ली गई, जिस पर आरोपीगण को चिन्हित कर, आरोपी नकुल पिता स्व. रामप्रसाद यादव 31 वर्ष, आकाश वर्मा पिता स्व. महेन्द्र वर्मा 25 वर्ष निवासी सुभाष नगर मोहल्ला बीएचईएल थाना बबीना जिला झांसी यूपी को गिरफ्तार कर आरोपीगणो से सोने के दो बीजासेन, एक सोने की नथ, तीन चांदी के बीजासेन, एक बाइक कुल मशरूका कीमती करीबन 86 हजार रूपये का बरामद किया। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, उप निरीक्षक संदीप चौधरी, प्रधान आरक्षक तेज सिंह, कैलाश विश्वकर्मा, आरक्षक पुष्पराज, रविन्द्र, हितेश, अंकुल, प्रशांत, झल?लूप्रसाद, लक्ष्मीप्रसाद, सदन, महिला आरक्षक ललिता एवं एनआरएस पंचम का सराहनीय योगदान रहा है।

# जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा महोत्सव का होगा आयोजन

## 2 दिन निकलेगी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा




**टीकमगढ़।** नगर के भटनागर कॉलोनी स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर से 27 जुलाई को रथ यात्रा निकलेगी। यात्रा दोपहर 3 बजे शुरू होगी। यह अस्पताल चौराहा, बैंक चौराहा और पपौरा चौराहा होते हुए नगर भवन से राजराजेश्वरी मंदिर पहुंचेगी। राजराजेश्वरी मंदिर में शाम 6 बजे यात्रा पहुंचने पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। यहां श्री राधामाधव प्रभात फेरी सत्संग संकीर्तन मंडल द्वारा अखंड कीर्तन होगा। मां राजराजेश्वरी महिला संकीर्तन मंडल और बाल बजरंग दल द्वारा महिला संगीत का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा की आरती के बाद संध्या आरती, प्रसाद वितरण और भजन संकीर्तन होगा। 28 जुलाई को राजराजेश्वरी मंदिर में सुबह 5 बजे मंगला आरती होगी। इसके बाद बाल भोग, श्रृंगार आरती और दोपहर में राजभोग आरती होगी। शाम 3 बजे यात्रा वापस भटनागर कॉलोनी के लिए रवाना होगी। यह कटरा बाजार, जवाहर चौराहा और सिंधी धर्मशाला होते हुए भटनागर कॉलोनी मंदिर पहुंचेगी। मंदिर पहुंचने पर श्री हरे राम कृष्ण प्रभात फेरी मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू के नेतृत्व में कीर्तन होगा। शाम 7 बजे शयन आरती और प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन होगा। मंदिर समिति ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी। इस मौके पर प्रकाश नारायण भटनागर, अशोक खरे, आदित्य नारायण भटनागर सहित मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## विकासखण्ड एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों में भी लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली, दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**पन्ना ।** शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन अब सभी विकासखण्ड और तहसील स्तर के कार्यालयों में भी किया जाना है। राजस्व विभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कम्प्यूटर दक्ष सहयोगी स्टॉफ को शासकीय ई-मेल आईडी बनवाने, ईएमडी शीट में जानकारी भरकर भेजने तथा ई-ऑफिस परिचय संबंधी प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में 25 एवं 26 जून को दिया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी एसडीएम को अपने विकासखण्ड स्तरीय संबंधित लोकसेवकों के साथ निर्धारित तिथि को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को गुनौर अनुभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तथा पवई एवं शाहनगर अनुभाग के शासकीय सेवकों का प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है, जबकि पन्ना एवं अजयगढ़ अनुभाग का प्रशिक्षण गुरूवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।

## नाली से मिला नवजात का शव

**टीकमगढ़।** जिले के बुडेरा थाना क्षेत्र में एक नवजात बच्चे का शव नाली में मिला है। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे वार्ड नंबर 7 में पुराने थाने से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित नाली में स्थानीय लोगों ने शव को देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नाली से निकालकर पंचनामा बनाया। पुलिस ने नवजात की मां की तलाश के लिए गांव में अपने मुखबिर एक्टिव कर दिए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ भेज दिया है। घटना के कारणों का पता पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। बुडेरा ग्राम पंचायत में इस घटना से हड़कंप मच गया है। पूरे क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि दोषी की पहचान कर उस पर कार्रवाई की जाए। इस मामले में बुडेरा थाना प्रभारी अंकित दुबे का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने दिगौड़ा थाने का किया निरीक्षण

## आई.एस.ओ से थाना हुआ सम्मानित, दी शुभकामनायें



**टीकमगढ़।** मंगलवार को एसपी मनोहर मंडलोई दिगौड़ा थाने पहुचे। जहाँ उन्होंने जनसुनवाई की दिगौड़ा की जनता की समस्या सुनी और कार्यवाही के दिशा-निर्देश दिए इसके साथ ही सायबर सैल का लोकार्पण किया एवं थाने में आने वाले लोगो के लिए ठन्डे पानी का वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया। वही जानकारी के अनुसार दिगौड़ा थाने को ईएसओ अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसको एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं थाना प्रभारी संदीप सोनी व स्टाफ को शुभकामनायें दी साथ ही बताया हैं की पुलिस द्वारा लगातार थाना क्षेत्र में भ्रमण किया जाता है, और लोगों को जागरूक किया जाता है। वर्तमान में अधिकांश मामले सायबर ठगी के आते हैं, इन मामलो में जागरूकता ही बचाव हैं।

# पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण के लिए अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन करें अधिकारी : अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया



## पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक

**पन्ना ।** पिछड़ा वर्ग समुदाय को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने तथा वंचित लोगों तक सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक स्तर पर हरसंभव प्रयास किया जाए। विभिन्न विभागों की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान कर शासन की मंशा को सफल बनाएं। इसके अलावा सभी विभागीय अधिकारी जिला प्रशासन के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर अपनी अहम भूमिका का सजगतापूर्वक निर्वहन भी करें। म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सभी लोकसेवक समाज में समानता की भावना तथा संविधान व शासन की मूल मंशा अनुसार बेहतर दृष्टिकोण के साथ शासकीय दायित्व निभाएं। इस मौके पर विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव एवं बृजेन्द्र मिश्रा सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, वनमण्डल अधिकारी उत्तर गर्वित गंगवार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, जिला संयोजक आर.के. सतनामी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। आयोग अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने समीक्षा बैठक में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिले में क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही अन्य विभागों की योजनाओं के तहत पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को लाभांवित करने के बारे में भी पूछा। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक योजना एवं सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना सहित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, उद्यम और मेधावी छात्र योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभांवित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया गया। अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा में छात्रवृत्ति का भुगतान हो। इसके लिए संस्था प्रमुखों से समन्वय कर छात्र-छात्राओं के बैंक खाता संबंधी त्रुटि भी सही कराएं। विभागीय छात्रावास में भवन मरम्मत के साथ मेस संचालन शुरू करने की कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने छात्रावास में प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी लेकर समय पर शिष्यवृत्ति के भुगतान के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बुधवार को बालक एवं कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कराने तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को साफ-सफाई की व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया गया। छात्रावास में नियमित रूप से विद्यार्थियों की उपस्थिति के लिए भी कहा। साथ ही विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के सतत संपर्क में सहकर निरंतर आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करने तथा छात्रावास में पुस्तकालय व कोचिंग सुविधा प्रदान करवाने की अपेक्षा की।

### कन्या छात्रावास पहुंच मार्ग का हटवाएं अतिक्रमण

अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने कहा कि पन्ना शहर के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित कन्या छात्रावास पहुंच मार्ग का अतिक्रमण तत्परता से हटाने की कार्रवाई करें। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विभाग की संस्थाओं का भ्रमण भी किया जाए। सभी छात्रावास में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता तथा सुरक्षा प्रबंध हों। उन्होंने बैठक में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण संबंधी योजनाओं की सुलभ तरीके से पहुंच बनाने के उद्देश्य से शासन स्तर से अपेक्षित नीतिगत मामलों में समन्वय तथा विभाग प्रमुखों से अपेक्षित कार्रवाई की बात भी कही। बैठक में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पिछड़ा वर्ग श्रेणी के व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं के तहत मिले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। अध्यक्ष ने संबंधित विभागों द्वारा समग्र रूप से एकजाई जानकारी पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

### स्थानीय उद्यमों में नियोजन के संबंध में ली

आयोग अध्यक्ष द्वारा समीक्षा बैठक में जिले के विभिन्न उद्यमों में पिछड़ा वर्ग श्रेणी के युवाओं को प्रदत्त रोजगार के बारे में जानकारी ली गई। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी परियोजनाओं के संचालन के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों के तहत स्थानीयजनों के कल्याण के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उद्योग प्रबंधन विशेषकर जेके सीमेंट प्लांट के प्रतिनिधि को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा करने के लिए कहा। जेके सेम प्रबंधन को स्थानीय ग्रामवासियों के आवागमन की सुविधा के दृष्टिगत समय-समय पर सड़क मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए।

# आयोग अध्यक्ष ने छात्रावास का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, किया पौधरोपण



**पन्ना ।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने मंगलवार को पन्ना प्रवास के दौरान इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका से यहां निवासरत छात्राओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने छात्रावास में बेहतर साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा आवश्यक मरम्मत कार्य के संबंध में निर्देशित किया। कन्या छात्रावास को 50 से 100 सीटर के रूप में उन्नयन के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष ने छात्रावास के कक्षों सहित किचिन रूम, भोजन कक्ष, पेयजल व्यवस्था व परिसर की अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। छात्राओं से अध्ययन के संबंध में चर्चा कर विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर निर्माण के बारे में पूछा तथा बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान छात्रावास में तैयार भोजन वितरण सहित कोचिंग व्यवस्था तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच के लिए भी निर्देशित किया। छात्राओं को उचित खानपान और पोषण के लिए भी नसीहत दी। छात्राओं की समस्याएं सुनकर निराकरण का भरोसा दिया। अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों के लिए संशोधित प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों से समय-समय पर छात्रावास के कार्यक्रमों में शामिल होने तथा व्यवस्थाओं के निरीक्षण की अपेक्षा की। छात्रावास परिसर में स्टॉफ और छात्राओं के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया।

### बालक छात्रावास की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने पुराना पन्ना स्थित शासकीय बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रावास अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही। यहां कक्षों, शौचालय एवं परिसर में साफ-सफाई का व्यापक अभाव पाया गया। छात्रावास अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से भी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के संबंध में दूरभाष पर चर्चा की। साथ ही जांच रिपोर्ट तैयार करने तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से आवश्यक कार्य का प्रस्ताव तैयार करने की निर्देश दिए। 100 सीटर बालक छात्रावास में निवासरत छात्रों द्वारा आयोग अध्यक्ष को सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगवाने एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण सहित विभिन्न जायज मांगो की पूर्ति के संबंध में मांग पत्र भी सौंपा गया तथा छात्रावास की अन्य जरूरी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी ध्यान आकृष्ट कराया।

### गौशाला में किया गौ पूजन

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बायपास रोड स्थित गौशाला पहुंचे। यहां गौवंश का पूजन कर हरा चारा खिलाया और गौशाला संचालक से उपलब्ध गौवंश एवं सुविधाओं की जानकारी ली। गौशाला परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव सहित उदय मिश्रा, जिला संयोजक आर.के. सतनामी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति भी उपस्थित रहे।

# आज आपातकाल इमरजेंसी काला दिवस के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना द्वारा कार्यक्रम




## विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम पन्ना में रहे उपस्थित

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पन्ना में आज दिनांक होटल लव-कुश वाटिका में बैठक का आयोजन किया गया है आपातकाल इमरजेंसी काला दिवस के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना द्वारा कार्यक्रम रखा गया है कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक श्रीमान गिरीश गौतम जी उपस्थित रहेंगे । स्थान लवकुश वाटिका समय दोपहर 1:00 बजे जिसमें नगर में निवासरत भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी , सभी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं उनकी पूरी कार्य समिति , सभी जन प्रतिनिधि, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , पार्षदगढ़ नगर मंडल के पदाधिकारी सभी कार्य समिति सदस्य , शक्ति केंद्र की टोली, समस्त बूथ अध्यक्ष एवं उनकी टोली और नगर में निवासरत सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ सदस्य बंधु आप सभी आपातकाल दिवस इस कार्यक्रम में शामिल हो।

# क्षमता से अधिक रेत से भरे डंपर को एसडीएम ने पकड़ा, पुलिस अभिरक्षा में सौंपा




**पवई ।** नगर में इन दिनों क्षमता से अधिक रेत से भरे डंपरों की अवैध गतिविधियाँ चरम पर थी, जिससे नगरवासियों को न केवल असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पवई की सक्रिय एवं निष्पक्ष कार्यशैली के लिए जानी जाने वाली एसडीएम समीक्षा जैन ने एक सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगलवार को पवई-मोहन्द्रा मार्ग पर स्थित हड़ा मोड़ के पास एक डंपर को रोककर एसडीएम ने दस्तावेजों की गहनता से जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि डंपर में निर्धारित सीमा से कहीं अधिक मात्रा में रेत भरी गई थी इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने डंपर को जब्त कर उसे आगामी कार्रवाई हेतु खनिज विभाग को सौंपने के निर्देश दिए। फिलहाल उक्त डंपर को पवई पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है और बुधवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा मौके पर आकर विस्तृत जांच व दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस प्रकार की कार्यवाहियों का उद्देश्य क्षेत्र में ओवरलोडिंग जैसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगाना है।एसडीएम समीक्षा जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पवई क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई भी वाहन क्षमता से अधिक सामग्री ढोता हुआ पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

## ककरहटी नगर परिषद वार्ड क्र. 13 उपनिर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरा लाल निर्विरोध हुये निर्वाचित



**पन्ना।** नगर परिषद ककरहटी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद के उप नि र्वाचन के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 23 जून तक दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा कराए गए हैं। पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी हीरालाल आदिवासी एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राघेवेन्द्र गौड़ ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन जमा कराया। 24 जून को प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा हुई, जिसमे कांग्रेस से राघवेंद्र सिंह का फार्म निरस्त पाया गया । जिसमें हीरा लाल आदिवासी निर्विरोध निर्वाचित किए गए ।

# वार्डवार कार्य योजना तैयार कर विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करायें : राम निवास शाह

### नगरीय क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विधायक ने की समीक्षा



**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सभागार में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम रामनिवास शाह की अध्यक्षता एवं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के उपस्थित में नगरीय क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा विधायक सिंगरौली एवं निगम अध्यक्ष का स्वागत करते हुयें नगरीय क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये विधायक श्री शाह ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के वार्डो में निगम सहित एनसीएल एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे विकास कार्य की जानकारी उपलब्ध अलग अलग उपंब्ध कराये साथ ही वार्ड स्तर विकास कार्यो की कार्य योजना तैयार कर निर्धारित अवधि में सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये। उन्होने नगरीय क्षेत्र मे निर्माणाधीन सड़को नलियों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के साथ ही निर्देश दिए कि ऐसी सड़के नालिया जिनका मरम्मत कराया जाना आवश्यक है उनको चिन्हित तत्काल उनकी मरम्मत कराये। साथ निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र के नाले नालियो की विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई करो ताकि कही भी जल भराव की समस्या न होने पाये। विधयाक श्री शाह ने नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिको के निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण कर उनका लोकापर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को सौपने के निर्देश दिए। विधायक ने आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के ऐसे स्थल जहा पर बारिस के दौरान जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है उनको चिन्हित कर आवश्यक तैयारिया पूर्ण करे साथ ही ऐसे स्थल जो परियोजनाओ में स्थित है पत्रचार कर परियोजनओ को आवश्यक तैयारिया करने के लिए निर्देशित करे। उन्होने गनियारी प्लाजा का उच्च न्यायालय में लगे स्टे को जल्द जल्द हटवाने का भी निर्देश दिये। साथ कार्य पालन यंत्री को निर्देश दिया गया कि नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये। बैठक में विधायक श्री शाह के द्वारा नगरीय क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था विद्युत व्यवस्था सहित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि शहर की पेयजल व्यवस्था समुचित रूप से संचालित रहे साथ ही जिन स्थलो पर स्ट्रीट लाईटे खराब हो गई वहा पर तत्काल लाइटे चालू कराये जिससे की आम लोगो का आवागन सुगमता के साथ हो सके। इसके अलावा भी विधायक श्री शाह के द्वारा समीक्षा बैठक में निगम के अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी संतोष पाण्डेय डी के सिंह आलोक टीरु सहायक विधि अधिकार अक्षत उपाध्याय उप यंत्री विपीन तिवारी विशाल खत्री पी के सिंह अनुज सिंह चंद्रमणि द्विवेदी हेनरी ठाकुर जितेंद्र कुमार विष्णुपाल सिंह इन्द्रवेश यादव स्वछता निरीक्षक संतोष तिवारी एनयूएलएम से कृष्णा पटेल प्रधानमंत्री आवास से कन्हैयालाल जलप्रदाय व सीवरेज से अजय कोरी सिटी बस मैनेजर अमिताभ यादव एवं आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला उपस्थित रहे।

# संविधान सत्याग्रह के तहत् कई जगह नुक्कड़ चौपाल के साथ विशाल समरसता सहभोज का आयोजन

### जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर ने किया आयोजन



**जागरण, बैढ़न।** ग्वालियर हाईकोर्ट में भाजपा सरकार एवं उनके असामाजिक तत्वों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नहीं लगाए जाने कि विरोध किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार संपूर्ण जिलों में संविधान सत्याग्रह के आयोजन का निर्देश प्राप्त हुआ। जिसके तहत् आज संपूर्ण जिला कांग्रेस कमेटीयोंए सभी ब्लाक कमेटियों को एक साथ विभिन्न दलित गरीब झुग्गी.झोपड़ियों एवं निम्न तबके की बस्तियों में चौपाल आयोजित कर भाजपा सरकार के संविधान विरोधी मनुवादी विचारधारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान की जानकारी सभी के बीच में साझा किया गया इस प्रकार. वार्ड क्रमांक. 22 इटमा दलित बस्ती में भी सभी बंधुओ को एकत्रित कर चौपाल आयोजित किया गया तदोपरांत. आज संविधान सत्याग्रह के तहत् जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर के नेतृत्व में अरविंद सिंह चंदेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर के द्वारा वार्ड क्रमांक. 22 ईटमा हरिजन बस्ती में सामाजिक समरसता सहभोज आयोजित कर गरीब दलित सफाई कर्मी एवं निम्न तबके के लोगों के साथ पंगत में संगत के साथ सहभोज कराया गया। जहां बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सभी साथी एकत्रित होकर बड़े ही सद्भाव के साथ एकत्रित होकर भाजपा सरकार के नाकामयाब मंसूबों को कभी सफल न होने देने के संकल्प के लेते हुए कांग्रेस पार्टी के आमसभा में शामिल होकर सहभोज का आनंद लिया। जैसा की पार्टी के द्वारा निर्देशित किया गया है कि 25 को ग्वालियर के हाईकोर्ट खंडपीठ में पूरे प्रदेश से भारी मात्रा में अपने सभी गरीब दलित भाइयों के साथ अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर उपवास कार्यक्रम में शामिल होकर मध्य प्रदेश की गूंगी बहरी तानाशाही सरकार को जगाने के लिए अपना अहम योगदान देना है । उसी के संबंध में सहभोज पश्चात सभी से सार्थक चर्चा की गई एवं जिसमें सिंगरौली जिले से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं हजारों की तादाद में गरीब दलित भाई बंधु ग्वालियर हाईकोर्ट खंडपीठ के उपवास कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल स्वयं अपने हाथों से सभी लोगों को खाना परोस कर स्वयं उनके साथ बैठकर सहभोज कर सामाजिक समरसता एवं प्रेम भाईचारा सौहाद्र का परिचय देते हुए वर्तमान भ्रष्ट सरकार जो प्रेम सौहाद्र को बिगड़ने का कार्य कर रही है और संविधान पर जो कुठाराघात कर रही है विरोध दर्ज करने का कार्य किए।

**निम्न की रही उपस्थिति :** उक्त अवसर पर राम अशोक शर्मा मधु शर्मा अनिल सिंह मनोज दुबे रविकांत सोनी कृष्णा शाह उपेंद्र रमन सिंह हरिश्चंद्र सिंह मनोज शाह अनिल वर्मा सूर्य कुमार द्विवेदी लखन लाल शाह पंकज पाण्डेय सुरेंद्र साकेत मो मकसूद रजा के पी सिंह सुदामा प्रसाद कुशवाहा तुला प्रसाद कुशवाहा अनिल शाह अजय सिंह कुंदन पांडे अनिल शाह रामाश्रय शाह रवि यादव शिवसागर विश्वकर्मा इत्यादि सैकड़ों ग्रामवासी एवं कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# आपातकाल के 50वें वर्ष होने पर गोष्ठी का होगा आयोजन

**बैढ़न।** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्र पर आपातकाल लागू किया था। तत्कालीन जे पी आंदोलन को दबाने और अपनी सरकार को बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने ऐसा तानाशाही कदम उठाया था और देश में इमरजेंसी थोपी थी। भारतीय जनता पार्टी इस दिन को काले दिवस के रूप मे मनाती है। इस बार 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय स्तर पर इस को काले दिवस के रूप मे याद कर गोष्ठियों का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम मे भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली मे भी इस प्रकार की गोष्ठी का आयोजन हो रहा है। इस गोष्ठी का आयोजन दुधीचुआ के सूर्य किरण भवन मे होगा तथा इस गोष्ठी को संबोधित करने के लिये प्रदेश संगठन द्वारा सतना के सांसद गणेश सिंह को मुख्य वक्ता के रूप मे भेजा जा रहा है जो गोष्ठी को संबोधित करेंगे तथा आपातकाल के काले दिवस पर अपना व्याख्यान देंगे। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने समस्त प्रबुद्ध नागरिक एवं युवाओं को इस गोष्ठी मे सम्मिलित हो कर इतिहास के इस काले अध्याय की विभीषिका को जानने का आह्वान किया है।

# सागर में सार्थक ऐप फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद रीवा एडी से शिकायत

**जागरण, सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त ने जांच कराकर सार्थक एप में फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। इतना ही नहीं फर्जीवाड़ा कर सार्थक एप में हाजरी लगाने वाले 6 अतिथि विद्वानों की सेवा समाप्त कर दी गई है। इस कार्यवाही के बाद पूरे प्रदेश सहित रीवा जिले में भी हड़कंप मचा हुआ है। इतना ही नहीं एक शिकायत भी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग से पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामप्रमकाश तिवारी डैडू ने की है। उन्होंने रीवा संभाग के कई महाविद्यालयों में सार्थक एप में फर्जीवाड़े की चर्चा पर जांच की मांग की है। शिकायत में उन्होंने बताया है कि बीते दिनों खड्डी प्रवास पर थे, जहां चर्चा में बताया गया कि कि शासकीय महाविद्यालय खड्डी में कई अतिथि विद्वान सार्थक एप पर गलत तरीके से हाजरी लगाते हैं। इतना ही नहीं सार्थक का आईडी पासवर्ड जो कि प्राचार्य के पास होना चाहिए वह तक खड्डी कॉलेज के अतिथि विद्वान डॉ.अजय सिंह गहरवार के पास है। वह सीधी में रहते हैं और हाजरी वहां से लगाते हैं तो भी सार्थक में लोकेशन खड्डी कॉलेज का बताता है। इसी प्रकार चर्चा में पता चला कि अतिथि विद्वान अभिनंदन पांडेय की माता जी का देहांत होने कू बाद वह रीवा में थे लेकिन कई 1 से 15 जून के बीच उनकी सार्थक में हाजरी खड्डी कॉलेज की लोकेशन से लगी है। रजिस्टर में एक साथ आकर उनके द्वारा हस्ताक्षर भी किया गया। प्रिंश मिश्रा व डॉ.श्रीकांत द्विवेदी द्वारा सार्थक एप के संबंध में भी इस प्रकार हाजरी लगाने की जानकारी मिली है। प्रभारी प्राचार्य डॉ.रामसुरेश भारती खुद कभी कॉलेज नहीं आते हैं। इन सभी के अप्रैल, मई और जून माह के सार्थक की जांच में खुलासा हो सकता है।

### फोटो के बाद अब वीडियो का रास्ता

बता दें कि जब सार्थक एप को लागू किया गया तो कई लोग मुख्यालय में न होते हुए भी दूसरे स्टॉफ से मोबाईल से फोटो दिखाकर हाजरी लगवा लेते थे, जब फर्जीवाड़ा सामने आया तो विभाग ने आई ब्लिंक करते हुए लाइव होकर हाजरी लगाने के लिए निर्देशित किया लेकिन सागर में जो मामला आया उसमें चर्चा में बताया गया कि वीडियो बनाकर दूसरे मोबाईल से हाजरी लगाई जा रही थी। दूसरे मोबाईल पर वीडियो कालिंग कर भी हाजरी लगाई जा रही थी। पूर्व प्रदेश सचिव ने कहा कि इस बात से इंकार इसलिए नहीं किया जा सकता है कि रीवा संभाग के शासकीय कॉलेज खड्डी में ऐसे ही हाजरी लगाई जा रही हो। वहां के कई अतिथि विद्वानों का भी कहना है कि सार्थक एप की जांच हो जाए तो खुद सामने आ जाएगा कि कौन मुख्यालय में रहता है और कौन फर्जीवाड़ा कर रहा है और शासन प्रशासन को गुमराह कर रहा है।

# एनसीएल बना रही गृहणियों को प्राथमिक उपचार में दक्ष

### अभी तक 100 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3228 महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**जागरण, सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचार में दक्ष बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे वे आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और सही उपचार देने में सक्षम बन सकें। एनसीएल द्वारा अभी तक 100 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 3228 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर हृदय पुनर्जीवन सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा सांप के काटने पर उपचार जलने और चोटों का उपचार रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है। गौ़रतलब है किए एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी।


## दिखने लगा मोहन का भागीरथी प्रयास

इम्पैक्ट फीचर

### जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी सफलता

# खंडवा बना देश-प्रदेश का टॉप जिला राज्यों में मप्र देश में चौथे नंबर पर



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के संकल्प के लिये जन-सहभागिता जुटाने में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हुआ है। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून, 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नदियों, जल स्रोतों और वेटलैंड्स का संरक्षण तथा पुनर्जीवन सुनिश्चित करना है।

मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी नवीनतम राज्य स्तरीय प्रदर्शन डैशबोर्ड के आकलन के अनुसार खंडवा मध्यप्रदेश में पहले स्थान पर है। इससे पूर्व केन्द्रीय एजेंसी ने जल संरक्षण कार्यों के लिए खंडवा को देश का शीर्ष जिला घोषित किया है। इस सूची में मध्यप्रदेश को चौथे स्थान मिला है।

खेत-तालाब निर्माण का लक्ष्य 77,940 तय किया गया था, लेकिन प्रदेश में 79,815 खेत-तालाबों का निर्माण हो रहा है, जो शत प्रतिशत से भी अधिक है। अभियान की अवधि में प्रतिदिन औसतन 1,078 खेत-तालाबों के निर्माण का प्रारंभ किया जा रहा है। डगवेल रिचार्ज संरचनाओं के लिये 1,03,900 के लक्ष्य में से 1,00,321 संरचनाओं का निर्माण जारी है, जो लक्ष्य का 96.56त्न है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 1,355 डगवेल निर्माण शुरू किया जा रहा है।

अमृत सरोवर लक्ष्य 992 के मुकाबले



1,254 निर्मित किये जा रहे हैं। मायभारत पोर्टल पर जलदूत पंजीयन का लक्ष्य 1,62,400 तय किया गया था, जबकि 2,30,749 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जा चुका है जो लक्ष्य काफी अधिक है। राज्य सरकार ने पाँच प्रमुख क्षेत्रों — पुराने एनआरएम कार्य, खेत-तालाब, डगवेल, अमृत सरोवर और मायभारत पंजीयन — पर आधारित 100 अंकों की रैंकिंग प्रणाली लागू की है।

इस आधार पर खंडवा जिला 71.09 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। खेत-तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज और अमृत सरोवर की शुरुआत में खंडवा का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। रायसेन (60.85 अंक), बालाघाट (59.52 अंक) और बुरहानपुर (55.85 अंक) क्रमशः दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे। प्रदेश के अधिकांश जिलों ने अमृत सरोवर और मायभारत श्रेणियों में पूर्ण अंक प्राप्त किए, हैं।

### प्रमुख उपलब्धियाँ

**खेत-तालाब निर्माण**

निर्धारित लक्ष्य 77,940 के विरुद्ध 79,815 खेत-तालाबों का निर्माण प्रारंभ किया गया, जो लक्ष्य से अधिक (102.4 प्रतिशत) है। प्रतिदिन औसतन 1,078 खेत-तालाब बनाए जा रहे हैं।

**डगवेल रिचार्ज संरचना**

निर्धारित 1,03,900 संरचनाओं में से 1,00,321 संरचनाओं का कार्य प्रगति पर है, जो 96.56 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति दर्शाता है। प्रतिदिन औसतन 1,355 डगवेल निर्माण प्रारंभ किए जा रहे हैं।

### अमृत सरोवर

लक्ष्य 992 के मुकाबले 1,254 अमृत सरोवर निर्माणाधीन हैं, जो योजना की सफलता का स्पष्ट संकेत है।

**जलदूत पंजीयन (मायभारत पोर्टल) :** निर्धारित लक्ष्य 1,62,400 के मुकाबले अब तक 2,30,749 स्वयंसेवकों का पंजीकरण हो चुका है, जो लक्ष्य से काफी अधिक (142 प्रतिशत ) है।

### खंडवा को मिला देश में पहला स्थान

खंडवा जिले को देश में पहला स्थान मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुशी जताई है। उन्होंने खंडवा के लोगों, जनप्रतिनिधियों और सरकारी कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। उन्हें विश्वास है कि प्रदेश के सभी जिले इस अभियान में बेहतर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है।

**जल संरचनाओं का निर्माण किया गया :** जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी अविप्रसाद ने बताया कि खंडवा जिले में मनरेगा, 15वां वित्त, 5वां वित्त, सीएसआर और जन सहयोग से 1 लाख 29 हजार 46 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : स्टोन पिचिंग व स्टॉप डैम के निर्माण से जल संरचनाओं को मिलेगा फायदा



जल गंगा संवर्धन अभियान ने प्रदेश की जलसंरचनाओं को संजीवनी देने का काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस प्रयास ने जहां वर्तमान में लोगों को पानी के संभावित संकट से दूर रखने का प्रयास किया है,तो भावी पीढ़ी को भी इस क्षेत्र में ठोस आधार दिया है। इस अभियान ने जहां लोगों में पानी के संचय की सोच उत्पन्न की है,तो वहीं उनमें पानी और जलसंरचनाओं को लेकर जागरुकता भी पैदा की है। अभियान में लोंगों के स्वप्रेरणा से सक्रिय होने और लिए कार्य को पूरा करने की भावना भी विकसित हुई है।

दरअसल इस अभियान का मकसद जल स्रोत्रों, नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं,बावड़ियों और जल धाराओं को फिर से जीवित करना है। जल धाराओं के संरक्षण के बाद इनकी देखरेख भी लगातार होनी चाहिए,इस भाव से लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। अभियान ने प्रदेश के कई शहरों में जलसंकट की समस्याओं का पूर्ण रुप से समाधान करने का रास्ता खोल दिया है। प्रदेश में कई जगह स्टोन पिचिंग, सौंदयीकरण कार्य तथा स्टॉप डैम का निर्माण कराया जा रहा है। पानी का एकत्रीकरण होने से नगरों में होने वाली जलभराव जैसी स्थिति से भी निजात मिलेगा,तो घरों में लगे ट्यूबवेल भी रिचार्ड होने लगेंगे। इस अभियान ने एक ओर उपलब्धि हासिल की है। लोगों ने जलसंरचनाओं के जीणोद्धार के साथ-साथ उनके किनारे पौधारोपण भी कराएं है और यह अभियान अभी भी जारी है।




# विवेकानंद घाट पर हुआ 129 लाख के कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण



अध्यात्मिक नगर नर्मदापुरम में मां नर्मदा की असीम कृपा है। फिर भी जल के महत्व को लेकर लोगों का जागरुक होना आवश्यक है। क्योंकि हम भले ही दक्ष क्यों न हो जाए पर जल को हम बना नहीं सकते हैं,ऐसे में हमें जल को बर्बाद का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान को 30 दिनों के स्थान पर 90 दिनों का किया। इस दिशा में नर्मदापुरम में भी बेहतर काम हुए है। वृक्षारोपण के साथ ही हम वाटर हार्वेस्टिंग करें तभी जल गंगा संवर्धन अभियान में पानी बचाने का कार्य सब मिलकर करेंगे। मध्यप्रदेश में नदी पर अच्छा कार्य हो रहा है। हमारी सबसे बड़ी विरासत मां नर्मदा है उसे संजोए। इस अभियान के दौरान जो सबसे बड़ी बात देखने को मिल रही है,वह जनप्रतिनिधियों और अभियान से जुड़े लोगों का आत्मविश्वास है। यही आत्मविश्वास है ,जो लोगों को मंजिल तक पहुंचाता है। मां नर्मदा के सेठानीघाट के बाद विवेकानंद घाट प्रसिद्ध है। भूमि पूजन और लोकार्पण के कार्यों के बोर्ड लगे हुए हैं इसमें देख सकते हैं। यह इस बाते के लिए भी प्रेरक है,कि हम सबके सहयोग से विकास नर्मदापुरम का अधिक से अधिक विकास कर सकेंगे। नर्मदापुरम की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य कर रहीं हैं। मां नर्मदा के लिए संरक्षण के लिए 500 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लोकसभा से लेकर राज्य सरकार के सामने यहां के विकास की बात को रखा है। 500 करोड़ की राशि अमरकंटक से भरूच तक के लिए जारी हो गई है।

D-16048/25



# टीम इंडिया को लापरवाह फील्डिंग की कीमत पहला टेस्ट खोकर चुकानी पड़ी

## लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से दी शिकस्त, फील्डर्स ने 9 कैच छोड़े

### इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे डकेट ने खेली 149 रन की पारी

**लीड्स, जेएनएन।** भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट से हार गई है। इसी के साथ टीम 5 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 350 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बेन डकेट ने 149 और जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। बेन स्टोक्स ने 33 रन बनाए। भारत से शार्दूल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट। भारत ने इंग्लिश टीम को 371 रन का टारगेट दिया था। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। मैच में भारतीय टीम से 9 कैच ड्रॉप हुए। टीम ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 3 कैच छोड़े। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच लीड्स के मैदान पर टेस्ट मैच में आज मुकाबले का



पांचवां और आखिरी दिन था। इंग्लैंड के सामने 371 रनों का टारगेट था। इंग्लैंड के लिए जो रूट (53)* और जेमी स्मिथ (44*) नाबाद रहे। मेजबान टीम ने तीसरे सेशन में कप्तान बेन स्टोक्स (33) का विकेट खोया। इंग्लैंड ने दूसरे सेशन में 173 रन जोड़कर हैरी ब्रूक (0), बेन डकेट (149), ओली पोप (8) और जैक क्रॉली (65) के विकेट गंवाए।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 472**
**इंग्लैंड पहली पारी : 465**
**भारत दूसरी पारी : 364 (96 ओवर)**
**इंग्लैंड दूसरी पारी : 21/0 (6 ओवर)**
**कल के स्कोर 21/0 रन से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउली का. राहुल बो. कृष्णा | 65 | 126 | 7 | 0 |
| बेन डकेत का. नीतिश बो. ठाकुर | 149 | 170 | 21 | 1 |
| ओली पाप बो. कृष्णा | 8 | 8 | 2 | 0 |
| जो रूट नाबाद | 53 | 84 | 6 | 0 |
| हैरी ब्रुक का. पंत बो. ठाकुर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| स्टोक्स का. गिल बो. जडेजा | 33 | 51 | 4 | 0 |
| जेमी स्मिथ नाबाद | 44 | 55 | 4 | 2 |

**अतिरिक्त** : 21, **कुल** : 373 रन 82 ओवर में 5 विकेट पर
**विकेट पतन** : 1-188, 2-206, 3-253, 4-253, 5-302
**गेंदबाजी** : बुमराह 19-3-57-0, मो. सिराज 14-1-51-0, जडेजा 24-1-104-1, प्रसिद्ध कृष्णा 15-0-92-2, शार्दुल ठाकुर 10-0-51-2

# भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बांधी काली पट्टी

आज भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में पहले टेस्ट मैच के पांचवें और आखिरी दिन के खेल में दोनों टीमों के खिलाड़ी मंगलवार को मैदान पर काली पट्टी बांधकर उतरी। अनके क्रिकेट फैंस के मन में सवाल है कि खिलाड़ियों ने अपनी बांह पर क्यों काली पट्टी बांधी है? दरअसल, इसके कारण गमजदा करने वाला है, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया।

खिलाड़ियों ने भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोषी के सम्मान में ऐसा किया, जिनका सोमवार को निधन हो गया। खिलाड़ियों ने अंतिम दिन का खेल शुरू होने से पहले दोषी की याद में मौन भी रखा। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, दोनों टीमें आज पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी की याद में काली पट्टी बांधकर खेली। टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोषी का लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हुआ। वह 77 साल के थे। उन्होंने 1979 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद 1983 तक 33 टेस्ट और 15 वनडे खेले। उन्होंने टेस्ट में 114 और वनडे में 22 विकेट चटकाए। परिवार में दोषी अपने पीछे पत्नी कालिंदी, बेटे नयन और बेटी विशाखा को छोड़ गए हैं। नयन सरे और सौराष्ट्र के लिए खेल चुके हैं।



## गिल, राहुल, सिराज और ठाकुर अंपायर से हुए नाराज, शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

**नई दिल्ली।** हेडिंग्ले में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के आखिरी दिन का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद भारत को परेशानी हुई जिसे लेकर टीम के खिलाड़ियों ने अंपायर से कई बार शिकायत की जिसके बाद भी सुनवाई नहीं हो सकी। इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रनों की दरकार थी। उसने आखिरी दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 21 रनों के साथ की है। शुरुआती एक घंटे में इंग्लैंड के बेन डकेट और जैक क्रॉली ने भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया है और आसानी से 100 से ज्यादा रन जोड़ दिए हैं।

**गेंदबाजों को गेंद को लेकर थी शिकायत** : इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को गेंद को लेकर परेशानी हुई। गेंदबाजों की शिकायत थी की गेंद अपना आकार खो दिया है और ऐसे में इसे बदला जाना चाहिए। इसे लेकर पहले मोहम्मद सिराज ने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर अंपायर से शिकायत की जिसे नकार दिया गया। सिराज ने 14वें ओवर में मैदानी अंपायर पॉल राइफल और क्रिस गैफनी से इसकी शिकायत की।

## अंपायर से बदतमीजी : ऋषभ पंत आईसीसी बैन से बचे, लगी फटकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की टेस्ट टीम के उपकप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एक मैच के लिए बैन होने से बच गए, लेकिन लीड्स टेस्ट मैच के दौरान अंपायर से बदतमीजी करने की सजा उनको मिल गई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने ऋषभ पंत को फटकार लगाई है और उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ दिया गया है, जो आगे चलकर उनके लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। बॉल बदलने की अपील को अंपायर ने बॉल गेज से चेक करने के बाद ठुकरा दिया था, जिससे पंत नाराज थे और उन्होंने गेंद को फेंक दिया था।

## मैदान से हटकर

### कपिल शर्मा के पड़ोसी बने शिवम दुबे, मुंबई में खरीदे दो आशियाने



भारतीय क्रिकेटर शिवम दुबे ने मुंबई के अंधेरी पश्चिम क्षेत्र के ओशिवारा में 27.50 करोड़ रुपये में दो अपार्टमेंट खरीदे हैं। दोनों अपार्टमेंट डीएलएच एन्क्लेव नामक आवासीय परियोजना की 17वीं और 18वीं मंजिल पर स्थित हैं। दोनों अपार्टमेंट का क्षेत्रफल 4,200 वर्ग फीट है और बालकनी 3,800 वर्ग फीट है। जिससे कुल क्षेत्रफल 9,603 वर्ग फीट हो जाता है। अपार्टमेंट और तीन पार्किंग स्पेस देव लैंड एंड हाउसिंग लिमिटेड से खरीदे गए। शिवम दुबे के इस लेनदेन का रजिस्ट्रेशन 20 जून को हुआ। इसके लिए कुल 1.65 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपये का रजिस्टेशन चार्ज चुकाया गया था। शिवम दुबे मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। इसके अलावा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। दुबे ने नवंबर 2019 में भारत के लिए अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया। वह 2024 टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। डीएलएच एन्क्लेव से मैंग्रोव और खाड़ी का दृश्य दिखाई देता है। यह देव लैंड एंड हाउसिंग लिमिटेड से सीधे खरीदा गया है और इसमें तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं। इसी अपार्टमेंट में कपिल शर्मा भी रहते हैं। अंधेरी पश्चिम मुंबई के प्रमुख व्यावसायिक जिलों और मनोरंजन क्षेत्रों के बीच रणनीतिक रूप से स्थित है। यह वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, लिंक रोड, एसवी रोड और वर्सोवा-अंधेरी-घाटकोपर मेट्रो लाइन के माध्यम से शानदार कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इन वर्षों में अंधेरी पश्चिम एक जीवंत वाणिज्यिक और आवासीय केंद्र के रूप में विकसित हुआ है, जिसमें आधुनिक कार्यालय परिसरों, सह-कार्यस्थलों, खुदरा दुकानों, मनोरंजन केंद्रों और प्रीमियम आवासीय विकास का एक गतिशील मिश्रण है। (जेएनएन)

# 32 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू मैच में 8 लिए विकेट

### भारतीय क्रिकेट के नवरत्न थे दोषी




**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के दिग्गज बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी का दिल का दौरा पड़ने से लंदन में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दोषी ने भारत के लिए 33 टेस्ट मैच और 15 वनडे मैच खेले। टेस्ट में उन्होंने 114 विकेट और वनडे में 22 विकेट हासिल किए। दिलीप को दिमागदार गेंदबाज माना जाता था। महान गैरी सोबर्स भी उनकी गेंदबाजी से प्रभावित थे। सुनील गावस्कर ने दोषी को हमेशा उच्चस्तरीय स्पिनर बताया। उन्होंने 32 साल की उम्र में 1979 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। इस मुकाबले में उन्होंने एक पारी में 103 रन देकर छह विकेट चटकाए। उन्होंने इस टेस्ट में कुल आठ विकेट लिए। वह देश के उन नौ गेंदबाजों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट की एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए।

**ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान को हराया**

दिलीप की बदौलत भारत ने 70 और 80 के दशक में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान पर जीत हासिल की। 1981 के मेलबर्न टेस्ट में उन्होंने पैर की टूटी अंगुली के बावजूद पांच विकेट लिए। 1983 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 898 विकेट चटकाए। लंबे समय से लंदन में रह रहे दिलीप अपने पीछे पत्नी कालिंगी, पुत्र नयन और पुत्री विशाखा को छोड़ गए हैं। उनके पुत्र नयन दोषी सरे और सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी में खेले।

**भारत के सबसे सटीक गेंदबाजों में से एक**

उस दौर में बिशन सिंह बेदी भारत के सबसे महान बाएं हाथ के स्पिनर रहे, वहीं उनके बाद दोषी सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से एक माने जाते थे, जो जरूरत पड़ने पर गेंद को फ्लाइट करते थे और अपने करियर के अधिकांश समय में उन्होंने विकेट टू विकेट सटीक गेंदबाजी की। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमों को उनके आर्म बॉल को खेलना हमेशा मुश्किल लगता था। चश्मा पहने यह क्रिकेटर दिल से एक सज्जन व्यक्ति था।

**कुंबले ने भी जताया दुख**

रिटायरमेंट के बाद दिलीप लंदन चले गए थे, जहां वे एक सफल व्यवसायी बन गए। वे अपना अधिकांश वक्त लंदन, मुंबई और राजकोट में ही गुजारते थे। यह काफी अजीब बात थी कि बीसीसीआई ने कभी भी दोषी की विशेषज्ञता का उपयोग करने की जहमत नहीं उठाई। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने भी दिवंगत क्रिकेटर को श्रद्धांजलि दी। कुंबले ने लिखा, दिलीप भाई के निधन के बारे में सुनकर दिल टूट गया। भगवान उनके परिवार और दोस्तों को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

**सचिन को कराया था नेट अभ्यास**

वहीं, सचिन तेंदुलकर ने दुख जताते हुए लिखा, मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में यू.के. में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने नेट्स में मेरे लिए गेंदबाजी की थी। वह वास्तव में मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का जवाब दिया। दिलीप भाई जैसे गर्मजोशी से भरे व्यक्ति की बहुत याद आएगी। मैं उन क्रिकेट संबंधी बातचीत को बहुत याद करूंगा जो हम हमेशा किया करते थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।

## ललित, नीलोत्पल को मुंबई अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में मिली संयुक्त बढ़त

**मुंबई, जेएनएन।** भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की। मामिकोन ने बड़ा उलटफेर करते हुए काले मोहरों से खेलते हुए शीर्ष पर चल रहे बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेज एलेक्जेंड्रोव को हराया। ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रोव, ग्रैंडमास्टर लेवन पेंटसुलिया, ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन, ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती और ग्रैंडमास्टर एनगुएन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी आठ में से 6.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

## सिएटल को हरा पेरिस सेंट जर्मेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्लब विश्व कप के मुकाबले में सिएटल साउंडर्स को 2-0 से शिकस्त दी, इंटर मियामी और पाल्मेरास की टीमें भी अगले दौर में सिएटल को हरा पेरिस सेंट जर्मेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई 06 अंक तीन मैच में लेकर पेरिस सेंट जर्मेन की टीम ग्रुप बी में शीर्ष पर रही 03 मैच में पांच-पांच अंक से इंटर मियामी और पाल्मेरास भी अगले दौर में पहुंचीं। यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 का टिकट कटा लिया है। उसने सोमवार की रात खेले गए मुकाबले में सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह



बनाने में सफल रहा। पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया। जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और फिर डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। पहली हाफ तक टीम इस एक गोल से आगे थी। हाल ही में चैंपियंस लीग का खिताब जीतने वाली इस टीम की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल करके अपनी टीम की बढ़त 2-0 कर दी। पीएसजी ने ग्रुप में तीन में से दो मैच जीते जबकि एक में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने छह गोल किए जबकि उसके खिलाफ एक ही गोल हुआ। वह कुल छह अंक के साथ अगले दौर मं पहुंची। इसी ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। इस तरह वह बाहर होने वाला पहला बड़ा क्लब बन गया। बोटाफोगो इस मैच में हार के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

## हीली का संन्यास से इंकार, नजरें भारत के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर

**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा, शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## 6वीं जूनियर लड़कों की मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भव्य चौधरी फाइनल में



**रोहतक, जेएनएन।** रोहतक में चल रही 6वीं जूनियर नैशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मुक्केबाज भव्य प्रताप चौधरी 70-75 किग्रा फाइनल में पहुंचे। उन्होंने बाक्सिंग प्रतियोगिता में तेलंगाना के खिलाफ मुकाबला जीता। इससे पहले उन्होंने आरएससी पहला राउंड में कर्नाटक के खिलाफ मुकाबला जीता और इसके बाद महाराष्ट्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला 3-2 जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफनल मुकाबला केरल के खिलाफ जीता 5-0 से जीत लिया है। अब कल उनका एसएससीबी के खिलाफ फाइनल मुकाबला है।

## राष्ट्रीय अंडर-20 एथलेटिक्स : मुराद सिमरन और अनुष्का ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज, जेएनएन।** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

## स्व. दया कुमार रम्भा देवी स्मृति जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 28 से



**भोपाल, जेएनएन।** भोपाल जिला टेबल टेनिस एसोसिए शन दिनांक 28 जून से 'स्व.दया कुमार एवं देवी स्मृति 'खुली जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन टी टी नगर स्टेडियम के टी टी हाल में करने जा रहा है जिसमें अंडर 11,13,15,17,19 गर्ल्स/बायज एवं सीनियर महिला पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते है। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्ठी 26 जून तक टी टी नगर स्टेडियम,बाबे आली स्टेडियम ,अंकुर टी टी हाल में दे सकते हैं। जिला सचिव साबिर अली ने बताया की चतुर्वेदी परिवार की ओर से श्रद्धांजलि हेतु स्व.दया कुमार रम्भा देवी स्मृति टेबल टेनिस स्पर्धा का यह निरंतर चौथा वर्ष है। इस जिला रैंकिंग स्पर्धा में अर्जित अंक को जिले की टीमों के चयन के समय जोड़ा जायगा।

### बड़े परदे पर सौरव गांगुली की बायोपिक बनने की तैयारी

## "दादा" की भूमिका में दिखेंगे राजकुमार राव लॉर्ड्स की बालकनी में लहराएंगे टीशर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के चेयरमैन रहे सौरव गांगुली की बायोपिक बनने की तैयारी शुरू हो चुकी है। लीड एक्टर से लेकर सपोर्टिंग कास्ट लगभग फाइनल है। सौरव गांगुली का किरदार बड़े पर्दे पर बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव निभाने वाले हैं। बायोपिक में उनकी भूमिका निभाने के लिए राजकुमार राव को सौरव गांगुली ने सही विकल्प बताया है। यह फिल्म दिसंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होगी। बहुत सारी चीजें फिल्म को लेकर तय हो चुकी हैं। साल 1992 से 2008 तक भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने और लंबे समय तक कप्तानी करने वाले सौरव गांगुली ने बातचीत में कहा, यह अगले साल दिसंबर में रिलीज होगी। शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू



होगी। प्री-प्रोडक्शन, कहानी लेखन और पटकथा तैयार करने में काफी समय लगता है। और शूटिंग में इतना समय नहीं लगता। यह लगभग तीन महीने का समय लेती है और फिर पोस्ट-प्रोडक्शन में समय लगता है। सौरव गांगुली की बायोपिक में लॉर्ड्स की बालकनी वाला आइकॉनिक मोमेंट भी नजर आएगा, जिसमें दादा ने वनडे सीरीज जीतने के बाद लॉर्ड्स में अपनी टीशर्ट हवा में लहरायी थी।

**मैं हर मदद चीज में करूंगा**

गांगुली ने खुद इस परियोजना को प्रमुखता देने के सुझाव को खारिज कर दिया। उन्होंने टेस्ट और एकदिवसीय मैचों में 18,575 रन बनाए हैं और 38 शतक लगाए हैं। भारत के सबसे सफल क्रिकेट कप्तानों में गिने जाने वाले गांगुली ने कहा, मुझे लगता है कि सही व्यक्ति यह काम कर रहा है... मैं उनकी हर चीज में मदद करूंगा। निर्माताओं ने अभी तक फिल्म का आधिकारिक नाम और निर्देशक की घोषणा नहीं की है। राजकुमार राव एक बायोपिक में काम कर चुके हैं, जो श्रीकांत भोला के जीवन पर आधारित थी। वे जन्म से अंधे थे और उन्होंने देश और विदेश में पढ़ाई करके बड़ा बिजनेस खड़ा किया था।

## जय शाह से जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह अच्छे इंसान हैं : गांगुली

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** बीसीसीआई के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह से एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ईमानदारी और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर एक विशेष साक्षात्कार में कहा, उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे।

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज रामनगर में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

## सहकारिता विभाग को नवीन भण्डारण केन्द्र खोले जाने हेतु भूमि आवंटित

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मझगवां के प्रतिवेदन के आधार पर मौजा रमपुरवा की आराजी नं.-31 रकबा 1.060 हेक्टेयर मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग को नवीन भण्डारण केन्द्र खोले जाने की भूमि आवंटित की गई है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मझगवां को शासकीय अभिलेख में दुरूस्त कराने तथा भूमि का अधिपत्य मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग को सौपे जाने के निर्देश दिए हैं।


Dr. Juneja's पेट सफा®
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
20% EXTRA
TABLETS
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa
www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores


# लाठियों से पीट-पीट कर छोटे भाइयों ने की बड़े भाई की हत्या

## जमीनी विवाद को लेकर चोरवरी गांव में हुई घटना, तीन आरोपी गिरफ्तार



जागरण सतना

छोटे भाईयो ने लाठी से पीट पीट कर बडे भाई को मौत के घाट उतार दिया। गंभीर रूप से घायल हो चुके पीडित को अस्पताल में भर्ती कराया गया मगर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनाका खिच गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज किया है। यह घटना सिंहपुर थाना क्षेत्र के अतर्गत आने वाले चोरबरी गांव में घटी है। हालांकि तीन आरोपियों को सिंहपुर थाना प्रभारी अजय अहिरवार ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

### बाउंड्री बनाने को लेकर बढा विवाद

बताया जाता है कि चोरबरी गांव निवासी जयराम कुशवाहा अपनी पत्नी के साथ खेरवा स्थित अहरी में सो रहे थे। इसी दौरान छोटे भाई लालमन और मोहन कुशवाहा अपने बेटों रामशरण और ब्रज किशोर के साथ पहुंचे। चारों ने जयराम को जबरन घसीटकर पुराने घर ले जाकर लाठियों से पीट डाला। गांव में पगरा बनाने को लेकर हुये विवाद पर यह घटना हुई है।

### बचाव करने आए लोग भी घायल

मृतक के परिजनो ने बताया कि हमले के वक्त जयराम का बेटा रविशंकर पुराने घर में भैंस के लिए पगरा बना रहा था। आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। बचाव करने आई जयराम की बहू हीरा बाई और छोटे बेटे रविकरण को भी लाठियों से पीटा गया।

### इलाज के दौरान मौत

घायलों को पहले नगौद अस्पताल ले जाया गया फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवार को इलाज के दौरान जयराम की मौत हो गई। बताया जाता है कि जिस जमीन पर पगरा बन रहा था उसी को लेकर विवाद चल रहा था। सिंहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी लालमन कुशवाहा मोहन कुशवाहा और रामशरण कुशवाहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि बृजकिशोर अभी फरार बताया जा रहा है।

> जमीनी विवाद को लेकर छोटे भाईयो ने बडे भाई की लाठियो से पीट पीट कर हत्या कर दी। तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।
> **अजय अरिहवार थाना प्रभारी सिंहपुर**

## 4 अपराधियों का जिला बदर

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 के अन्तर्गत जिले के 4 आदतन अपराधियों को सम्पूर्ण सतना जिला समेत समीपवर्ती जिला पन्ना, रीवा, मैहर की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत थाना कोलगवां अंतर्गत सिंधी कैम्प वाल्मीक मोहल्ला निवासी अमित सोनी उर्फबंटा पिता राजकुमार सोनी उम्र 25 वर्ष, थाना कोलगवां अंतर्गत टिकुरिया टोला जवान सिंह कॉलोनी निवासी मारूख खान पिता इरशाद खान उम्र 27 वर्ष, थाना कोलगवां अंतर्गत संग्राम कॉलोनी निवासी करन उर्फबृजनंदन केवट पिता लल्लू प्रसाद केवट उम्र 38 वर्ष एवं थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत धवारी गली नम्बर 5 अहिरान मोहल्ला निवासी विजय यादव पिता श्यामलाल यादव को एक वर्ष की अवधि के लिये जिले की सीमा और जिले से लगने वाले चतुर्दिक जिलों की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

# वनों का सुरक्षित रखने संरक्षण रिजर्व के प्रस्ताव तैयार करें : सांसद

## वनों के संरक्षण और पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा

**जागरण सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित वनों के संरक्षण और वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा बैठक में सतना और मैहर जिले के वन क्षेत्र को सुरक्षित रखने विभिन्न पाकेट में संरक्षण रिजर्व के प्रस्ताव तैयार करने के निर्णय लिये गये है। इस अवसर पर सतना जिले में 25 लाख और मैहर जिले में 11 लाख पौधे रोपण की कार्य योजना और तैयारियों की समीक्षा भी की गई। बैठक में विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, वनमण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल, एडीएम मैहर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। वनमंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल ने संरक्षण रिजर्व के बारे में पावर पाइंज प्रजेन्टेशन में बताया कि धारा 18 (2) के तहत राज्य शासन किसी विशेष क्षेत्र को स्थानीय जनों की मांग और आवश्यकता होने पर संरक्षण रिजर्व के प्रावधानों के अनुसार संरक्षित वन (रिजर्व फारेस्ट) और जल क्षेत्र को छोडकर संरक्षण रिजर्व अभ्यारण्य के रूप में अधिसूचित कर सकती है। इसमें स्थानीय निवासियों के वनाधिकारों पर कोई विशेष पाबंदिया या बाध्यतायें नहीं होती है। अभ्यारण्य के रूप में घोषित होने पर उस क्षेत्र के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से विशेष सहायता मिल सकती है। बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि ऐसे वन क्षेत्रों का चिन्हांकन कर वन विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार किये जाये।

वाइल्ड लाइफ और फारेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग के क्षेत्र से जुडे श्यामेन्द्र सिंह ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से वनो के संरक्षण, पहाडों और फारेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग के तरीकों की जानकारी में बताया कि पहाडों के संरक्षण के साथ ही फारेस्ट्री के माध्यम से पानी को रोकने के प्रयास जन सहभागिता से किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पहाडों और वनों में जामुन, अर्जुन जैसे आद्रताग्राही पौधे रोपित करने चाहिए। पहाडों और वनों को संरक्षित कर हैरिटेज टूरिज्म को भी बढावा दिया जा सकता है।


SUDARSHAN Public Hr. Sec. School
STD. NURSERY TO XII
STREAMS MATHS | BIOLOGY | COMMERCE & ARTS
9893806170, 8878159423
OUR FACILITIES
• English Speaking Ambience.
• Qualified & Talented Teacher.
• All Time CCTV Surveillance.
• Affordable Fees & Limited Seats.
• Wide Range of Co-curricular Activities.
• Filtered and Cold Water
ADMISSION OPEN Session 2025-26
Acharya Vinoba Bhave Ward-15, Behind Degree College Hanuman Nagar, Satna (M.P.)


## मैहर एएसपी ने की जनसुनवाई, प्रकरणों को निराकृत करने के दिये निर्देश



**जागरण सतना।** मंगलवार को मैहर थाना में जनसुनवाई सम्पन्न हो गई। इस दौरान एएसपी डॉ चंचल नागर ने दूर दराज से आये हुये ग्रामीण जनो की समस्याओ को सुनकर उन्हे निराकृत करने के निर्देश थाना प्रभारियो को दिये है। बताया जाता है कि जनसुनवाई में तकरीबन डेढ दर्जन लोग अपनी समस्याए लेकर पहुचे थे। उनके मामलो के त्वरित निराकरण के निर्देश एएसपी डॉ चंचल नागर ने दिये है।

# अमरपाटन की मुख्य गढ़ी से हटाया गया अवैध कब्जा



**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरपाटन डॉ. आरती सिंह द्वारा अमरपाटन मौजा में पुरातत्व विभाग की मुख्य गढी प्राचीन स्मारक में अवैध रूप से निवासरत 21 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए गढी को कब्जा मुक्त करा लिया गया है। मौजा अमरपाटन की आ0नं0 350 रकवा 0.324 हे., आ0नं0 351 रकवा 0.640 हे. आ0नं0 352 रकवा 0.983 हे., आ0नं0 353 रकवा 0.016 हे., आ0नं0 354 रकवा 0.421 हे. आ0नं0 355 रकवा 1.611 हे. आ0नं0 356 रकवा 0.219 हे., आ0नं0 357 रकवा 0.692 हे., आ0नं0 358 रकवा 0. 279 हे. कुल 9 किता की जांच में भूमियां मध्यप्रदेश शासन पुरातत्व विभाग के नाम दर्ज पाई गई थीं। जिसमें से आ0नं0 353 रकवा 1.611 हेक्टेयर भूमि में मुख्य गढ़ी मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक बना हुआ है। गढ़ी में कुल 21 व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से निवासरत होकर एवं ताला लगाकर कब्जा किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी अमरपाटन डॉ. आरती सिंह और तहसीलदार अमरपाटन आरडी साकेत की उपस्थिति में बिना किसी बल प्रयोग के अतिक्रमण हटाया गया।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर


## सीएसपी ने शहर मे किया पैदल मार्च



**जागरण सतना।** मंगलवार की देर शाम सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने शहर में पैदल मार्च किया। इस दौरान सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी दलबल के साथ मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जब से देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सतना सीएसपी पद की कमान सम्हाली है तब से वो लगातार शहर में पैदल मार्च कर शांति एवं कानून व्यवस्था दुरस्त रखने के प्रयास में जुटे हुये है। मंगलवार को सीएसपी एवं टीआई ने दलबल के साथ कोतवाली थाना क्षेत्र गौशाला चौक, बजरहा टोला, ईद गाह चौक, सुभाष पार्क, जयस्तंभ चौक सहित मुख्य बाजार में पैदल मार्च किया गया, पुलिस द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्थाए संदिग्ध लोगों से पूछताछ किया गया, इस दौरान सीएसपी सहित टी आई रावेंद्र द्विवेदी कोतवाली पुलिस मौजूद।

## बटोही गांव में प्रकाश के लिए लगेगी सोलर लाइट

**जागरण सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस मंगलवार को तहसील मझगवां अंतर्गत नगर पंचायत चित्रकूट के आदिवासी गांव बटोही का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी ली। बटोही गांव में 15-20 घरों की बस्ती में आदिवासियों के घर बने हुए है। कलेक्टर ने सीएमओ चित्रकूट को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने और जंगल में बसे गांव में प्रकाश की व्यवस्था के लिए सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के बीआर सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में सुनी गई 120 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में एसडीएम राहुल सिलाडिया एवं डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 120 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे शाम 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक
मो.-7247097637



सुप्रसिद्ध कोच बी.एम. शर्मा के निर्देशन में 16 वर्षों से संचालित
दि ब्रेन शेपर्स स्कूल
THE BRAIN SHAPERS SCHOOL
हमारी विशेषतायें-
• NCERT Books से पढ़ाई। • CBSE Syllabus की Teaching.
Nursery to 12th English Medium
समान बांध, रीवा 07662494243, 9300607071
Website-www.thebrainshapers.com



DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
मो.- 9584324641, 6262084843, 9691012773



पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों
• BMLT • DMLT • BPT
• X-RAY TECHNICIAN
• O.T. TECHNICIAN
मे प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
विंध्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल
शेरगंज, सतना (म.प्र.)
9039076216, 7909320729
9752858304, 9285181997



SATYA ACADEMY
HIGHER SECONDARY SCHOOL
Class : 11th & 12th Bio, Maths & Commerce
FEATURES:-
• Highly trained and knowledgeable teachers.
• A learning system crafted to match your Child's needs.
• Classes for Creativity, Art & Craft, Music, Dance & Sports.
• Extra attention for slow learners.
• Smart/digital classes in Wi-Fi Campus.
• Well equipped laboratories & library.
• Regular Computer & English spoken classes.
• Well developed kindergarten zone.
Regular abacus classes
25%OFF Till 25th June 2025
ADMISSION OPEN
Nursery to 11th
Near Toll Plaza, Bypass Road Ratahara, Rewa (M.P.) 486001
8827499434 9425999434
satyaacademyrewamp@gmail.com
satyaacademyrewa.in



SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY
CSU COLLEGE OF
PHARMACY | ENGINEERING
D. PHARMACY | POLYTECHNIC | B.TECH.
B. PHARMACY
BBA/ MBA | BCA /MCA | B.A. LL.B.
B.COM. LL.B. | BBA LLB. | LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस - ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com